जबलपुर

सोमवार, 3 मार्च 2025

- फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष -4
- वर्ष : 19, अंक : 298
- पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *


मौसम

अधि. 34

न्यून. 15


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित


समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




सोमनाथ महादेव का जलाभिषेक किया

## प्रयागराज में महाकुंभ के सफल आयोजन के बाद पीएम मोदी सोमनाथ पहुंचे



# सोमनाथ मंदिर में मार्कंडेय पूजा और ध्वज पूजा की

- सोमनाथ संस्कृत पाठशाला के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का जाप किया
- आज द्वारका और गिर जिलों का दौरा करेंगे

एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 3 दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात दौरे के दूसरे दिन रविवार को पीएम मोदी सोमनाथ मंदिर पहुंचे।

यहां प्रथम ज्योतिर्लिंग की पूजा अर्चना करने के बाद 27 करोड़ रुपए से तैयार किए गए हाईटेक मार्केट का उद्घाटन किया। पीएम सोमवार को जामनगर, द्वारका और गिर जिले में कई प्रोजेक्ट्स का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। पीएम मोदी ने सोमनाथ मंदिर में मार्कंडेय पूजा और ध्वज पूजा की। सोमनाथ मंदिर में विद्वानों ने शास्त्रीय मंत्रों के साथ प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया।

### आज जंगल सफारी का आनंद लेंगे पीएम

सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे। 'सिंह सदन' लौटने पर प्रधानमंत्री एनबीडब्ल्यूएल के पदेन अध्यक्ष के रूप में इसकी बैठक की अध्यक्षता करेंगे। एनबीडब्ल्यूएल में 47 सदस्य हैं, जिनमें सेना प्रमुख, विभिन्न राज्यों के सदस्य, इस क्षेत्र में काम करने वाले गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि, मुख्य वन्यजीव वार्डन और विभिन्न राज्यों के सचिव शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि बैठक के बाद पीएम मोदी सासन में कुछ महिला वनकर्मियों से भी बातचीत करेंगे।



ज्योतिर्लिंग की पूजा-अर्चना करते पीएम


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बालाघाट में बाघ की मौत, गले में मिला फंदा



**बालाघाट।** जिले के कटंगी वन परिक्षेत्र के कोड़मी बीट में एक बाघ का शव झाड़ियों के बीच मिला। प्रारंभिक जांच में पशु चिकित्सकों ने भूख-प्यास को बाघ की मौत की संभावित वजह बताया है। बाघ के गले में तार का फंदा लटका हुआ था, जिससे यह अंदाजा लगाया जा रहा है कि वह खुद को छुड़ाने की कोशिश में घायल हो गया।

### गुना: हाईवे से दुल्हन किडनैप, पांच अरेस्ट

**गुना।** रविवार को दिनदहाड़े एक दुल्हन का अपहरण हो गया। इस दौरान दूल्हे से मारपीट भी की।



दूल्हा, दुल्हन को लेकर अशोकनगर से राजस्थान के सवाई माधोपुर जा रहा था। इसी दौरान रूठियाई के पास गाड़ी रुकवाकर कुछ लोगों ने दुल्हन को अगवा कर लिया। 5 किडनैपरर्स की गिरफ्तार कर दुल्हन को बरामद किया गया है।

### पाताल में गए आकाश सभी पदों से हटाए गए

**लखनऊ।** रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया।



आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है। आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा।

**बड़ी सौगातें**

## किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा-किसानों की आय बढ़ाने और उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास जारी

# अब पांच रु. में मिलेगा किसानों को बिजली का 'स्थाई कनेक्शन'

किसानों को प्रति वर्ष 10 लाख कनेक्शन देने का अभियान जल्दी ही शुरू होगा

*डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों का पुष्प-वर्षा कर स्वागत अभिवादन किया। साथ ही साफा, गज माला, शॉल-श्रीफल और प्रतीक-चिन्ह के रूप में बैलगाड़ी एवं हल की प्रतिकृति भेंट कर अभिनंदन किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को प्रदेश के किसानों को कई बड़ी सौगातें दी। उन्होंने कहा कि किसानों को अब महज 5 रुपए में ही स्थाई बिजली कनेक्शन दिया जाएगा।तीन साल में तीन लाख किसानों को सोलर पंप और किसानों को प्रति वर्ष 10 लाख कनेक्शन देने का अभियान जल्दी ही शुरू होगा। किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार उनकी ओर से से सौर ऊर्जा से निर्मित बिजली खरीदी की भी पहल करेगी।

- किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली नकद खरीदी जाएगी
- गो-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपए के स्थान पर 40 रुपए का अनुदान
- मप्र जैविक खेती में अपनी विशेष पहचान करें स्थापित, जिला स्तर पर लगेंगे कृषि मेले

तीन साल में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराए जाएंगे



### आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे। वर्तमान समय की आवश्यकता के अनुसार वैश्विक स्तर पर उपलब्ध श्रेष्ठतम बीज किसानों को उपलब्ध कराए जाएंगे।

### मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 5 रुपए में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध की व्यवस्था मध्य क्षेत्र से तत्काल शुरू कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है।

### फसल चक्र में बदलाव करें

मुख्यमंत्री ने किसानों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मप्र अपनी अलग पहचान स्थापित करें। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टैक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपए का बोनस दिया जाएगा।

**माणा के पास हिमस्खलन में 54 मजदूर फंस गए थे**

# लापता चारों श्रमिकों के शव बरामद आठ की गई जान, 46 को बचाया

इसके साथ ही रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया



एजेंसी ▶▶ चमोली

शुक्रवार को भारत-चीन सीमा पर स्थित सीमांत जिले चमोली के माणा के पास भीषण हिमस्खलन में 54 मजदूर फंस गए थे। इसमें से आठ की जान चली गई।

माणा में लापता चारों श्रमिकों के शव रविवार को बरामद हुए हैं। इसके साथ ही रेस्क्यू अभियान पूरा हो गया है। 46 श्रमिकों को बचा लिया गया है।

**जीवित बचे लोगों ने सुनाई आपबीती**

### हम कंटेनर में थे, अचानक हिमस्खलन हुआ

जीवित बचे विजय पांडे ने कहा कि हम कंटेनर में थे जब हिमस्खलन हुआ और यह कंटेनर को बहा ले गया। हमने खुद को बर्फ में पाया। हममें से 9 लोग कंटेनर में थे, उनमें से 4 आर्मी अस्पताल में भर्ती हैं। मनोज भंडारी ने बताया कि यह इतना अचानक हुआ कि हमें कुछ पता ही नहीं चला। हमारे सभी कंटेनर नष्ट हो गए, क्योंकि यह एक भारी तूफान था। ऐसा मंजर मैंने पहले कभी नहीं देखा।

### अभी हमारे पास 46 मरीज

र्मी हॉस्पिटल में मेजर अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि अभी हमारे पास 46 मरीज हैं, इनमें से 3 गंभीर हैं इसमें से एक को लीवर में चोट आई हैं। खून का रिसाव हो रहा है उसको हमने मैनेज किया। अभी उनकी स्थिति ठीक है। हम सभी की स्थिति पर निगरानी कर रहे हैं अगर इलाज के लिए आगे भेजना होगा तो हम भेजेंगे।

**शेयर बाजार में धोखाधड़ी**

## पूर्व सेबी चीफ माधबी बुच और 5 अन्य पर होगी एफआईआर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुंबई की एक विशेष अदालत ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को शेयर बाजार में कथित धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के आरोप में पूर्व सेबी अध्यक्ष माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।



- मुंबई की अदालत का आदेश

मुंबई स्थित विशेष एसीबी अदालत के न्यायाधीश शशिकांत एकनाथराव बांगर ने कहा कि प्रथम दृष्टया विनियामकीय चूक और मिलीभगत के सबूत हैं, जिसकी निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि वह जांच की निगरानी करेगा और 30 दिनों के भीतर मामले की स्टेटस रिपोर्ट मांगी है।

**एनेस्थीसिया के साइड इफेक्ट की आशंका**

## डिलीवरी के बाद बेहोश हुईं 5 महिलाएं, चली गई मेमोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा

गांधी मेमोरियल अस्पताल में ऑपरेशन से डिलीवरी के बाद 20-25 आयु वर्ग की पांच महिलाएं बेसुध हो गईं। घटना गुरुवार की बताई जा रही है, लेकिन मामला अब चर्चा में है। शुरुआती जांच में एनेस्थीसिया की दवा बुपीवाकाइन के साइड इफेक्ट की आशंका जताई जा रही है।





बुपीवाकाइन दवा के सैंपल को कोलकाता जांच के लिए भेजा

दरअसल, पूरा मामला श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा का है। अस्पताल अधीक्षक डॉ. राहुल मिश्रा ने बताया कि सी-सेक्शन के जरिए प्रसव के बाद महिलाएं बेसुध हो गईं लेकिन उन्हें कोमा में जाने से बचा लिया गया, लेकिन हालत बिगड़ने के बाद आईसीयू में शिफ्ट करना पड़ा।

**गंभीर अवस्था में मिला पीड़ित**

## सेल्समैन ने मुफ्त में नहीं दी शराब तो कर लिया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले में एक शराब दुकान के सेल्समैन द्वारा बदमाशों को फ्री में शराब नहीं देने पर उसके साथ मारपीट कर उसका अपहरण कर लिया गया। हालांकि, काफी मुश्किलों के बाद सेल्समैन बदमाशों के चंगुल से छूटकर वापस आया है।



- तीन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

मामला दमोह के देहात थाना अंतर्गत नरसिंहगढ़ का है। रात करीब 11.15 बजे शराब दुकान पर छह लोग आए और उन्होंने शराब दुकान के सेल्समैन नीलेश राय से फ्री में शराब मांगी। जब नीलेश ने शराब देने से मना किया तो सभी बदमाश दुकान में घुस गए और उसके साथ मारपीट कर उसे जीप में उठाकर ले गए।

**नए पश्चिमी विक्षोभ से 7 मार्च के बाद बदलेगा मौसम**

## मुरैना जिले में ओले गिरे, पूरे प्रदेश में पारा गिरा, 4 दिन साफ रहेगा मौसम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



ओले गिरने से इन इलाकों में फसलें भी प्रभावित हुईं

राजधानी सहित प्रदेश के तापमान में बदलाव के साथ मौसम के अलग-अलग रंग दिख रहे हैं। रविवार रात को मुरैना जिले के कई ग्रामीण इलाकों में जहां बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं ग्वालियर और चंबल संभाग के आंचलिक हिस्सों में बादल और बौछारें पड़ीं हैं। ओले गिरने से इन इलाकों में फसलें भी प्रभावित हुई हैं।

रविवार रात से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हुआ है। इसके साथ ही पूरे प्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट का क्रम भी शुरू हो गया है। 6 मार्च तक मौसम आमतौर पर साफ रहेगा, इसके बाद फिर से बदलाव की उम्मीद है। प्रदेशभर में दिन और रात का पारा एक डिग्री तक गिरकर 32 डिग्री और रात का 17 डिग्री तक रहा। भोपाल में दिन का पारा दशमलव 4 डिग्री गिरकर 32.4 और रात का 1.7 डिग्री की कमी के साथ 16.2 डिग्री रहा।

**छेड़खानी की घटना मुक्ताईनगर के मेले में हुई**

## शर्मनाक! महाराष्ट्र के जलगांव में केंद्रीय मंत्री की बेटी से छेड़खानी

एजेंसी ▶▶ मुंबई/जलगांव



एफआईआर दर्ज कराने खुद थाने पहुंची केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे

महाराष्ट्र में पुणे रेप कांड के बाद अब केंद्रीय मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़खानी की घटना सामने आई है। खडसे पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में खेल राज्य मंत्री के कई अन्य विभाग संभाल रही हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे की बेटी के साथ छेड़खानी की घटना जलगांव में आने वाले मुक्ताईनगर के मेले में हुई। बेटी के साथ छेड़खानी की शिकायत के लिए खुद केंद्रीय राज्य मंत्री रक्षा खडसे को पुलिस थाने में जाना पड़ा। इस मुद्दे उनके ससुर और भाजपा के दिग्गज नेता रहे एकनाथ खडसे ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पुलिस ने शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यह घटना संत मुक्ताई यात्रा के दौरान हुई। केंद्रीय मंत्री की बेटी और उसकी सहेली सुरक्षा गार्ड के साथ कोथली गांव में शोभा यात्रा देखने गई थी।




## वन्यजीवों से संबंधित राष्ट्रीय स्तर के मुद्दों पर चर्चा की

# वनतारा पशु संरक्षण केंद्र को परखा, अंबानी परिवार रहा साथ

3 हजार एकड़ में फैला वनतारा रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। इसका उद्देश्य वन्यप्राणियो का संरक्षण व सुरक्षा है।

एजेंसी ▶▶ जामनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार सुबह गुजरात के जामनगर जिले में पशु बचाव, संरक्षण एवं पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। 3 हजार एकड़ में फैला वनतारा




रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के परिसर में स्थित है। यह वन्यजीवों के कल्याण के लिए समर्पित बचाव केंद्र है तथा दुर्व्यवहार और शोषण से बचाए गए पशुओं को अभयारण्य, पुनर्वास व चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है। वनतारा की अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी, उनकी पत्नी नीता, उनके बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे। वनतारा 200 से अधिक बचाए गए हाथियों का घर है पीएम मोदी गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम जामनगर पहुंचे। यहां सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम के बाद रविवार को उन्होंने रिलायंस फाउंडेशन के पशु बचाव और पुनर्वास केंद्र वनतारा का दौरा किया। इस दौरान प्रधानमंत्री गिर जिले में सासन गिर नेशनल पार्क भी जाएंगे और जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

**पीएम मोदी तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचे जामनगर**

उनके साथ रिलायंस के चेयरमैन मुकेश अंबानी, पत्नी नीता, बेटे अनंत और बहू राधिका भी थे।



### वनतारा की पहचान विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा के रूप में मिली

वनतारा पशुओं की आजीवन देखभाल, पुनर्वास और इलाज के लिए काम करता है। यह 3 हजार एकड़ में फैला है, जहां पर 240 से ज्यादा बचाए गए हाथी हैं। वनतारा की पहचान उसकी विश्व स्तरीय पशु चिकित्सा की वजह से बनी है। वनतारा में पशुओं के लिए विश्व स्तरीय हेल्थकेयर, अस्पताल, रिसर्च और एकेडमिक सेंटर हैं।

### शनिवार शाम जामनगर पहुंचे

प्रधानमंत्री मोदी गुजरात यात्रा के दौरान कई कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए शनिवार शाम यहां पहुंचे। जामनगर वायुसेना स्टेशन पर उनके पहुंचते ही उनकी एक झलक पाने के लिए लोग सड़कों पर उमड़ पड़े। पीएम मोदी गिर वन्यजीव अभयारण्य के मुख्यालय सासन में राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की बैठक की अध्यक्षता भी करेंगे। आज सासन में रात्रि विश्राम के बाद पीएम मोदी सोमवार को जंगल सफारी का आनंद लेंगे।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा चुनाव में 46% वोटिंग, नतीजे 12 को


**चंडीगढ़।** हरियाणा में 9 नगर निगम समेत 40 निकायों के लिए रविवार को वोटिंग हुई। चुनाव



आयोग के मुताबिक 6 बजे तक 46 फीसदी वोटिंग हुई है। इसमें बदलाव संभव है। रोहतक में झड़प को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान शांतिपूर्वक हुआ है। सबसे अधिक फतेहाबाद में 84.6 और सबसे कम 26.4 फीसदी मतदान सोनीपत में हुआ।

### रमजान पर पीएम मोदी और राहुल ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र महीना 'रमजान' शुरू हो गया है। शनिवार शाम चांद दिखने



के बाद 'रमजान' के पवित्र महीने का रविवार से आगाज हुआ। प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को 'रमजान' की बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा किरमजान का पवित्र महीना शुरू हो रहा है। यह समाज में शांति और सद्भाव लेकर आएगा। राहुल गांधी ने भी बधाई दी है।

### नए सूटकेस में ठूंसकर डाली थी महिला की लाश

**रोहतक।** यहां के सांपला बाइपास पर कांग्रेस की युवा महिला कार्यकर्ता का सूटकेस में मिला शव



कई बड़े सवाल उठा रहा है। इसमें युवती की हत्या के बाद शव को सांपला ले जाकर फेंकना अपने आप में बड़ा सवाल है। यह काम किसी एक व्यक्ति का न होकर इसमें कई लोगों के शामिल होने का अंदेशा है।शव के लिए नया सूटकेस खरीदना भी मामले को गंभीर बनाता है।

### झांसी में पेट्रोल पंप पर विस्फोट, 3 कर्मी झुलसे

**झांसी।** इलाइट-चित्रा मार्ग पर स्थित एक पेट्रोल पंप पर रविवार दोपहर अचानक धमाका हो गया।



ब्लास्ट से 3 कर्मचारी झुलस गए। एक कर्मचारी की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद पंप पर भगदड़ मच गई। घटना उस समय हुई, जब पेट्रोल पंप के सीएनजी पंप पर मशीन को लगाने का काम चल रहा था। गैस रिसाव होने के बाद यह धमाका हो गया।

### हम निकम्मे थे, हमने कुछ नहीं किया: राय

**नई दिल्ली।** आप के नेता गोपाल राय ने रविवार को दिल्ली सरकार की 15 साल से ज्यादा पुराने वाहनों



को ईंधन न देने की नीति पर बयान दिया। उन्होंने आप सरकार के कार्यकाल में किए गए कामों को गिनाया। साथ ही उन्होंने भाजपा की नई नीति पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा कि हम स्वीकार कर सकते हैं कि हम निकम्मे थे। हमने कुछ नहीं किया।

## बसपा में घमासान: सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला लेकर किया 'समाधान'

# आकाश आनंद को सभी पदों से हटाकर उनके भाइयों को बना दिया 'नेशनल कोआर्डिनेटर'

### आकाश के ससुर अशोक के निष्कासन के बाद यह बड़ी कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कभी राज करने वाली बसपा में आज घमासान चल रहा है। रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने बड़ा फैसला सुनाया। उन्होंने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटा दिया। आकाश के ससुर अशोक सिद्धार्थ के निष्कासन के बाद उनका यह दूसरा बड़ा फैसला है।

विशेष बात यह है कि आकाश के भाई आनंद कुमार और रामजी गौतम को बड़ी जिम्मेदारी दी। दोनों को नेशनल कोआर्डिनेटर बनाया गया है। इस मौके पर मायावती ने कहा कि अब मेरे जिंदा रहने तक कोई उत्तराधिकारी नहीं होगा। पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि अब मैंने खुद भी यह फैसला लिया है कि मेरे जीते जी व मेरी आखिरी सांस तक भी अब पार्टी में मेरा कोई भी उत्तराधिकारी नहीं होगा। जिस फैसले का पार्टी के लोगों ने दिल से स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए पार्टी व मूवमेन्ट पहले है। भाई-बहन व उनके बच्चे तथा अन्य रिश्ते नाते आदि सभी बाद में हैं।

**मेरे जिंदा रहने तक कोई नहीं होगा उत्तराधिकारी**

पार्टी और मूवमेंट के हित में रिश्ते नातों का कोई महत्व नहीं



### गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही करेंगे रिश्ता

मायावती ने कहा कि आनंद कुमार के बारे में मैं यह भी अवगत कराना चाहती हूं कि वर्तमान में बदले हुए हालात में पार्टी व मूवमेंट के हित में अब इन्होंने अपने बच्चों का रिश्ता भी गैर-राजनैतिक परिवार के साथ ही जोड़ने का फैसला लिया है ताकि अशोक सिद्धार्थ की तरह अब आगे कभी भी अपनी पार्टी को किसी भी प्रकार से कोई नुकसान आदि न हो सके।

### सिद्धार्थ पर जमकर बरसीं

मायावती ने कहा कि अशोक सिद्धार्थ को, जो आकाश के ससुर भी हैं, उसे अब पार्टी व मूवमेन्ट के हित में पार्टी से निकाल कर बाहर किया है जिसने उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में पार्टी को दो गुटों में बांटकर इसे कमजोर करने का घिनौना कार्य किया है, जो कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। यह सब उनकी लड़के की शादी में भी देखने के लिए मिला है। जहां तक इस मामले में आकाश आनन्द का सवाल है तो आपको यह मालूम है कि अशोक सिद्धार्थ की लड़की के साथ इनकी शादी हुई है। अब अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकालने के बाद उस लड़की पर अपने पिता का कितना प्रभाव पड़ता है तथा आकाश पर भी उसकी लड़की का कितना प्रभाव पड़ता है तो यह सब भी अब हमें काफी गम्भीरता से देखना होगा जो अभी तक कतई भी पॉजिटिव नहीं लग रहा है।

### अशोक को जिम्मेदार ठहराया

ऐसे में पार्टी व मूवमेंट के हित में आकाश आननंद को पार्टी की सभी जिम्मेदारियों से अलग कर दिया गया है। जिसके लिए पार्टी नहीं बल्कि पूर्ण रूप से इसका ससुर अशोक सिद्धार्थ ही जिम्मेदार है, जिसने पार्टी को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ आकाश के राजनीतिक कैरियर को भी खराब कर दिया है।

### पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए

इसी परिपेक्ष्य में उन्होंने पार्टी के लोगों को यह भी विश्वास दिलाया है कि जब तक मैं जिंदा रहूंगी तो तब तक मैं अपनी आखिरी सांस तक भी अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा से पार्टी को आगे बढ़ाने का हर संभव पूरा-पूरा प्रयास करती रहूंगी। उन्होंने समीक्षा के दौरान कमियों को दूर करके आगे के पार्टी कार्यक्रमों के लिए जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए।

### सपा-भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू

बसपा सुप्रीमो ने मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव नहीं लड़ने के फैसले के बावजूद समाजवादी पार्टी की हार का उल्लेख करते हुए कहा कि अब इसके लिए सपा किसको जम्मिदार ठहराएगी क्योंकि पिछले उपचनुाव में पार्टी की हार के लिए सपा ने बसपा को जिम्मेदार ठहराने का मिथ्या प्रचार किया था। जबकि कुल मिलाकर, सपा और भाजपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और भाजपा व अन्य जातिवादी पार्टियों को केवल आंबेडकरवादी नीति व सिद्धांत वाली बसपा ही पराजित कर सकती है, यह बात पूरे देश के सर्वसमाज के लोगों को जरूर समझना चाहिए।

## सरमा का राहुल और ममता पर निशाना

# हिंदुओं को मुसलमान-ईसाई से नहीं, लेफ्ट लिबरल से खतरा



### वे खुद खत्म हो जाएंगे पर हिंदू धर्म नहीं

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को मुसलमान और ईसाई से नहीं, बल्कि लेफ्ट लिबरल से खतरा है। हिमंत ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुछ लोगों का भाषण जब मैं सुनता हूं तो वे समझते हैं कि जब से हमने संविधान को स्वीकार किया तब से भारत वर्ष की शुरुआत हुई, पर ऐसा बिलकुल भी नहीं है।

भारत एक सभ्यता है जो 5000 वर्ष पुरानी है। औरंगजेब जिसने प्रण किया था कि वह हिंदू धर्म को खत्म करेगा, हिंदू धर्म को खत्म नहीं कर पाया, लेकिन खुद खत्म हो गया। अगर राहुल और ममता सोचते हैं कि हिंदू खत्म हो जाएगा तो मैं तो कहूंगा आप खत्म हो जाएंगे हिंदू धर्म नहीं।

### 2014 के पहले तो हालात गंभीर थे

धीरे-धीरे लेफ्ट और लिबरल लोगों ने इस देश को घेर लिया था, फिर ऐसे ही लोगों को पद्मश्री मिली जो खासकर हिंदुओं के खिलाफ बोलती थी। 2014 तक ऐसा लगा कि देश अब उबर नहीं पाएगा। इतने स्कैम हुए हिंदुओं को कटघरे में खड़ा किया गया और कहा गया कि हिंदू मत बोलो सेकुलर बोलो और देश के प्रधानमंत्री ने यहां तक बोला कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार माइनॉरिटी का होगा, लेकिन यदा-यदा ही धर्मस्य और हमारे पास मोदी आए। मैं नहीं मानता कि मुसलमान और ईसाई से हिंदुओं को खतरा है। मैं ऐसा कभी नहीं मानता। दरअसल, ये दोनों भारत में अल्पसंख्यक हैं। हिंदुओं को खतरा खुद हमारे समाज से है।

### हिंदुओं को कमजोर किया जा रहा

मैं मानता हूं कि हमें सबसे ज्यादा खतरा है लेफ्ट और लिबरल लोगों से है। ये जो बंगाल की आज हालत है। हिंदुओं को यहां कमजोर किया गया। ममता को तो यह विरासत में मिला, लेकिन इसके लिए जिम्मेदार तो लेफ्ट और लिबरल है और आज इस विरासत का ट्रीटमेंट उनको मिल रहा है, मेरी उनसे संवेदना है। आपने हिंदुओं को गोमांस खाना सिखाया, लेकिन आप भूल गए कि हमारे पूर्वज अगर गाय का दूध नहीं पीया होता तो आज हमारा जन्म नहीं होता। मैं हमेशा मानता हूं कि जब तक भारत ने हिंदू सुरक्षित रहेगा, तब तक अन्य धर्म भी सुरक्षित रहेंगे।

## तेलंगाना में सुरंग में फंसे लोगों को निकालने की जद्दोजहद

आज कन्वेयर बेल्ट की हो जाएगी मरम्मत

# गाद हटाने के प्रयास तेज, यहां कर्मियों और उपकरणों की तैनाती भी बढ़ाई गई

### कीचड़ और मलबा हटाने में हो रही दिक्कत

एजेंसी ▶▶ 000

तेलंगाना में सुरंग में फंसे लोगों को निकालने के प्रयास जारी हैं। अब गाद हटाने के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। कर्मियों और उपकरणों की तैनाती बढ़ा दी है। क्षतिग्रस्त कन्वेयर बेल्ट को भी ठीक किया जा रहा है और सोमवार तक मरम्मत होने की उम्मीद है। इसके बाद ही सुरंग से कीचड़ और मलबा हटाना आसान हो जाएगा, जिससे लापता लोगों को ढूंढने में भी आसानी होगी।



### सुरंग में फंसे 4 लोगों के बारे में पता चला

शनिवार को बचाव अभियान में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली, जब सुरंग के अंदर फंसे 8 में से 4 लोगों का पता चला। राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने ग्राउंड पेनेट्रेटिंग रडार का उपयोग किया और 4 लोगों की स्थिति के बारे में पता लगाया।सोमवार को अहम खबर मिल सकती है।

**बचाव अभियान में बड़े पैमाने पर जुटे कर्मचारी :** बचाव अभियान में 18 संगठन, 54 अधिकारी और 703 कर्मी लगे हुए हैं। 22 फरवरी से श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल सुरंग की छत ढह जाने से उसमें 8लोग फंस गए थे। इन्हीं 8 लोगों को सुरक्षित निकालने का अभियान चल रहा है।

# भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशक नहीं, घरेलू निवेशक 'तय' करेंगे

### उद्योग छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें, बाजार में अनावश्यक उतार-चढ़ाव को कम करें

**केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने कहा**

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में शामिल हुए गोयल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत का आर्थिक भविष्य विदेशी संस्थागत निवेशकों के बजाय घरेलू निवेशकों के योगदान से तय होगा। उन्होंने इंडस्ट्री से कहा, वे छोटे निवेशकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें और बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने पर ध्यान दें। मुंबई में एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया समिट में गोयल ने यह बात कही।

### घरेलू निवेशकों की अहम भूमिका



गोयल ने जोर दिया कि म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री ने वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दिया है और देशभर में निवेशकों तक नए वित्तीय विचारों को पहुंचाया है। उन्होंने करोना जैसे कामों पर घरेलू निवेशकों की भूमिका की सराहना की।

### बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें

गोयल ने म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री से आग्रह किया कि वे छोटे और नए निवेशकों को बाजार की वास्तविकताओं के बारे में सही जानकारी दें। अनिश्चितता और गलत सूचनाएं कई बार निवेशकों को भ्रमित कर सकती हैं, इसलिए म्यूचुअल फंड कंपनियों को जिम्मेदारीपूर्वक निवेशकों का मार्गदर्शन करना चाहिए। निजी कंपनियों के निवेश से देश को मजबूती मिल रही है।

## गृहमंत्री शाह ने नशे के खिलाफ अभियान और तेज किया

# 29 नशा तस्करों को मिली सजा, किसी को नहीं छोड़ेंगे

### मोदी सरकार नशा तस्करों के खिलाफ कोई भी नरमी नहीं बरतेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को घोषणा की कि सरकार देश से नशे के कारोबार को खत्म करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि 12 अलग-अलग मामलों में 29 नशा तस्करों को सजा दी गई है। यह कार्रवाई सरकार की सख्त जांच प्रक्रिया और प्रभावी रणनीति का नतीजा है। शाह ने एक्स पर लिखा कि मोदी सरकार नशा तस्करों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतेगी। उन्होंने कहा,ये तस्कर हमारे युवाओं को नशे की लत में डालकर सिर्फ पैसे कमाने के लिए उनका जीवन बर्बाद करते हैं।

दिल्ली में सीएम के साथ भी की बैठक



### केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर करेंगी काम

सरकार और राज्य प्रशासन मिलकर नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कस रहे हैं। मणिपुर पर समीक्षा बैठक में गृह मंत्री ने कहा कि राज्य में ड्रग कार्टेल (नशा माफिया) को पूरी तरह खत्म किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मणिपुर को नशामुक्त राज्य बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। गृह मंत्री ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री आशीष सूद के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की।

### पंजाब और हिमाचल में छापेमारी

पंजाब में पुलिस ने 290 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया। 750 से ज्यादा जगहों पर छापेमारी की और 232 एफआईआर दर्ज की। हिमाचल प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने 6 महीने का विशेष अभियान शुरू किया है, जिसमें पुलिस को नशा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### प्लान तैयार, लॉरेंस और गोल्डी तक सभी निशाने पर

जेल में भी बंद अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी। अपराधियों की संपत्ति कुर्क भी की



जा सकती है। कई ऐसे गैंगस्टर हैं, जो रिमोट से भारत में क्राइम को अंजाम देते हैं। गैंगस्टर की भी पहचान की जा रही है। गैंगस्टर्स में गोल्डी बराड़, गैंगस्टर साहिल हिमांशु भाऊ, गैंगस्टर हिमाशु भाऊ, लकी पटियाला, लॉरेंस बिश्नोई, कौशल चौधरी, जग्गू भगवानपुरिया, जग्गा धुरकोट पर शिकंजा कसने की तैयारी है।

## मीरा बीघा टैंपल सिटी में बोले लालू

# निशांत राजनीति में आएंगे सरकार तेजस्वी की बनेगी

एजेंसी ▶▶ जहानाबाद

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव रविवार को अपने करीबी सहयोगी रहे दिवंगत डॉ. चंद्रिका प्रसाद यादव की श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने जहानाबाद जिले के मीरा बीघा टेंपल सिटी पहुंचे। इस दौरान उन्होंने तेजस्वी यादव के नेतृत्व में 2025 में बिहार में सरकार बनने का दावा किया और कहा कि जनता का पूरा समर्थन राजद के साथ है। जब उनसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने को लेकर सवाल किया गया, तो



उन्होंने संक्षिप्त जवाब में कहा कि हां, आ रहे हैं। जब सी-वोटर सर्वे को लेकर लालू से सवाल किया गया, तो उन्होंने आत्मविश्वास के साथ कहा कि 2025 में बिहार में तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जनता मौजूदा सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है और बदलाव चाहती है। बिहार की जनता अब एक नई सरकार चाहती है।

तब विकसित राष्ट्र विकासशील देशों को उच्च टैरिफ देने पर सहमत हुए थे

# थिंक टैंक जीटीआरआई ने कहा-भारत के टैरिफ डब्ल्यूटीओ के अनुरूप, सरकार को ये बात अमेरिका को बतानी चाहिए

*ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने रविवार को कहा कि भारत के आयात शुल्क वैश्विक व्यापार नियमों के अनुरूप हैं और सरकार को अमेरिकी प्रशासन को यह बताना चाहिए। इसने यह भी कहा कि अमेरिका के साथ एक व्यापक मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना कई चुनौतियों को प्रस्तुत करता है। जीटीआरआई ने ये भी कहा है कि अमेरिका के साथ मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत करना भारत के लिए कई चुनौतियां ला सकता है।

साल 1995 में जब डब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी



### ट्रंप लगा चुके हैं ज्यादा टैरिफ का आरोप

*थिंक टैंक ने कहा कि मुक्त व्यापार समझौते में अमेरिका भारत पर, अमेरिकी फर्मों के लिए सरकारी खरीद खोलने, कृषि सब्सिडी कम करने, पेटेंट सुरक्षा को कमजोर करने और डाटा प्रवाह पर प्रतिबंध हटाने के लिए दबाव डाल सकता है। भारत दशकों से इन मांगों का विरोध करता रहा है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कई बार भारत पर उच्च टैरिफ वसूलने का आरोप लगाया है और वे भारत को टैरिफ का दुरुपयोग करने वाला देश भी कह चुके हैं। बता दें कि टैरिफ एक आयात शुल्क है, जो सरकार द्वारा विदेशी सामान पर लगाया जाता है।*



### डब्लूटीओ नियमों को अनदेखा कर रहे हैं ट्रंप

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव के संस्थापक अजय श्रीवास्तव का कहना है कि भारत द्वारा जो टैरिफ लगाए जाते हैं, वे डब्ल्यूटीओ के ही अनुरूप हैं। इन्हें साल 1995 में अमेरिका सहित सभी देशों ने मंजूर किया था। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा भारत पर टैरिफ को लेकर जो आरोप लगाए जा रहे हैं, उन्हें लेकर भारत को अमेरिका के सामने अपना पक्ष स्पष्ट करने की जरूरत है। 166 सदस्यों वाला डब्लूटीओ फोरम एकमात्र अंतरराष्ट्रीय निकाय है जो सदस्यों देशों के बीच व्यापार के नियम तय करता है। साल 1995 में जब डब्ल्यूटीओ की स्थापना हुई थी, तब विकसित राष्ट्र, विकासशील देशों को उच्च टैरिफ देने पर सहमत हुए थे। उन्होंने कहा कि भारत के उच्च टैरिफ के बारे में बात करते समय ट्रंप, डब्ल्यूटीओ के नियमों को आसानी से भूल जाते हैं। जीटीआरआई ने कहा कि अमेरिका द्वारा उच्च शुल्क लगाने की धमकी से निपटने के लिए भारत के पास सबसे अच्छे विकल्प हैं कि अमेरिका को अधिकांश औद्योगिक वस्तुओं पर शून्य टैरिफ की पेशकश करना या फिर बिना किसी प्रतिशोध के नए अमेरिकी टैरिफ को स्वीकार करना।

## खबर संक्षेप

### आज अमेरिका के लिए रवाना होंगे पीयूष गोयल


**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की वॉशिंगटन यात्रा सोमवार से शुरू होगी। एक अधिकारी ने कहा



कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना बना रहे हैं, और गोयल की यात्रा इसी सिलसिले में होगी। अधिकारी ने कहा कि यह यात्रा तीन मार्च से शुरू होगी और मंत्री शुक्रवार तक अमेरिका में रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हाल की वाशिंगटन यात्रा के दौरान, भारत और अमेरिका ने 2030 तक आपसी व्यापार को दोगुना से अधिक कर 500 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की बात कही थी।

### 5वीं बार फोर्ब्स की लिस्ट में कमाऊ एक्टर बने जॉनसन

**न्यूयॉर्क।** फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने



वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता ने पहली बार 2016 में 64.5 मिलियन डॉलर की कमाई के साथ इस सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

यूक्रेन के साथ शांति समझौते पर काम करेंगे ब्रिटेन और फ्रांस

# अमेरिका के खिलाफ एकजुट हुआ यूरोपः 27 देश मिल बैठकर तय करेंगे आगे की रणनीति

- जर्मनी, फ्रांस, इटली समेत 27 देशों के नेता बैठक में शामिल होंगे
- यूरोपीय शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहे स्टार्मर

एजेंसी ▶▶ लंदन

व्हाइट हाउस से अपमानित होकर सीधे लंदन पहुंचे यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की शाही अंदाज में स्वागत करते हुए ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने उन्होंने हाथों हाथ लिया। साथ ही आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया और कहा कि ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने रविवार को कहा कि ब्रिटेन और फ्रांस यूक्रेन के साथ एक शांति समझौते पर काम करेंगे और फिर इस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने इसे शुक्रवार को व्हाइट हाउस में हुई तीखी बहस के बाद सही दिशा में एक कदम बताते हुए कहा कि यूक्रेन के समर्थन में यूरोपीय नेताओं की आपात बैठक बुलाई है। इसमें जर्मनी, फ्रांस, इटली समेत 27 देशों के नेता भाग लेंगे। इसी बैठक में आगे की रणनीति तय करेंगे।

बैठक में दोनों देशों की होगी समीक्षा कौन सही कौन गलत



### ट्रंप 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान कर चुके हैं

वहीं ईयू (यूरोपीय यूनियन) के उपाध्यक्ष काजा कलास का कहना है कि 'फ्री वर्ल्ड' को अब नए नेता ( ट्रंप नहीं) की जरूरत है। यानी ईयू अब यूक्रेन जंग के नाम पर अमेरिका से अपने संबंधों को कम करने की कोशिशों में आगे बढ़ेगा। वैसे भी ट्रम्प ईयू पर 25% टैरिफ का ऐलान कर चुके हैं। पीएम स्टार्मर ने डाउनिंग में जेलेंस्की की मेजबानी की और फिर मैक्रों व ट्रंप दोनों को फोन किया ताकि यूक्रेन के लिए एकजुटता दिखा सकें और वॉशिंगटन व कीव के बीच तनावपूर्ण संबंधों को सुधार सकें। स्टार्मर यूरोपीय नेताओं के साथ लंदन में एक रक्षा शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेंगे। इस शिखर सम्मेलन में फ्रांस, जर्मनी, डेनमार्क, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, पोलैंड, स्पेन, कनाडा, फिनलैंड, स्वीडन, चेक गणराज्य और रोमानिया के नेता भी शामिल होंगे। तुर्की के विदेश मंत्री, नाटो महासचिव और यूरोपी आयोग व यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष भी इसमें शामिल होंगे।

### नाटो के खात्मे की शुरुआत, यूक्रेन को अमेरिकी मदद पर रोक

नाटो के खात्मे की शुरुआत हो सकती है। ट्रंप नाटो से अमेरिका के हटने की बात कह चुके हैं। ट्रम्प का आरोप है यूरोपीय देश अपने कोटा का खर्च नाटो में नहीं करते हैं। अमेरिका के नाटो छोड़ने की आशंका पर देर रात नाटो चीफ मार्क रूटे ने कहा, जेलेंस्की को ट्रम्प के साथ संबंध सुधारने चाहिए। ट्रंप पलटवार करने वाले नेता माने जाते हैं। वे यूक्रेन को अमेरिकी मदद पर रोक का फैसला कर सकते हैं। वैसे ट्रंप का दावा है कि अमेरिका यूक्रेन को साढ़े 10 लाख करोड़ रु. की मदद दे चुका। जबकि आंकड़ों के अनुसार यूरोप अब तक यूक्रेन को 12 लाख करोड़ रु. से ज्यादा की मदद दे चुका है।

यूक्रेन को मदद

#### यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया

ब्रिटेन ने यूक्रेन को 24 हजार करोड़ का लोन दिया। इसके लिए शनिवार को ब्रिटिश पीएम स्टार्मर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने समझौते पर साइन किए। रिपोर्ट के मुताबिक इस लोन को जी-7 देशों की एक्स्ट्रा-ऑर्डिनरी रेवन्यू एक्सीलरेशन पहल के तहत दिया गया है। इस लोन का इस्तेमाल यूक्रेन के जरूरी हथियार खरीदने में किया जाएगा। पिछले साल अक्टूबर में जी-7 देशों ने यूक्रेन को 50 बिलियन डॉलर यानी 4.3 लाख करोड़ रुपए की मदद देने का वादा किया था।

#### यूक्रेन को सपोर्ट के मुद्दे पर दो देश सहमत नहीं

*यूक्रेन के सपोर्ट के मुद्दे पर यूरोपियन यूनियन (ईयू) के अंदर भी दरार नजर आ रही है। स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको का कहना है कि वो यूक्रेन को आर्थिक और सैन्य तौर पर मदद नहीं देंगे। यूक्रेन कभी भी सैन्य ताकत के दम पर रूस को बातचीत के टेबल पर नहीं ला पाएगा। इससे पहले हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान ने भी जेलेंस्की के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का सपोर्ट किया है। व्हाइट हाउस में दोनों के बीच हुई बहस के बाद उन्होंने ट्रंप को मजबूत और जेलेंस्की को कमजोर कहा था। उन्होंने ट्रंप का धन्यवाद भी किया था।*

दूसरी चरण की बातचीत बाकी

## इजराइल ने गाजा में राहत सामग्री की आपूर्ति व मदद पर रोक लगाई

रमजान में यह निर्णय पर हो रही निंदा



एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल ने रविवार को गाजा पट्टी में सभी तरह की राहत सामग्री की आपूर्ति और मानवीय सहायता पर रोक लगाने के साथ चेतावनी दी कि यदि हमास ने संघर्ष विराम के विस्तार के लिए अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया तो उसे अतिरिक्त परिणाम भुगतने होंगे।

हमास ने इजराइल पर नाजुक संघर्ष विराम समझौते को पटरी से उतारने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सहायता बंद करने का उसका फैसला जबरन वसूली का घटिया हथकंडा, युद्ध अपराध और (संघर्ष विराम) समझौते पर हमला है।

इजराइल-हमास के बीच संघर्ष विराम का पहला चरण शनिवार को समाप्त हो गया। इसमें मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल थी। दोनों पक्षों के बीच अभी दूसरे चरण पर बातचीत होनी बाकी है।

20 अप्रैल 25 तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में

### सहायता रोकने के पीछे ट्रंप की सलाह

*जिसमें इजराइल के अपनी सेना वापस बुलाने और स्थायी युद्ध विराम के बदले में हमास दर्जनों शेष बंधकों को रिहा करेगा। एक इजराइली अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि सहायता निलंबित करने का निर्णय ट्रंप प्रशासन के समन्वय से लिया गया है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कार्यालय ने रविवार सुबह कहा कि इजराइल 'पासओवर' या 20 अप्रैल तक संघर्ष विराम को आगे बढ़ाने के पक्ष में है। इसने कहा कि यह प्रस्ताव अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के पश्चिम एशिया के दूत स्टीव विटकॉफ की ओर से आया है। नेतन्याहू के कार्यालय के मुताबिक, प्रस्ताव के तहत आधे बंधकों को, चाहे वे जीवित हों या मृत, पहले दिन छोड़ा जाएगा और अगर स्थायी युद्ध विराम पर सहमति बन जाती है तो बाकी को रिहा कर दिया जाएगा।*

### मिस्र ने इजराइल के फैसले की निंदा की

*मिस्र ने गाजा पट्टी पर पूर्ण घेराबंदी करने के इजराइल के फैसले की निंदा की है और उस पर भुखमरी को हथियार के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। मिस्र के विदेश मंत्री बद्र अब्देलती ने रविवार को इजराइल-हमास युद्धविराम के अगले चरण के तत्काल कार्यान्वयन का आह्वान किया। मिस्र ने हमास-इजराइल के बीच युद्धविराम के लिए प्रमुख मध्यस्थ के रूप में काम किया है।*

जूते चप्पल वापस लेने के लिए 5 किमी की दूरी

## अयोध्या में भक्तों के लावारिस हुए जूते-चप्पल बने बड़ी समस्या

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में भक्तों की उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए व्यवस्थागत बदलाव के चलते राम मंदिर के प्रवेश द्वार के पास करीब एक महीने से रोजाना बड़ी संख्या में लावारिस जूते-चप्पल एकत्र हो रहे हैं। नगर निगम पहले ही वहां से बड़ी संख्या में जूते-चप्पल हटा चुका है।

ये जूते-चप्पल तीर्थयात्रियों के हैं, जिन्होंने इन्हें राम पथ पर स्थित मुख्य प्रवेश द्वार गेट संख्या एक पर उतार दिया था। शुरुआत में, लगभग आधा किलोमीटर का गोलाकार मार्ग पूरा करने के बाद, तीर्थयात्री उसी



द्वार (गेट संख्या एक) से बाहर निकलते थे और अपने जूते-चप्पल लेते थे।

हालांकि, बढ़ती भीड़ के कारण, अयोध्या प्रशासन ने गेट संख्या तीन और अतिरिक्त द्वारों के माध्यम से निकास को पुनर्निर्देशित किया।

### मादक पदार्थः नेपाल पुलिस ने दो भारतीयों को पकड़ा

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में दो भारतीयों समेत तीन लोगों को रविवार को नेपालगंज से गिरफ्तार किया। नेपाल पुलिस ने बताया कि भारत के कोलकाता निवासी जियाउल हक शेष (38) और किशोर (18), नेपालगंज निवासी नफीस मोहम्मद कबाडिया को गिरफ्तार कर उनके पास से ट्रामाडोल नामक मादक पदार्थ की 5,000 गोलियां बरामद की। इसमें बताया गया कि जायसपुर पुलिस थाने से भेजी गई पुलिस की एक टीम ने भारत से नेपाल की ओर जा रही एक भारतीय नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल की जांच के दौरान तीनों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

नासा ने किया ऐलान

## मार्च के आखिरी सप्ताह में सुनीता की होगी वापसी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बैरी विल्मोर को लेकर अच्छी खबर सामने आई है। सुनीता विलियम्स और बैरी विल्मोर अंतरिक्ष से जल्द ही पृथ्वी पर वापसी होने वाली है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि करते हुए कहा कि सुनीता विलियम्स और विल्मोर मार्च 2025 के आखिरी में पृथ्वी पर वापस आएंगे। नासा के दोनों अंतरिक्ष यात्री आठ महीने से ज्यादा समय से अन्तरराष्ट्रीय अन्तरिक्ष स्टेशन पर फंसे हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सुनीता और बैरी विल्मोर की वापसी पहले जल्दी होने वाली थी, लेकिन मिशन के पुनर्निर्धारण और तकनीकी समस्याओं की वजह से इनमें देरी हुई है। क्रू-10 मिशन के आने से उनकी वापसी जुड़ी है।

महाकुंभ में 54 हजार से अधिक श्रद्धालु हुए गुम

## हाईटेक खोया-पाया केंद्र और शिविरों ने बिछड़ों को मिलाया



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

प्रयागराज महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। इस दौरान कुल 54,357 लोग अपने परिवारों से बिछड़ गए।

योगी सरकार द्वारा स्थापित डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने 35 हजार से अधिक श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाया। मकर संक्रांति पर्व पर 598, मौनी अमावस्या के दौरान 8,725 और बसंत पंचमी पर 864 लोगों को उनके परिवारों से मिलाया गया। अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में 24,896 लोगों का पुनर्मिलन कराया गया। पुलिस ने भी देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं को उनके परिवारों से मिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महाकुंभ में खोए हुए लोगों की मदद के लिए योगी सरकार की यह डिजिटल पहल बेहद कारगर साबित हुई। इस तरह कुंभ के दौरान कुल 35,083 लोगों को उनके परिजनों से मिलाया गया।

### महाकुंभ के आखिरी दिन 19,274 को मिलाया

इनमें सबसे पुराना भारत सेवा केंद्र एवं हेमवती नंदन बहुगुणा स्मृति समिति भी शामिल हैं। भारत सेवा केंद्र के भूले भटकों के शिविर के संचालक उमेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, महाकुंभ के समापन तक शिविर ने 19,274 बिछड़े महिला और पुरुष को अपनों से मिलाया।

लैंडर अब लगातार मानव मिशन के लिए डेटा जुटाकर देता रहेगा फीडबैक

# ब्लू घोस्ट लैंडर चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरा, मानव मिशन की तैयारी

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अंतरिक्ष की दुनिया में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि जुड़ गई। अमेरिका की निजी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट लैंडर' रविवार को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतर गया।

मिशन का उद्देश्य भविष्य के मानव मिशनों की तैयारी के लिए चंद्रमा पर आवास, संसाधन और जलवायु अध्ययन के लिए डाटा जुटाना है। यह नासा के लिए 10.1 करोड़ डॉलर यानी लगभग 884 करोड़ रुपए की लागत से खास उपकरण लेकर गया है।

**खास बातें**

- चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाली बनी दूसरी निजी कंपनी
- चांद पर उतरने के बाद ब्लू घोस्ट ने ली पहली तस्वीर



चंद्रमा की सतह से ली तस्वीर धरती पर भेजी

*चंद्रमा पर लैंड करने के बाद ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह से ली गई अपनी पहली तस्वीर भेजी है, जो जबर्दस्त है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा पहली सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि स्नैपशॉट में ब्लू घोस्ट की सभी खूबियाँ समाहित हैं। साहसिक महत्वाकांक्षा, अजेय प्रेरणा और नवाचार की भावना।*

### 15 जनवरी को लॉन्च हुआ था मिशन

इस मिशन को फ्लोरिडा से जनवरी के बीच में लॉन्च किया गया था। ये लैंडर नासा के लिए चंद्रमा पर 10 प्रयोग करेगाण। स्पेस एजेंसी नासा ने लैंडर की डिलीवरी के लिए 101 मिलियन डॉलर और बोर्ड पर मौजूद विज्ञान और तकनीक के लिए 44 मिलियन डॉलर का भुगतान किया है। ये नासा के वाणिज्यिक चंद्र डिलीवरी कार्यक्रम के तहत तीसरा मिशन है। इसके साथ एक जापानी कंपनी आई स्पेस पेंचबमद्ध का तीसरा लैंडर भी भेजा गया है जो मई के महीने में चंद्रमा की सतह पर लैंड करेगा।

#### यान में लगी ड्रिल नापेगी तापमान

चांद पर भेजे गए इस मिशन में एक खास वैक्यूम उपकरण लगाया गया था जो वहां की मिट्टी को विश्लेषण के लिए सुरक्षित रखता है इसके इस यान में एक ड्रिल भी लगाई गई थी जो चांद की सतह के 10 फीट करीब 3 मीटर नीचे तक पहुंचकर वहां का तापमान रिकॉर्ड कर सकती है। जिसका काम चंद्रमा की सतह पर मौजूद खुरदरी और नुकसानदायक धूल को हटाना था। यह वही धूल है जिसने नासा के ऐतिहासिक अपोलो मिशन के दौरान वहां गए अंतरिक्ष यात्रियों की स्पेस सूट और उपकरणों को पूरी तरह से ढक दिया था।

स्थिर बनी हुई है हालत

## ब्रोंकोस्पजम बीमारी से पीड़ित हैं धर्मगुरु.... पोप फ्रांसिस

एजेंसी ▶▶ पेरिस

कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की हालत स्थिर बनी हुई है, उन्हें पिछले दिनों डबल निमोनिया अटैक के कारण वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया था। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स से पता चलता है कि पहले की तुलना में उनकी हालत में थोड़ा सुधार जरूर है, पर अब भी उन्हें खतरे से बाहर नहीं माना जा रहा है। शुक्रवार को कुछ स्वास्थ्य जटिलताएं देखी गई थीं हालांकि अब उसमें काफी सुधार है। बिना वेंटिलेटर मास्क के भी अब वह सांस ले पा रहे हैं।

#### चिकित्सकों की देखरेख में पोप, रख रहे नजर

*फिलहाल वह लगातार चिकित्सकों की देखरेख में हैं। वेटिकन ने एक*



*रिपोर्ट में बताया कि पोप फ्रांसिस 'ब्रोंकोस्पजम' नामक श्वसन समस्या से पीड़ित हैं, जिसके कारण पिछले कुछ समय से उन्हें सांस लेने में गंभीर जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा था। ब्रोंकोस्पजम तब होता है जब आपकी ब्रोंकाई (फेफड़ों का वायुमार्ग) को लाइन करने वाली मांसपेशियों में कसावट आ जाती है।*

खबर संक्षेप

## आज बाल आयोग की कार्यशाला का आयोजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार को मध्यप्रदेश राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## कांग्रेसः ललित प्रभारी जहीर सह प्रभारी बने

**भोपाल।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम को व्यापक रूप से संचालित किए जाने के लिए प्रदेश स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारी नियुक्ति किए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस के महामंत्री संगठन डॉ. संजय कामले ने बताया कि कांग्रेस नेता ललित सेन को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य के लिए प्रदेश स्तर पर प्रभारी और जहीर अहमद को सह प्रभारी नियुक्ति किया गया है। डॉ. कामले ने बताया कि कांग्रेस ने निर्णय लिया है कि प्रदेश भर में मतदाता सूची पुनरीक्षण का कार्य किया जाएगा और अपात्र लोगों के नाम मतदाता सूची से हटवाने का काम कांग्रेस द्वारा प्रमुखता से कराया जाएगा।

## आउटसोर्स कर्मचारियों को नहीं मिली कोई सौगात

**भोपाल।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा जारी की गई एचआर पॉलिसी में संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारियों का कोई जिक्र नहीं है। एनएचएम के अधिकारियों के कारण आउटसोर्स कर्मचारियों का लगातार शोषण किया जा रहा है। कई वर्षों तक संविदा कर्मचारी के रूप में सेवा देने वाले कर्मचारियों को पुनः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में शामिल नहीं किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ आउटसोर्स कर्मचारियों को सात महीने से वेतन तक नहीं मिला है। इससे नाराज आउटसोर्स कर्मचारी विधानसभा सत्र के दौरान घेराव कर प्रदर्शन करेंगे। संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के प्रदेशाध्यक्ष कोमल सिंह ने बताया कि एनएचएम की पॉलिसी में आउटसोर्स कर्मचारियों का कोई जिक्र नहीं किया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान सरकार ने घोषणा की थी कि आउटसोर्स कर्मचारियों को संविदा पर मर्ज कर चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित किया जाएगा। लेकिन आज तक घोषणा को पूरा नहीं किया गया। कोमल सिंह ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारियों को आधा वेतन दिया जा रहा है, जबकि आउटसोर्स कंपनी शासन से दुगना पैसा वसूल रही है।

## ब्रांडेड दवाओं से 90 फीसदी तक सस्ती जैनेरिक दवाएं

**भोपाल।** जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाएं ब्रांडेड विकल्पों की तुलना में 50 से 90 फीसदी तक सस्ती होती हैं, जिससे परिवारों को स्वास्थ्य व्यय पर बचत करने में मदद मिलती है। देशभर में बढ़ती जन औषधि केंद्रों की संख्या से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को यह किफायती दवाएं आसानी से मिलने लगी हैं। यह बातें स्वास्थ्य विशेषज्ञों द्वारा एम्स में 1 से 7 मार्च तक मनाए जा रहे जन औषधि सप्ताह के शुभारंभ के दौरान कहीं। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि यह सप्ताह नागरिकों को उच्च गुणवत्ता और किफायती दवाओं की उपलब्धता के बारे में जागरूक करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इधर, जेपी अस्पताल में शनिवार सुबह 11 बजे से जन औषधि जनचेतना पदयात्रा निकाली गई। अब आगे सेमिनार, स्वास्थ्य शिविरों सहित विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर गुणवत्तापूर्ण और सस्ती जेनेरिक दवाइयों के बारे में आमजन को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। पदयात्रा में निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, फामेर्सी काउंसिल अध्यक्ष संजय जैन, सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी सहित अन्य शामिल रहे।

# शोधार्थियों में मौलिकता के साथ विश्लेषण एवं संश्लेषण दोनों ही आवश्यक : कानिटकर

*भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल विषय पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम का शुभारंभ*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रखर राष्ट्रवादी विचारक एवं लेखक मुकुल कानिटकर ने कहा कि राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए, श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण आवश्यक है। वास्तव में स्वयं का निर्माण करने वाले ही राष्ट्र पुनर्निर्माण में सहभागिता कर सकते हैं। कानिटकर ने कहा कि शोध का वास्तविक अर्थ है शुद्ध करना, शोधार्थियों के जीवन का अंतिम लक्ष्य शोध ही होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि शोध के लिए शोधार्थियों में मौलिकता के साथ, विश्लेषण एवं संश्लेषण दोनों के संस्कार जागृत करने की आवश्यकता है। स्वयं को शुद्ध करते हुए द्वंद्व से मार्ग निकालने से प्राप्त मौलिकतापूर्ण परिणाम ही वास्तव में शोध है। कृतज्ञता का भाव, भारत की सभ्यता एवं विरासत है और भारतीय ज्ञान परंपरा का अभिन्न अंग है। हमारे पूर्वजों ने प्रकृति, नदियों एवं सूर्य सहित समस्त ऊर्जा स्त्रोतों के संरक्षण के लिए, कृतज्ञता भाव से समृद्ध परंपराओं को स्थापित किया था।

## राष्ट्र पुनर्निर्माण के लिए श्रेष्ठ व्यक्ति निर्माण जरूरी

राष्ट्रीय शोधार्थी समागम भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा: मंत्री परमार



### वेदों में भारतीय ज्ञान परंपरा विद्यमान

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सारस्वत अतिथि सिद्धपीठ हनुमन निवास अयोध्या धाम के पीठाधीश्वर आचार्य मिथिलेश नंदिनी शरण ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा, अतीत के कालखंडों में गुरुकुल शिक्षा पद्धति के नष्ट किए जाने से विलोपित हुई है। गुरुकुल शिक्षा पद्धति में पहली कक्षा से ही शोध किया जाना प्रारंभ हो जाता था। आचार्य ने कहा कि वेदों में भारतीय ज्ञान परम्परा विद्यमान है। शोध के लिए मौलिकता की ओर वापस लौटना होगा। आचार्य ने कहा कि राष्ट्र, विचार परम्परा से नहीं, बल्कि विश्वास, परम्परा से संचालित होता है। शोध के लिए विश्वास परंपरा की ओर लौटने की आवश्यकता है।

### भारत को सिरमौर बनाने में सभी की सहभागिता आवश्यक

*उच्च शिक्षा मंत्री ने राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के आयोजन एवं सफलता के लिए आयोजकों एवं सहभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुसरण में भारत केंद्रित शिक्षा के लिए यह समागम उपयोगी होगा। यह समागम, प्रदेश के समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में शोध एवं अनुसंधान के लिए अभिप्रेरक बनेगा। परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शोधार्थी समागम भारतीय दृष्टि से शोध एवं अनुसंधान की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कहा कि स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में भारत केंद्रित शिक्षा की महती भूमिका होगी। भारत को विश्व मंच पर पुनः सिरमौर बनाने के लिए सभी की सहभागिता आवश्यक है।*

### कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित

*कार्यक्रम में राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) भोपाल के निदेशक प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी, मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. अनिल कोठारी, दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश मिश्रा एवं विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी उच्च शिक्षा डॉ. धीरेंद्र शुक्ल सहित कुलगुरू और शोधार्थी उपस्थित रहे।*

### भारत का ज्ञान भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान

भारत का ज्ञान, ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में विद्यमान भारतीय ज्ञान को युगानुकुल परिप्रेक्ष्य में नए संदर्भों में, पुनः शोध एवं अनुसंधान कर वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। यह बातें उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के तत्वावधान में मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के डॉ. जगदीश चंद्र बसु सभागृह में आयोजित भारत के पुनरुत्थान के लिए सहयोगात्मक अनुसंधान की पहल विषयक तीन दिवसीय राष्ट्रीय शोधार्थी समागम के शुभारंभ सत्र में कही। मंत्री परमार ने कहा कि शोधार्थियों को समाज के प्रश्नों का समाधानकारक शोध करने की आवश्यकता है। शोधार्थियों के शोध का प्रभाव, समाज के दृष्टि पटल पर परिलक्षित होना चाहिए।

भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का किया अनावरण

# किरनापुर बनेगी नगर पंचायत, कारंजा स्कूल का नाम बाला साहब देवरस के नाम पर होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

*मुख्यमंत्री बालाघाट के लांजी में 8 दिवसीय कोटेश्वर महोत्सव में हुए शामिल*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लांजी में भगवान बिरसा मुण्डा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का अनावरण किया। उन्होंने कहा कि किरनापुर को नगर पंचायत बनाया जाएगा। कारंजा हायर सेकंडरी स्कूल का नाम बाला साहब देवरस के नाम पर होगा। मुख्यमंत्री बालाघाट के लांजी में आठ दिवसीय आध्यात्मिक व सांस्कृतिक कोटेश्वर महोत्सव में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेले हमारी सांस्कृतिक परम्परा का अहम हिस्सा है। उन्होंने होली की अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का त्यौहार पिछड़ों से मिलने का त्यौहार है। संक्रांति मेलों का आयोजन शुरू होता है और वर्ष भर आनंद में सभी का समय व्यतीत होता है। महाकाल की नगरी उज्जैन से शिवरात्रि के अवसर पर विक्रमोत्सव प्रारम्भ हुआ, राजा विक्रमादित्य का जीवन अद्भुत है, जो न्याय, धर्म, ज्ञान, संस्कृति, और वीरता का प्रतीक है। राजा विक्रमादित्य के नाम से प्रारम्भ विक्रम संवत गुड़ी पड़वा से प्रारम्भ होता है।

### जीआईएस में मिला मप्र को विकास का आशीर्वाद

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल, सागर, रीवा, शहडोल, जबलपुर, नर्मदापुरम में स्थानीय स्तर पर निवेश सम्मलेन के बाद भोपाल में वैश्विक निवेश सम्मलेन का आयोजन हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शामिल हुए। भोपाल में आयोजित सम्मलेन में उद्योग लगाने और मप्र का विकास करने के उद्देश्य से राष्ट्रपति, गृहमंत्री सहित भारत के सभी गणमान्य महानुभवों ने मध्यप्रदेश को विकास का आशीर्वाद दिया हैं।

### धान उत्पादक किसानों को मिलेगा लाभ, आवासहीन को मिलेंगे आवास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के धान उत्पादक किसानों को मुख्यमंत्री कृषक प्रोन्नति योजना में 4 हजार रुपए प्रति हेक्टयर अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि का लाभ मिलता रहेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिनके आवास अब तक नहीं बन पाए है, उन्हें भी आवास दिए जाएंगे। सरकार ने अभी गोपालन के लिए योजना बनाईं है, जिससे दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है, दुग्ध उत्पादन पर सरकार बोनस देगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भगवान बिरसा मुंडा और रानी अवंतिबाई की प्रतिमाओं का अनावरण भी किया।

### बालाघाट में हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सबसे तेज गति से विकास करने वाला देश भारत है। यह प्रसन्नता की बात है कि वर्तमान में सर्वाधिक जीएसडीपी ग्रोथ रेट 13 प्रतिशत मध्यप्रदेश की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को बालाघाट में किसान सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने बालाघाट के खिलाड़ियों को महत्वपूर्ण सौगात देते हुए हॉकी के एस्ट्रो टर्फ का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि मप्र के लिए गर्व की बात है कि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय ही नहीं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर भी पर देश का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों में मप्र के तीसरे स्थान पर रहने पर हार्दिक प्रसन्नता जताई। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश के युवा जिस भी क्षेत्र में कार्य करना चाहते हैं, सरकार उन्हें आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान करेगी।

### लोकार्पण-भूमिपूजन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में 326 करोड़ 60 लाख रुपए से अधिक की लागत के 117 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने 264 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 78 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इनमें 145 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बालाघाट, बिरसा, वारासिवनी, मलाजखंड, लालबर्रा में सीएम राइज स्कूल, 53 करोड़ से बालाघाट के बैहर, परसवाडा खैरलांजी में स्कूलों का उन्नयन एवं छात्रावासों के निर्माण कार्य, 10 करोड़ रुपए से मार्गों और पुलों निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

15 मार्च तक विशेष अभियान चलाया जाएगा

# एनपीएस में मिसिंग क्रेडिट राशि अभिदाता के खाते में जमा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाताओं के खातों में जमा करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब अशंदायी पेंशन योजना (एनपीएस) में मिसिंग क्रेडिट की राशि अभिदाता के खातों में जमा किए जाएंगे। अभिदाताओं के खातों में मिसिंग क्रेडिट की राशि जमा करने के लिए 15 मार्च तक विशेष अभियान चलेगा। इस संबंध में विभागीय स्तर पर निर्देश भी जारी कर दिए हैं।

राज्य शासन के अधीन सिविल सेवा के पदों पर एक जनवरी 2005 को या उसके बाद नियुक्त होने वाले शासकीय सेवकों पर अंशदायी पेंशन योजना (एनपीएस) लागू है। इसमें शासकीय सेवकों के वेतन से कर्मचारी अंशदान एवं शासकीय अंशदान संबंधित के परमानेंट रिटायरमेंट अकाउंट नम्बर (प्रान) में जमा किया जाता है। ऐसे शासकीय कर्मचारी, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं और उनके अंशदान उनके प्रान में जमा नहीं हुए है, ऐसे प्रकरणों में मिसिंग क्रेडिट (गुमशुदा कटौत्री) की समस्या होती है।

### अंशदान जमा करने की कार्रवाई की जाएगी

गुमशुदा कटौत्री की समस्या के समाधान के लिए संचालनालय कोष एवं लेखा की ओर से आईएफएमआईएस में सुविधा विकसित की गई है। ऐसे शासकीय सेवक, जो प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है, उनके अंशदान के चालानों का विवरण कोषालय अधिकारी की ओर से आईएफएमआईएस में भरा जाएगा एवं रिफंड देयक तैयार कर अंशदान जमा करने की कार्रवाई की जाएगी। वरिष्ठ कोषालय अधिकारी वल्लभ भवन राजीव सिंह पवैया ने बताया कि वल्लभ कोषालय की ओर से जो भी प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके चालान भारतीय स्टेट बैंक की टीटी नगर, जहांगीराबाद, एमपी नगर, पंचानन, एवं बरखेड़ी की शाखाओं में जमा किए जाएंगे। उनका चालान का सत्यापन वल्लभ भवन कोषालय सतपुड़ा भवन से किया जाएगा।

### विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में चालान का सत्यापन

प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ शासकीय सेवक जिनके द्वारा चालान स्टेट बैंक शाखा विन्ध्याचल, शिवाजी नगर, एचईटी एसएमई गोविन्दपुरा, महावीर नगर, हबीबगंज शाखा में जमा किए गए है, वह शासकीय सेवक विन्ध्याचल कोषालय, विन्ध्याचल भवन में उपस्थित होकर चालान का सत्यापन करा सकते हैं।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट की शराब दुकान के पास की घटना

# पुराने विवाद के चलते युवक पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत लालघाट शराब दुकान के पास नया रिसदा रोड पर मारपीट की घटना सामने आई है। बाइक सवार एक युवक पर तीन युवकों ने बीयर बोतल और चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। युवक के सिर और पेट पर गंभीर चोटे आई हैं। बताया जा रहा है कि 25 वर्षीय लालघाट निवासी अजीत यादव बाइक में सवार होकर रिसदा की तरफ जा रहा था।

इस दौरान बाइक पर सवाल तीन युवकों ने रास्ता रुकवाया उसके बाद सीधे बीयर की बोतल और चाकू से उस पर हमला कर दिया। 25 वर्षीय लालघाट निवासी अजीत यादव ने बताया कि भदरापारा निवासी विजय ने अपने दो साथियों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। अजीत यादव ने बताया कि कुछ महीने पहले विजय की किसी दूसरे युवकों के साथ मारपीट की घटना सामने आई थी। जिसमें वह बचाव करने गया हुआ था, पुराने विवाद को लेकर उसके साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। किसी तरह वह वहां से जान बचाकर भागा तब उसकी जान बची। मारपीट के दौरान आसपास के लोग तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने भी बचाने की कोशिश नहीं की। मारपीट की घटना के बाद सभी मौके से फरार हो गए। इस घटना की सूचना पर बालको थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए घायल युवक को कोरबा के जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उसका उपचार जारी है युवक के सिर और पेट पर चोट आई है। बालको थाना पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

कोरबा के जिला मेडिकल कॉलेज में कराया भर्ती

# एक ही परिवार के चार लोग फूड पाइजनिंग के शिकार

बर्तन धोने वाले टब में मिली मरी हुई छिपकली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



जिले के सीमावर्ती क्षेत्र बरपाली तुरिधाम नगरदा गांव में एक ही परिवार के चार लोग फूड पॉइजनिंग के शिकार हो गए। इस घटना के बाद परिवार में हड़कंप मच गया और सभी को कोरबा के जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां सभी का उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि 50 वर्षीय प्यारेलाल का परिवार निवास करता है, जहां घर पर उसकी पत्नी और दो बेटी समेत एक दामाद साथ में रहता है। शनिवार की रात खाना खाने के बाद सभी की एक के बाद एक तबीयत बिगड़ने लगी।

उल्टी और चक्कर आने लगे, कमजोरी महसूस होने लगी। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था। जब सभी की तबीयत बिगड़े पर उन्हें अंदेशा हुआ कि खाने या पीने में कुछ हुआ होगा। इस दौरान पीने वाले पानी के टब में देखा तो छिपकली मरी हुई पड़ी थी। उसके बाद घर पर हड़कंप मच गया और आसपास लोगों को इसकी जानकारी दी गई सभी को एंबुलेंस के माध्यम से कोरबा के जिला मेडिकल कॉलेज के लिए रवाना किया गया। बताया जा रहा है कि 50 वर्षीय प्यारेलाल उसकी पत्नी 48 वर्ष की कलाबाई 32 वर्षीय बेटी दिल बाई और 35 वर्षीय दामाद रथराम ने एक साथ भोजन किया था। वहीं प्यारेलाल की एक बेटी ने खाना नहीं खाया था और न ही पानी पिया था, जिससे वह सुरक्षित थी। डॉक्टर ने बताया है कि सभी खतरे से बाहर है समय रहते सभी का उपचार शुरू कर दिया गया था।

नक्सलियों के खौफ के कारण ठप पड़ी थी बस सुविधा, लिखी जा रही विकास की एक नई इबारत

# पामेड़ के इलाकों में 30 साल बाद चल रही बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर




दक्षिण बस्तर का नाम सुनते ही लोगों के मन में गोलियों की तड़तड़ाहट के साथ ही निर्दोष ग्रामीणों की हत्या से लेकर अन्य कई तस्वीरे सामने आ जाती हैं। जिसके कारण आमजनों के अंदर ख़ौफ़ देखने को मिलता है, वही दक्षिण बस्तर के अंतिम छोर में पुलिस के द्वारा चलाये गए अभियान के चलते अब वहां खून खराबा नहीं बल्कि यात्री बसों के हॉर्न सुनाई दे रहे हैं।

कल तक जो इलाका नक्सलियों के कब्जे में था, अब उस इलाके में पुलिस ने अपनी पैठ जमाते हुए कैम्प के साथ ही वहां के ग्रामीणों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं, जिसका सबसे सुखद परिणाम यह आ रहा है कि अब बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित क्षेत्र के अंतिम गाँव में बसे पामेड़ में अब बसों की आवाजाही शुरू हो गई है। बता दें कि बीजापुर जिले का एक ऐसा गांव पामेड़ जो कभी नक्सलियों की राजधानी के रूप में जाना जाता था, सरकार व जवानों की कड़ी मेहनत के चलते अब वहां विकास तेजी से बढ़ रहा है, पामेड़ इलाके की बात करे तो कभी वहां पर दुपहिया वाहन भी देखने को लोग तरस जाते थे, अब उसी पामेड़ में 30 वर्षो के बाद यात्री बस की सेवा शुरू हो गई है। बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर बसा यह पामेड़ गांव, उस इलाके के 7 पंचायतों को भी जोड़ता है, सरकार के साथ ही पुलिस जवानों के अथक प्रयास से बीते 4 माह के अंदर इस गांव में विकास की बड़ी गाथा लिखी गई है। इस इलाके में सड़क और कैंप के साथ ही मूलभूत सुविधाओं का विस्तार भी तेजी से शुरू हो गया है, जिसकी शुरुआत इस इलाके के ग्रामीणों के लिए शुरू हुई यात्री बस की सेवा है, बस सेवा के चलते अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को पहले तेलंगाना से होते हुए अपने गृहगांव तक जाना पड़ता था, लेकिन अब वे बीजापुर से सीधे पामेड़ अपने घर पहुंच रहे हैं। देखा जाए तो आजादी के बाद से पामेड़ इलाके तक सड़क थी, 50 साल पहले भी सड़क हुआ करती थी, लेकिन उस मार्ग में वाहनों की आवाजाही कम होती थी।

### सुरक्षा जवानों की अहम भूमिका

*जिन इलाकों में कभी दुपहिया वाहन तक सही रूप से नहीं चलाते थे अब उन इलाकों में चार पहिया वाहनों के साथ यात्री बसें दौड़ने लगी है, 50 वर्षो तक जिन सुविधाओं के लिए ग्रामीण तरस रहे थे वह सारी सुविधा पामेड़ इलाके के ग्रामीणों के लिए बहुत तेजी से बढ़ रही है, इस इलाके में आधार कार्ड, राशन कार्ड के अलावा राशन दुकान भी गांव में संचालित की जा रही है, बताया जा रहा है कि नक्सलियों के ख़ौफ़ के चलते पामेड़ में काम करने वाले जवानों के लिए वेतन से लेकर अखबार तक हेलीकॉप्टर से मदद से भेजी जाती थी, लेकिन अब सड़क बनने और बस सेवा के शुरू हो जाने से जवानों का यह कठिन सफर खत्म हो चुका है, जवानों और ग्रामीणों के लिए इस इलाके में मोबाइल कनेक्टिविटी का भी विस्तार भी हो चुका है जिससे वह अपने परिवार वालों से बात कर सकते है।*

**सांसद ने पहले यात्री को प्रदान किया बोर्डिंग पास**

# जबलपुर से भोपाल के बीच नई उड़ान का सांसद आशीष दुबे ने किया शुभारंभ

## वॉटर केनन सैल्यूट से उड़ान का स्वागत किया गया

जबलपुर।

जबलपुर से भोपाल के बीच इंडिगो की नई उड़ान 01 मार्च से प्रारंभ हुई। इस प्रारंभिक उड़ान के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सांस्कृतिक राजधानी और राजधानी भोपाल के बीच एयर कनेक्टिविटी का दोनों नगरों के लोगों को फायदा होगा।

यह उड़ान फिलहाल सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को उपलब्ध रहेगी। फ्लाइट भोपाल से शाम 6.50 बजे जबलपुर पहुंचेगी और जबलपुर से शाम 7.15 बजे भोपाल के लिए टेकऑफ कर रात 8.15 बजे भोपाल पहुंचेगी।जबलपुर से भोपाल के बीच शनिवार को शुरू हुई इंडिगो की प्रारंभिक उड़ान का वॉटर केनन सैल्यूट से जबलपुर के डुमना विमानतल पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद आशीष दुबे, गणमान्य जनप्रतिनिधि व एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारी भी मौजूद थे। इसके पूर्व सांसद आशीष दुबे ने भोपाल जाने वाले यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किये। पहली यात्री श्रीमती अरुणा विश्वकर्मा का सांसद श्री दुबे सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने बोर्डिंग पास प्रदान कर और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया, वहीं आने वाले यात्रियों का भी पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस पहली उड़ान से भोपाल से 47 यात्रियों का जबलपुर आगमन हुआ और जबलपुर से भोपाल के लिए 60 यात्रियों ने भोपाल के लिए प्रस्थान किया।



सांसद आशीष दुबे ने जबलपुर से भोपाल के लिए बहुप्रतीक्षित उड़ान का स्वागत करते हुए कहा 78 यात्रियों की क्षमता वाले एटीआर विमान की उड़ान जबलपुर-भोपाल के बीच संचालित होगी। यह उड़ान यात्रियों के लिए काफी सुविधाजनक होगी, खासकर उन लोगों के लिए जो दो शहरों के बीच यात्रा करते हैं। गौरतलब है कि जबलपुर से भोपाल के बीच हवाई सेवा शुरू करने की मांग लंबे समय से की जा रही थी। सांसद श्री दुबे ने नई उड़ान प्रारंभ करने के लिए इंडिगो एयरलाइन्स और केंद्रीय विमानन मंत्री श्री नायडू को धन्यवाद दिया है।

इस दौरान राज्यसभा सांसद सुमित्रा बाल्मीकि, विधायक अशोक रोहाणी, भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, महामंत्री रजनीश यादव, पंकज दुबे, एयरपोर्ट डायरेक्टर आरआर पांडे सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित थे।

# 1984 के अनेक दंगा पीड़ितों को आज तक नहीं मिला मुआवजा



**प्रधानमंत्री के नाम भेजा पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री से न्याय दिलाने की मांग**

**जबलपुर।** जबलपुर सिक्ख संगत ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पत्र भेजकर वर्ष 1984 के दंगा पीड़ितों को जो मुआवजा राशि से छूट गए हैं, उन्हें मुआवजा राशि देने तथा दंगों में शामिल दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। यहां आयोजित पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक पूर्व मंत्री हरेन्द्रजीत सिंह बब्बू ने प्रधानमंत्री से निवेदन किया है कि 1984 के इंदिरा गांधी दंगों में देश भर में हजारों बेगुनाह सिक्ख मारे गए, किन्तु आज तक एक भी गुनाहगार को सजा नहीं दी गई। अभी हाल ही में मान. न्यायालय द्वारा सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। भारत वर्ष का पूरा सिक्ख समाज निवेदन करता है कि सज्जन कुमार जैसे जघन्य अपराधी को फांसी की सजा दी जाए। उन्होंने बताया कि हमारा पूरा परिवार पूछना चाहता है कि हमारे पिता को जिंदा क्यों जलाया गया? क्या मेरे पिता ने इंदिरा गांधी को मारा था? मेरे पिता के हत्यारों को सजा नहीं मिली, वहीं रांझी में दो सिख युवकों महेन्द्रपाल सिंह कोहली डिप्टी और गुलबदन सिंह कोहली लवली की हत्या की गई थी जिसमें भी एक भी दोषी को नहीं पकड़ा गया, जबकि भारत वर्ष के लिए सिक्खों एवं सिक्ख गुरुओं ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर किया, बलिदान दिया। सिक्खों के प्रथम गुरु गुरुनानक देव महाराज ने ही सर्वप्रथम भारत वर्ष का नाम हिन्दू हिन्दुस्तान रखा था। सनातन धर्म के लिए सिक्ख गुरुओं ने जो योगदान दिया उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता।

1984 के दंगों की याद आती है तो पूरा सिक्ख समाज मन से रोता है, अतः मध्यप्रदेश सरकार से निवेदन है कि 1984 के दंगों में जिनके घर-द्वार जला दिए गए, जो हताहत हुए उन्हें सरकार द्वारा मुआवजा देने की बात कही गई थी, लेकिन आज तक काफी लोगों को मुआवजा नहीं मिला है, मुआवजा दिलाकर सिक्ख समाज को न्याय प्रदान करें।

## चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव पर 9 दिवसीय संकीर्तन प्रभातफेरी 4 से

**जबलपुर।** श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल जाबालिपुरम के संयोजकत्व में होलाष्टक 04 मार्च से 13 मार्च पर्यंत नौ दिवसीय नगर संकीर्तन प्रभातफेरी संस्कारधानी में निकाली जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए संयोजक देवेन्द्र नेमा ने बताया कि महानगर इकाई द्वारा चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का 02 मार्च को जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक में पत्रक पूजन किया गया। प्रभातफेरी श्रृंखला में प्रथम दिवस 04 मार्च को घमंडी चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर से प्रभातफेरी हरे कृष्णा, हरे कृष्णा महामंत्र के साथ संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दुबे के सान्निध्य में प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों के भ्रमण उपरांत सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर मंगल आरती के साथ संपन्न होगी। इस अवसर पर ज्योतिषाचार्य पं. देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. सुधीर अग्रवाल, डॉ. शिवशंकर पटेल, सत्यप्रकाश नामदेव, सुरेन्द्र गिरी, केएल दीक्षित, मंगल सिंह पटेल, अमित विश्नोई, राजेश असाटी, जगदीश तिवारी, विवेक अग्रवाल, जितेन्द्र शर्मा, रज्जू सोनी, सत्यनारायण दुबे, मनोज विश्वकर्मा, रेखा नामदेव, नम्रता शर्मा, कृष्णा नामदेव, सुनीता राय, ज्योति नामदेव, अर्चना सोनी, रानी नामदेव, वैशाली पंड्या सहित अन्य ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति का अनुरोध किया है।



## प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का जबलपुर हुआ आगमन

**जबलपुर।** भोपाल से जबलपुर की पहली उड़ान में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा का भी जबलपुर आगमन हुआ, जिनका स्वागत सांसद आशीष दुबे सहित उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री शर्मा ने भी पहली उड़ान में भोपाल से जबलपुर आने वाले और जबलपुर से भोपाल जाने वाले यात्रियों का पुष्प भेंट कर स्वागत किया।

## कमिश्नर और कलेक्टर ने होटल कल्चुरी पहुंचकर लिया जायजा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की प्रमुख सचिव श्रीमती रशिम अरूण शमी आज 3 मार्च को सुबह 11 बजे कल्चुरी होटल में खाद्य, उपार्जन व सार्वजनिक वितरण प्रणाली की संभागीय समीक्षा करेंगी। द्वितीय सत्र में महिला एवं बाल विकास विभाग की विभागीय गतिविधियों की समीक्षा भी करेंगी। कमिश्नर अभय वर्मा और कलेक्टर दीपक सक्सेना ने कल्चुरी होटल पहुंचकर बैठक की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। इस दौरान सभी संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## मेयर इन काउंसिल की बैठक आज

**जबलपुर।** मेयर इन कांउसिल की बैठक दिनांक 03 मार्च 2025 दिन सोमवार को पूर्वान्ह 10:00 बजे से निगम परिसर स्थित महापौर कक्ष में आयोजित की गई है। इस आशय की जानकारी मेयर इन कांउसिल के सचिव खूबचंद पांडेय के द्वारा दी गई है।



# उत्तर-मध्य विधानसभा में घर-घर पहुंचा गंगाजल

## पूजन करके लोगों ने प्राप्त किया पुण्य लाभ

**जो किसी कारणवश महाकुंभ नहीं पहुंच पाए उन्हें भी मां गंगा का आशीर्वाद रूपी पवित्र गंगाजल मिलेः डॉ अभिलाष पांडे**

**जबलपुर।** जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक डॉ अभिलाष पांडे द्वारा अनूठी पहल करते हुए उत्तर मध्य विधानसभा में प्रयागराज त्रिवेणी से दस हजार लीटर पवित्र गंगाजल मंगवाकर महाकुंभ के प्रसाद एवं आशीर्वाद स्वरूप सभी को प्रदान करने हेतु गंगाजल लोगों तक पहुंचाया जा रहा है।जिसके क्रम में रविवार को महाकुंभ से आया जल टैंकर में जबलपुर उत्तर मध्य विधानसभा स्थित आई टी आई चुंगी चौक पहुंचा जहां पर विधायक डॉ अभिलाष पांडे,बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा ढोल,आतिशबाजी और फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। इस दौरान डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि महाकुंभ हमारे सनातन धर्म का सबसे बड़ा और पवित्र धार्मिक आयोजन है। जिसमें करोड़ों श्रद्धालु देश-विदेश से आकर पुण्यलाभ अर्जित करते हैं। इस महापर्व का महत्व अनादिकाल से स्थापित है। उन्होंने कहा, महाकुंभ के इस पावन अवसर पर प्रयागराज से टैंकर के माध्यम से गंगाजल मंगवाया गया है। विशेषकर उनके लिये जो प्रयागराज महाकुंभ जाने में असमर्थ हैं।

### सभी जलस्रोतों में भी मिलाया जाएगा पवित्र गंगाजल

डॉ पांडे ने कहा कि मां गंगा हमारी धार्मिक और आध्यात्मिक चेतना का केंद्र हैं जिनकी महिमा सारे वेदों, पुराणों और शास्त्रों में वर्णित है और महाकुंभ के समय तो प्रयागराज और मां गंगा का पुण्य प्रताप और भी बढ़ा जाता है महाकुंभ के दौरान भी हमारे साथ बड़ी संख्या में हमारे विधानसभा के परिवारजनों ने मां गंगा में डुबकी लगाई थी और सभी के लिए मंगल की कामना की थी परंतु किसी कारणवश कुछ लोग नहीं पहुंच सके हम उनको भी इस पुण्य प्रणीत कार्य से वंचित रहने नहीं देंगे इसलिए उनके लिए विशेष रूप से प्रयागराज से टैंकर में लाकर पवित्र मां गंगा का जल रूपी प्रसाद का वितरण किया किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में लोगों के द्वारा पूजन अर्चन करके बड़े ही श्रद्धा और विश्वास से मां गंगा के जयकारे लगाकर लिया जा रहा है।आज हमने इसे उत्तर मध्य विधानसभा चंद्रशेखर आजाद मंडल में दीनदयाल वार्ड,महाराजा अग्रसेन वार्ड,राममनोहर लोहिया और राजीव गांधी वार्ड में गंगाजल को लेकर गए। प्रयागराज से लाए हुए पवित्र गंगाजल को उत्तर मध्य विधानसभा के समस्त जल स्त्रोतों एवं जल स्थानों में मिलाकर उन्हें भी इस भागीरथी प्रयास में शामिल किया जायेगा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर,महामंत्री पंकज दुबे,पार्षद कमलेश अग्रवाल,मोनिका पुष्पेंद्र सिंह,अतुल जैन दानी,पुष्पराज पांडे,मनीष जैन कल्लू,पवन तिवारी,दिलीप दुबे,राजकुमार गुप्ता,रमेश रैकवार,शैलेन्द्र राजपूत,श्री राम शुक्ला, राजकुमार पटेल,टिकेंद्र यादव ,सनी सोनकर एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन उपस्थित थे।

# गंदगी करने और कचरा में आग लगाने वाले एजेंसी के संचालक पर जुर्माना

## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर दुकान में दबिश देकर की गई चालानी कार्रवाई

जबलपुर।

गंदगी करने और एकत्रित कचरे में आग लगाने वालों के विरूद्ध पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन अधिनियम के तहत निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के द्वारा कार्रवाई शुरू कर दी गई है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव को सूचना मिली थी कि गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी द्वारा कचरा में आग लगाई गयी है और उनके इस कृत्य से स्वच्छता अभियान प्रभावित होने के साथ-साथ पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ा है। जिसके कारण निगमायुक्त ने रिशु एजेंसी संचालक के विरूद्ध कार्रवाई करने स्वास्थ्य विभग के



उपायुक्त संभाव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी संदीप जायसवाल और संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव को निर्देशित किया कि संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करें। निगमायुक्त के निर्देशों का पालन करते हुए उक्त अधिकारियों ने गंदगी फैलाने एवं कचरा जलाने वाले गौमाता चौक स्टेडियम के पास स्थित रिशु एजेंसी पर 5 हजार का जुर्माना लगाया और चालानी कार्रवाई की गयी।उन्होंने बताया कि मुख्यालय अन्तर्गत सुभद्रा कुमारी चौहान वार्ड में स्टेडियम के पास रात्रि क़ालीन में एक मेडिकल एजेंसी के कर्मचारी द्वारा रात में कचरा बाहर फेककर उसमें आग लगाए जाने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसपर सुबह होते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान पर दबिश दी और संचालक के खिलाफ कचरा गंदगी करते पाये जाने और कचरा जलाने पर 5 हजार रुपये का स्पाट फाइन किया गया और हिदायत दी गई कि दुबारा ऐसी गलती न करें। कार्यवाही के समय सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सी.एस.आई. संदीप पटेल, सुपरवाइजर देवदास, अनिल आदि उपस्थित रहे।

## रोजा खोलकर मांगी दुआए

**जबलपुर।** इस्लाम धर्मावलंबियो के पवित्र माह रमजान शरीफ का रविवार को पहला रोजा था। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे सांय निर्धारित समय पर मस्जिदों से अजान बुलंद होते ही मस्जिदों के मिनारों के हरे लाल बल्ब रोशन हुए। दिन भर के रोजेदार अल्लाह का शुक्र अदा करते हुए खजूर, पानी के साथ इफ्तार किया। अप्तार के बाद मगरिब की नमाज अदा की गई और देश की तरक्की खुशहाली की खास दुआए मांगी गई.

### पहले अशरा- की शुरुआत

रमजान के पहले रोजे के साथ पहला अशरा शुरू हो गया है। पहला अशरा रहमत का होता है। रमजान मे तीन अशरे होते है जो दस दस दिनों तक चलते है। दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों से माफी का होता है। और तीसरा अशरा जहन्नम से रिहाई के लिए होता है। मुस्लिम बहुल क्षेत्र बहोराबाग समीपस्थ हजरत कासिम बाबा की दरगाह मे रोजा अफ्तार का एहतेमाम किया गया जिसमें सैकड़ो की तादाद मे लोगों ने शिरकत की। मदन महल दरगाह मे भी हजरत गौसे आजम दस्तगीर की यौमे विलादत के मौके पर अफ्तार ए आम का एहतेमाम किया गया जिसमें काफी तादाद में लोगों ने शिरकत की और मुल्क की तरक्की खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में रमजान शरीफ के मौके पर चहल पहल बढ़ गई है! सांयकाल अफ्तार के समय बच्चों की टोलियां मस्जिद की जानिब रवाना हो जाती है। अपरान्ह असर की नमाज के बाद से ही मुस्लिम क्षेत्रों में तरह तरह के पकवान एव फल की दुकानों पर भीड़ लग जाती है। मुस्लिम समाज की महिलाए घरों मे अफ्तार की सामग्री तैयार करने व्यस्त रहती है। देर रात्रि तक मुस्लिम क्षेत्रो में रोनक नजर आती है।

# केन्ट क्षेत्र के सभी नागरिक हमारे लिए हैं देवता के समान : विधायक रोहाणी

## रॉझी जलशोधन संयंत्र केन्ट का किया निरीक्षण

**जबलपुर।** केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने जल शोधन संयंत्र रॉझी का निरीक्षण किया और सफाई कार्य को गति के साथ करने अधिकारियों को निर्देश दिये। विधायक श्री रोहाणी ने निरीक्षण के अवसर पर कहा कि रॉझी की जनता हमारे लिए जर्नादन के रूप हैं। अभी दो दिन पेयजल आपूर्ति बाधित होने के दौरान जो उन लोगों से सहयोग मिला उस सहयोग के लिए हम रॉझी क्षेत्र में रहने वाले जनताजर्नादन के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि दो दिन पानी की जो समस्या थी उसमें मिलजुल कर रॉझी की



नागरिकों ने हमारा सहयोग किया, इस दौरान प्रशासन द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी पहुँचाया गया। नागरिकों की धैर्य एवं सहयोग के कारण ही सुधार कार्य संभव हो पाया है। इसके लिए विधायक श्री रोहाणी ने उनके प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेंगर, पार्षद निशान झरिया, संतोषी ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**16 संभागों में 48 करदाताओं के विरूद्ध की गई ताबड़तोड़ कुर्की की कार्रवाई**

# बकायादारों के विरूद्ध नगर निगम ने दिखाई सख्ती

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार राजस्व वसूली अभियान को लेकर करदाताओं के विरूद्ध सख्ती प्रारंभ कर दी गई है। एक साथ सभी 16 संभागों में बड़ी कार्रवाई करते हुए 48 बड़े बकायादारों के विरूद्ध बकाया करों की राशि जमा कराने सम्पत्ति कुर्क करने की ताबड़तोड़ कार्रवाई की गयी वहीं इस कार्रवाई को और सख्त करने तथा बकायादारों के नाम सार्वजनिक करने की कार्रवाई संबंधी तैयारियाँ जोरों पर है। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने बताया कि अब समय नहीं है लक्ष्य प्राप्ति के लिए बड़ी कार्रवाईयाँ की जायेगी इसके लिए सभी संभागीय अधिकारियों को अपने अपने संभाग के अंतर्गत रोड़ मैप तैयार करने के सख्त निर्देश दिये गए है। निगमायुक्त के सख्त निर्देशों के उपरांत राजस्व अमलों ने अभियान को गति देने की दिशा में कार्रवाईयाँ शुरू कर दी है, जिसके परिणाम स्वरूप आज संभागों में वसूली अभियान के अंतर्गत बकाया करों की राशि जमा करने वाले करदाताओं की संख्या में

## संभाग क्रमांक 3 में बड़ी कार्रवाई के लिए रोड़मैप तैयार

इजाफा हुआ है। वसूली अभियान के संबंध में अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, आर.पी. मिश्रा, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोंटिया, मनोज श्रीवास्तव, उपायुक्त राजस्व पी.एन. सनखेरे, राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी एवं सभी संभागीय अधिकारियों ने अपने अपने संभागों के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि आज संभाग क्रमांक 3 रामपुर, 10 राँझी एवं 15 सुहागी के अंतर्गत बड़े बकायादारों की सम्पत्तियों को कुर्क करने के साथ-साथ जल उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन काटने एवं उनसे कर जमा करने प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि संभाग क्रमांक 3 रामपुर के अंतर्गत संभागीय अधिकारी संजय सिंह पटैल द्वारा विस्तृत कार्य योजना बनाई गयी है साथ ही डिफाल्टर करदाताओं की कुर्की के लिए रोड़ मैप तैयार किया गया है, इसी प्रकार संभाग क्रमांक 10 के संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि संभाग के अंतर्गत 4 बड़े बकायादारों प्रेमलाल चौरसिया बकाया राशि 70 हजार 8 सौ 5, परशन कौर बकाया राशि 66 हजार 4 सौ 78, मंजीत सिंह, स्व. सरदार मोहन सिंह बकाया राशि 57 हजार 6 सौ 25 एवं नियाज खान, बाजयुल खान बकाया राशि 84 हजार 7 सौ 74 रूपये होने पर कुर्की की कार्रवाई की गयी तथा 3 दिवस का नोटिस चस्पा किया गया। इसी प्रकार संभाग क्रमांक 15 सुहागी के संभागीय अधिकारी संतोष अग्रवाल ने बताया कि संभाग अंतर्गत वार्ड क्रमांक 72 के अंतर्गत दो बड़े बकायादारों श्रीमती ज्योति मिनोचा पति नीरज मिनोचा बकाया राशि 67 हजार, नीरज मिनोचा बकाया राशि 47 हजार 5 सौ रूपये होने पर कुर्की की कार्रवाई कर तीन दिवस का नोटिस जारी किया गया। नोटिस जारी होने के उपरांत दोनों करदाताओं ने संभागीय कार्यालय में आकर अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह एवं राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी को 1 लाख 15 हजार रूपये का चेक देकर प्रदान किया गया। कार्रवाई के दौरान सभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक, एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्वयं सेवी संस्थाओं का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# आदर्श ग्राम निर्माण में स्वयं सेवी संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण : मोहन नागर



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की समृद्धि योजना अंतर्गत स्वयं सेवी संस्थाओं के एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन 28 फरवरी को किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहन नागर उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त) जन अभियान परिषद रहे। अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरी पूर्व अध्यक्ष मध्य प्रदेश गौ संवर्धन बोर्ड कार्य परिषद, विशिष्ट अतिथि अखिलेश जैन वरिष्ठ सीए सदस्य निदेशक मंडल गेल इंडिया लिमिटेड ने की। प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन मोहन नागर उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की अध्यक्षता एवं डॉक्टर अभिलाष पांडेय विधायक उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर ने कहा कि सभी स्वयं सेवी संस्थाएं प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं समाज जागरण में आपकी सकारात्मक भूमिका से कई कार्य हो सकते हैं, मुख्यमंत्री के वृंदावन आदर्श ग्राम जिसको लेकर जन अभियान परिषद कार्य कर रहा है जन अभियान परिषद वास्तव में सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर इस संकल्प को पूरा करेगा, ऐसा मैं मानता हूं। मेरा आह्वान है कि इसके लिए सभी संस्थाएं अपने सामर्थ्य अनुसार कार्य करते हुए मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करें। श्री नागर ने कहा कि आदर्श ग्राम का ऐसा स्वरूप हो जहां पर समग्र ग्राम विकास के सभी आयामों पर कार्य हो और वह समाज आधारित होना चाहिए न की एकाकी हो, हमारे देश की वैदिक परंपरा और संस्कृति में ही स्वेच्छिकता, सामूहिकता, स्वावलंबन एवं सेवा का भाव समाहित रहा है सेवा हमारे देश और धर्म का मूल स्वभाव है।

प्रशिक्षण कार्यशाला में स्वामी अखिलश्वेरानंद ने अपने उद्बोधन में कहा कि सामाजिक संस्थायें गौ माता के संरक्षण के लिए सरकार की मदद से कार्य कर सकती हैं, गौ संरक्षण के लिए समाज को जागृत करने का कार्य करें घर-घर गाय होगी तभी राष्ट्र समृद्ध होगा। आप सभी संस्थाएं आगे आएं और इस अभियान को और व्यापक बनाएं। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अभिलाष पांडेय विधायक ने कहा कि आज सरकार हर क्षेत्र में कार्य कर रही है, बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं समाज सेवी संस्थाओं को भी आगे बढ़कर सरकार के साथ मिलकर देश और प्रदेश के विकास में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। जन अभियान परिषद विगत कई वर्षों से प्रदेश में सामाजिक जागरुकता के लिए कई महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है जन अभियान परिषद का स्वयं सेवी संस्थाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा नेटवर्क है। कार्यक्रम में सीए अखिलेश जैन ने स्वयं सेवी संस्थाओं के पंजीयन के विभिन्न अधिनियमों में पंजीयन एवं सीएसआर की जानकारी दी। प्रशिक्षण में डॉ. मनीष पांडेय द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रबंधन पर एवं श्रीमती प्रीति दुबे द्वारा सामाजिक अंकेक्षण विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जन अभियान परिषद जबलपुर के संभाग समन्वयक रवि प्रसाद बर्मन, जिला समन्वयक प्रदीप तिवारी, विकासखंड समन्वयक विवेक मिश्रा, विनायक राव वडनेरकर, सोनिया सिंह, तृप्ति मिश्रा, नूपुर खरे, भारत मेहरोलिया, वरिष्ठ समाज सेवी शिवनारायण पटेल, अनंत डीके, प्रकाश विस्पुते, रवि पटेल, हेमचंद असाटी एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आचार्यश्री के प्रथम समाधि महोत्सव स्मृति में किया फल वितरण



**जबलपुर।** अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन महिला परिषद लॉर्डगंज शाखा (चंदना संभाग) द्वारा एवं पूर्व केंद्रीय कोषाध्यक्ष एवं प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती सुषमा, डॉक्टर सत्येंद्र जैन के संयोजन में पूर्णायु चिकित्सालय के सहयोग से संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज की प्रथम समाधि स्मृति दिवस के अवसर पर विराट कैंसर हॉस्पिटल में प्रांतीय विशिष्ट अधिकारी श्रीमती सुषमा जैन (पूर्व पार्षद) पूर्णायु के सहयोग एवं लॉर्डगंज अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी के द्वारा सेव फल, पपीता, अंगूर, खरबूजा, तरबूज, केला, संतरा, आटा, चना आदि का वितरण किया गया। कार्यक्रम में विराट हॉस्पिटल की संचालिका ज्ञानेश्वरी दीदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ और कैंसर हॉस्पिटल के विषय में जानकारी प्राप्त हुई। वहां पर ऐसे मरीजों को लिया जाता है जहां पर जिनका कैंसर लास्ट स्टेज में होता है, वहां पर सेवा निःशुल्क प्रदान की जाती है। हॉस्पिटल जाकर हम सभी को बहुत अच्छा लगा। कार्यक्रम में विशेष सहयोग डॉक्टर सत्येंद्र जैन, बाजपेई जी एवं पंकज विद्यार्थी का प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में प्रांतीय उपाध्यक्ष मनी जैन, साधना बड़कुल, निशा चौधरी, चंद्रप्रभा जैन, पुष्पा ओसिन, शाखा अध्यक्ष पूजा विद्यार्थी एवं कोषाध्यक्ष रीता पन्नी का सहयोग प्राप्त हुआ।

**सभी को धन्यवादः** संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल, संभाग सचिव श्वेता मोदी, शाखा अध्यक्ष पूजा जैन विद्यार्थी, सचिव मनीषा जैन, कोषाध्यक्ष रीता जैन पन्नी ने दिया।

# माता महाकाली की आरती कर मनाया लखन घनघोरिया का जन्मदिन



**जबलपुर।** विधायक लखन घनघोरिया जन्मोत्सव पर 01 मार्च को गढ़ाफाटक स्थित माता महाकाली मंदिर पहुंचे जहां पर पं. राजेश तिवारी ने पूर्ण विधि-विधान के साथ माता की महाआरती कर श्री घनघोरिया को आशीर्वाद प्रदान किया। मिष्ठान्न वितरण के पश्चात विधायक घनघोरिया गढ़ाफाटक नामदेव भवन पहुंचे जहां स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की 97 वर्षीय धर्मपत्नी मीराबाई नामदेव ने तिलक कर श्रीफल, शॉल भेंट कर उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस नेता मनोज नामदेव, एड. शैलेष सतीश नामदेव, योगेश नामदेव, सुशील नामदेव, प्रमोद नामदेव, पुरुषोत्तम, अनूप नामदेव, आशा नामदेव, सुजाता नामदेव, मोना नामदेव, अनुश्री रेखा नामदेव, गौरव नामदेव, सूर्यांश, आकाश सहित वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार गुप्ता, गोपाल घनघोरिया, जय घनघोरिया, यश घनघोरिया, विजय घनघोरिया, डॉ. राजेन्द्र पिल्ले, सदानंद मिश्रा, रवि गुप्ता, राजेश केशरवानी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, धर्मेन्द्र कुशवाहा, रमेश यादव, प्रिंस सलूजा, विष्णु विनोदिया, पीयूष सोन, सुशील नवेरिया, दीना जैन के साथ कांग्रेसजनों ने उपस्थित होकर विधायक घनघोरिया को पुष्पहार, पुष्पगुच्छ, शॉल, श्रीफल भेंटकर उनकी दीर्घायु की कामना की।

## रामलीला मैदान घमापुर में संगीतमय शिवपुराण कथा श्रवण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जबलपुर।** श्री गिरिजा शंकर रामलीला मैदान घमापुर में आयोजित शिव महापुराण के सप्तम दिवस व्यास आचार्य सिद्धार्थ पाण्डे महाराज ने भगवान विष्णु के द्वारा तुलसी के हरण एवं शंखचूड़ बध तथा शंख एवं शालिगराम प्राकट्य की कथा का व्याख्यान किया। इस अवसर पर प्रमुख यजमान डॉ. ए.सी. सोनकर, अमरलता सोनकर, एड. बलराज सोनकर, राजश्री सोनकर एवं रामलीला समिति के पं. कमलेश तिवारी, एड. श्याम चंद्र तिवारी, डॉ. शिवमणी मिश्रा, पं. विष्णु दीक्षित, सतीश खण्डेलवाल, पं. बलराम परोहा, जगदीश यादव, अरुण सोनकर, राजेश सेन, पं. अरिवन्द पाठक, पं. राजेन्द्र पाण्डेय, मिथलेश तिवारी, सोनू सोनकर, कार्तिक, काव्या, संदीप सोनकर, बाबा सोनकर एवं क्षेत्रीय नागरिकों सहित सिद्धेश्वरधाम सिद्ध कुंड के पीठाधीश महन्त स्वामी रामेश्वरानंद, हाईकोर्ट संकट मोचन मंदिर के प्रमुख आचार्य पं. वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# प्यार, समर्पण और विश्वास ही विवाह जीवन की सफलता का है महत्वपूर्ण सूत्र : डॉ. अमिता सक्सेना

## पुस्तक मेला परिसर में नव दम्पत्ति दायित्व बोध शिविर संपन्न




**जबलपुर।** शहीद स्मारक, गोलबाजार में विराट पुस्तक मेला के छठवें दिन विशिष्टजनों सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन समुदाय द्वारा मेला में पुस्तकों का अवलोकन कर रुचि अनुकूल पुस्तकों का चयन किया गया।पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार आज नव दंपत्ति दायित्व बोध शिविर का आयोजन किया गया। दीप प्रज्जवलन के साथ गोष्ठी का शुभारंभ हुआ। शिविर के माध्यम से युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा सुखद एवं सफल दाम्पत्य जीवन के प्रमुख सूत्र "गृहस्थ एक तपोवन है जिसमें सेवा, संयम एवं सहिष्णुता की साधना की जाती है," के माध्यम से वर्तमान में परिवार में हो रहे विखंडन से बचने हेतु परामर्श प्रदान किया गया। विशेष रूप से कानपुर से पधारी डॉ. संगीता सारस्वत ने सहज रूप में सफल दाम्पत्य के सूत्र दिए। संस्कार अनगढ़ को सुगढ़ बनाने की विज्ञान सम्मत विधा है।

आज के कार्यक्रम में अजय विश्नोई विधायक पाटन, अशोक रोहाणी विधायक केंट, डॉ. अमित रिछारिया, स्मृति शुक्ला प्राचार्य मानकुंवर महाविद्यालय जबलपुर, डॉ. जितेंद्र जामदार, जी.एस. बघेल सेवानिवृत्त एडिशनल कमिश्नर जीएसटी एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन रहा और उन्होंने आचार्य श्री की पुस्तकों का स्वयं अध्ययन कर अपने इष्ट मित्रों में भी वितरण करने का संकल्प लिया। विधायक अशोक रोहाणी ने 10,000 रुपये विद्यार्थियों के लिए उपयोगी पुस्तकों के लिए दान किए।

03 मार्च दिन सोमवार को पुस्तक मेले का अंतिम दिन है। गायत्री परिवार ट्रस्ट एवं अनेक भामाशाहों द्वारा दिए गए अनुदान से विद्या दान के अंतर्गत ब्रह्मभोज साहित्य उपलब्ध कराया गया है। मेला समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि आमजन को जीवनोपयोगी साहित्य आधे मूल्य पर उपलब्ध कराया जावेगा। मेला संयोजक द्वारा अनुरोध किया गया है कि अंतिम दिवस अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस छूट का लाभ उठाएं। शाम को आध्यात्मिक कवि सम्मेलन में के.

# चड़ार समाज के सामाजिक महाकुंभ में वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि सम्मानित



**जबलपुर।**

चड़ार समाज द्वारा सामाजिक महाकुंभ कार्यक्रम का आयोजन बरगी विधानसभा के पूर्व विधायक संजय यादव के मुख्य आतिथ्य एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा की अध्यक्षता में भेड़ाघाट चड़ार समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए चड़ार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चड़ार ने बताया कि इस सामाजिक कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक वरिष्ठजनों एवं जनप्रतिनिधियों का सम्मान करने के साथ-साथ समाज में व्याप्त कुरीतियों जैसे मृत्युभोज एवं दहेजप्रथा को समाज से खत्म करना ही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, विदिशा, टीकमगढ़, छतरपुर एवं अन्य जिलों से उपस्थित स्वजातीयजनों के द्वारा खुले मंच से सामाजिक कुरीतियों का खुलकर विरोध किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप चड़ार, जबलपुर जिले के संरक्षक गोरेलाल चड़ार, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश चड़ार, वर्तमान जिला अध्यक्ष जुगल किशोर चड़ार, बरगी ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेश चड़ार, नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन चड़ार, जिला कार्यकारणी अध्यक्ष देवा चड़ार, जिला प्रवक्ता मनोज चड़ार, जिला युवा अध्यक्ष अंकित चड़ार, युवा उपाध्यक्ष मनीष चड़ार एवं अन्य स्वजातीयजन उपस्थित रहे।

## महालेखाकार ग्वालियर के साफ्टवेयर में पूर्व वर्षों की जी.पी.एफ. पर्ची डाउनलोड का हो प्रावधान

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि महालेखाकार ग्वालियर द्वारा कर्मचारियों की जी.पी.एफ. पर्ची सिर्फ उनके द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष की ही निकलती है जिससे कर्मचारियों को अपने खाते में जमा राशि को देखने की आवश्यकता पड़ने पर राशि निकालने पर पूर्व वर्षों की पर्ची नहीं निकलती है। यदि किसी कारणवश किसी माह की राशि गुमश हो जाती है तो गुमशुदा कटौत्रे का समायोजन हुआ है या नहीं यह भी आनलाईन पासबुक के अभाव में ज्ञात नहीं होता है, जिससे कर्मचारियों को वित्तीय हानि होती है। कर्मचारियों के अंतिम आहरण में सामान्य भविष्यनिधि कार्यालय की मनमानी चलती है। अतः नियुक्ति दिनांक से सामान्य भविष्यनिधि पासबुक ऑनलाइन की जाये, जिससे कर्मचारियों को नियुक्ति के समय से वर्तमान समय तक जो भी उसके खाते में राशि जमा है या उसका आहरण किया गया है वह प्रदर्शित हो।

# उत्कृष्ट खिलाड़ी-शिक्षकों का हुआ सम्मान

## शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**जबलपुर।** सहदेव सिंह मरावी अपर संचालक एवं प्राचार्य प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान जबलपुर के मुख्यातिथ्य, प्रभारी ज़िला परियोजना समन्वयक ओपी सिंह के विशिष्ट आतिथ्य तथा आशीष श्रीवास्तव विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जबलपुर 02 की अध्यक्षता तथा नगर 02 की टीम सदस्य प्रकाश चंदेल, अजय रजक, चन्द्रकुमार शिल्पकार, इन्द्रपुरी गोस्वामी, आशुतोष तिवारी, बीएस ठाकुर, संतोष दुबे, रामकुमार कतिया के संयोजन में आज रानी दुर्गावती कला वीथिका जबलपुर में शिक्षक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ी शिक्षकों, सेवानिवृत्त, उच्च पद प्रभार प्राप्त शिक्षक एवं अतिशेष में स्थानांतरित शिक्षकों का सम्मान माला, प्रशस्ति पत्र एवं दुपट्टा के साथ किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों के द्वारा अपने विचार मंच के माध्यम से प्रस्तुत किए गए। मंच संचालन आशुतोष तिवारी और इन्द्रपुरी गोस्वामी द्वारा किया गया। इस अवसर पर रॉबर्ट मार्टिन, ज़ियाउर्रहीम, दिनेश गोंड, शहीर मुमताज़, राकेश श्रीवास, मनमोहन चौधरी, गुडविन चार्ल्स, राजेश सहारिया, दिनेश ठाकुर, राजकुमार यादव, फिलिप अंतोनी, एनोस विक्टर, गोपीशाह, दीपेश जैन, रऊफ खान, देवेंद्र भट, मक़सूद कादरी आदि ने उपस्थित होकर सभी को बधाई दी एवं इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।




# बीज भंडार निगम एवं वेयर हाउसिंग अध्यक्ष अनुपमा सिंह का किया स्वागत

**पाटन।** श्रीमती अनुपमा सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय लोधी महासभा व अध्यक्ष बीज भंडार निगम एवं वेयर हाउसिंग भारत सरकार का आगमन जबलपुर हुआ सर्किट हाउस क्रमांक 2 में राष्ट्रीय लोधी महासभा के पदाधिकारी ने जोरदार स्वागत किया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष राम नरायण सिंह पाटन आदित्य वर्मा, डॉ राम जी पटेल शहपुरा जितेंद्र सिंह एडवोकेट, श्रीमती लक्ष्मी सलाखें एडवोकेट सुप्रिया सिंह, पुष्पेंद्र पटेल, लोचन सिंह, गुलाब सिंह, जयवर्धन सिंह आदि उपस्थित हुए। जबलपुर में बैठक की गई जिसमें शिक्षा स्वास्थ्य आदि विषयों पर चिंतन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री श्रीमान उमेश जी द्वारा शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन के बारे में अवगत कराया गया।

## परीक्षा के दौरान बढ़ी चिंता

# बदलते मौसम में बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ीं



**जबलपुर।** सर्दी-गर्मी के बदलते मौसम के साथ ही स्कूलों में परीक्षाएं शुरू हो गई हैं, लेकिन इस मौसम ने बच्चों के स्वास्थ्य को भी चुनौतीपूर्ण बना दिया है। बड़ी संख्या में बच्चे सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, पेट दर्द, टाइफाइड और चिकन पॉक्स जैसी बीमारियों से ग्रस्त हो रहे हैं। इससे न केवल बच्चों की सेहत पर असर पड़ा है, बल्कि परीक्षाओं के बीच यह स्थिति अभिभावकों की चिंता को और बढ़ा रही है। परीक्षाओं में बच्चों की अनुपस्थित की एक वजह बीमारी भी है।

### अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

परीक्षाओं के दौरान बच्चों की बढ़ती बीमारियों से जबलपुर के जिला अस्पताल, मेडिकल और अन्य निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या में अचानक वृद्धि हो गई है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन बच्चों में सर्दी-जुकाम, गले में खराश, तेज बुखार और बदन दर्द जैसी सामान्य लक्षण देखे जा रहे हैं। कई बच्चों में दो से तीन दिन तक तेज बुखार भी बना हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकतर मामलों में कॉमन कोल्ड वायरस का असर देखा जा रहा है। हालांकि, समय पर उपचार और जांच से बच्चों को जल्दी आराम मिल रहा है।

### बदलते मौसम का असर

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि इस समय की समस्या का मुख्य कारण दिन और रात के तापमान में असामानता है। डॉक्टरों के अनुसार, दिन और रात के तापमान के बीच बड़ा अंतर वायरस के पनपने के लिए अनुकूल स्थिति पैदा करता है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में लोग और बच्चे सर्दी-जुकाम और वायरल बुखार जैसी बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह समस्या अगले 15 से 20 दिन तक जारी रह सकती है, जब तक मौसम संतुलित नहीं हो जाता।

### इन बातों का रखें ध्यान

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि बच्चों को इस समय मौसम के अनुकूल सावधानी बरतनी चाहिए, ताकि बीमारियों से बचा जा सके। ठंडे मौसम में बच्चों को ठंडी चीजें जैसे आइसक्रीम, कोल्ड ड्रिंक, लस्सी आदि से दूर रखना चाहिए। बच्चों को मौसमी फल, दूध और संतुलित डाइट देना जरूरी है, ताकि उनकी प्रतिरक्षा क्षमता बनी रहे। बच्चों को परीक्षा के साथ पर्याप्त आराम भी करना चाहिए। साथ ही, अभिभावकों को बच्चों के साथ बात करके उनकी मानसिक स्थिति पर ध्यान देना चाहिए, ताकि पढ़ाई के तनाव से वे बचें।




**श्री राकेश प्रधान-** नब्बे क्वाटर शक्ति नगर निवासी श्री श्यामजीत प्रधान के पुत्र श्री राकेश प्रधान (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती निर्मला हिरवानी-** शारदा अपार्टमेंट दशमेश द्वार के पास मदनमहल निवासी श्री देवेंद्र हिरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती निर्मला हिरवानी (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती रमा बाई पटेल-** चर्च के पास गोराबाजार केंट निवासी श्री घनश्याम पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती रमा बाई पटेल (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री हेमराज मलिक-** मछो वाला कम्पाउंड नेपियर टाउन आर्य कन्या शाला के पास निवासी श्री हेमराज मलिक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती चंद्रावती शुक्ला-** मानेगांव नानक नगर रांझी निवासी श्री हीरा लाल शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रावती शुक्ला (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अरूण कुमार गोस्वामी-** नब्बे क्वाटर त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री अरूण कुमार गोस्वामी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री महेश कुमार शिवहरे-** नवनीत एनक्लेव रांझी निवासी श्री महेश कुमार शिवहरे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुवेश यादव-** अंजली कॉलोनी रिछाई निवासी श्री राम नारायण यादव के पुत्र श्री मुवेश यादव (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव-** मानेगांव वेस्ट लैंड रोड निवासी श्री गुलाबचंद लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री निखिल ठाकुर-** पीपी कॉलोनी नर्मदा रोड निवासी श्री राम प्रसाद ठाकुर के पुत्र श्री निखिल ठाकुर (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री फतेह सिंह राजपूत-** झिरिया केंट सदर निवासी श्री अमरजीत सिंह राजपूत के पुत्र श्री फतेह सिंह राजपूत (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी चौधरी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री राम आसरे चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी चौधरी (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री ज्ञान मोहन शर्मा-** गंगानगर गढ़ा निवासी श्री ज्ञान मोहन शर्मा (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री छब्बी लाल विश्वकर्मा-** नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री छब्बी लाल विश्वकर्मा (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

## खबर संक्षेप

### इंडिगो पर इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित जुर्माना




**नई दिल्ली।** इंडिगो ने कहा कि उसपर गुजरात में इनपुट टैक्स क्रेडिट के संबंध में 1.30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है और वह आवश्यक कानूनी उपाय पर विचार कर रही है। अहमदाबाद के राज्य के सहायक कर आयुक्त ने एयरलाइन पर 1,30,40,966 रुपये का जुर्माना लगाया है।

### भारत में कम अवधि के वीडियो की मांग बढ़ी



**नई दिल्ली।** घरेलू सोशल मीडिया मंच शेयरचैट और मोज के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) मनोहर सिंह चरण ने कहा कि भारत में कम अवधि के वीडियो को छोटे शहरों और कस्बों से बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इस खंड में आकर्षक स्थानीय सामग्री की बहुत अधिक मांग है। भारत में कम अवधि के वीडियो का बाजार तेजी से बढ़ रहा है, हालांकि यह अभी शुरुआती दौर में है।

### ग्लेनमार्क ने अमेरिका से एडीएचडी दवा वापस मंगाई




**नई दिल्ली।** ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स अमेरिकी बाजार में एक जेनेरिक दवा की करीब 15 लाख बोतलें वापस मंगा रही है, जिसका इस्तेमाल एकाग्रता की कमी और अति सक्रियता विकार (एडीएचडी) के इलाज में किया जाता है। अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने यह जानकारी दी। मुंबई स्थित दवा विनिर्माता की अनुषंगी कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स इंक, यूएसए कई एटोमोक्सेटिन कैप्सूल की करीब 14.76 लाख बोतलें वापस मंगा रही है।

### बीते सप्ताह अधिकांश तेल-तिलहन के दाम टूटे



**नई दिल्ली।** सरकार के द्वारा बीते सप्ताह आयातित खाद्य तेलों के आयात शुल्क मूल्य में वृद्धि किये जाने के बावजूद गत सप्ताहांत में शिकॉगो एक्सचेंज में भारी गिरावट रहने के कारण करोबारी दवाब बढ़ने से अधिकांश तेल-तिलहनों के दाम गिरावट दर्शाते बंद हुए। उपलब्धता घटने और सस्ता होने की वजह से मांग बढ़ने के कारण अकेला बिनौला तेल सुधार के साथ बंद हुआ।

### सरकार ने गेहूं खरीद का लक्ष्य 3.1 करोड़ टन रखा



**नई दिल्ली।** सरकार ने अप्रैल से शुरू होने वाले 2025-26 रबी विपणन सत्र के लिए 3.1 करोड़ टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया। कृषि मंत्रालय ने फसल वर्ष 2024-25 में 11.5 करोड़ टन रिकॉर्ड गेहूं उत्पादन का लक्ष्य रखा है, बावजूद खरीद लक्ष्य कम है। राज्य के खाद्य सचिवों के साथ हुई बैठक में गेहूं, धान और मोटे अनाज जैसी रबी फसलों के लिए खरीद लक्ष्य तय किया गया।

### डालमिया भारत क्षमता बढ़ाने करेगी निवेश

Dalmia Bharat Limited

**नई दिल्ली।** सीमेंट विनिर्माता डालमिया भारत ने महाराष्ट्र और कर्नाटक में 60 लाख टन सालाना सीमेंट क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 3,520 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की। कंपनी अपनी अनुषंगी कंपनियों के माध्यम से कर्नाटक में अपने मौजूदा बेलगाम संयंत्र में 36 लाख टन प्रति वर्ष (एमएनटीपीए) क्लिंकर इकाई और 30 लाख टन सालाना ग्राइंडिंग इकाई स्थापित करेगी।

# टीसीएस को हुआ सबसे बड़ा नुकसान, अब नहीं रही देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टीसीएस अब भले ही देश की सबसे बड़ी आईटी कंपनी हो, लेकिन देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी नहीं रही। इसका अहम कारण कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट और वैल्यूएशन में कमी आना है। टीसीएस को पीछे छोड़कर एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर आ गया है। टीसीएस के शेयर मे मौजूदा साल यानी दो महीनों में 15 फीसदी की गिरावट देखने को मिल चुकी है।

अब जबकि 6 महीनों में कंपनी के शेयर 23 फीसदी से ज्यादा गिर चुके हैं। जिसकी वजह से कंपनी के मार्केट कैप को भी मोटा नुकसान हुआ है। पिछले हफ्ते भी टीसीएस को सबसे बड़ा नुकसान उठाना पड़ा। कंपनी के शेयर में 6.68 फीसदी का नुकसान देखने को मिला है। जिसकी वजह से कंपनी के मार्केट कैप में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

**कंपनी के शेयरों में लगातार गिरावट और वैल्यूएशन गिरा है, टीसीएस को पीछे छोड़कर एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर आ गया**

### रिकॉर्ड लेवल से नीचे गिरा

टीसीएस का शेयर 4,592.25 रुपए के साथ 52 हफ्तों के हाई पर पहुंच गया था। जो मौजूदा समय में 3,478 रुपए पर दिखाई दे रहा है। तब से अब तक कंपनी के शेयरों में 1,114.25 रुपए की गिरावट देखने को मिल चुका है। इसका मतलब है कि कंपनी के शेयर में रिकॉर्ड 24 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिल चुकी है। वहीं बीते एक साल में कंपनी के शेयर करीब 15 फीसदी नीचे आ चुके हैं। जिसकी वजह से कंपनी को बड़ा नुकसान हो रहा है।

### एक हफ्ते में कंपनी के शेयर 249.10 रुपए गिर चुके




एनएसई के आंकड़ों के अनुसार एक हफ्ते में कंपनी के शेयर में 249.10 रुपए की गिरावट आ चुकी है। जबकि शुक्रवार को कंपनी का शेयर 134.55 रुपए यानी 3.72 फीसदी की कटौती देखने को मिली है। मौजूदा समय में कंपनी के शेयर 3,478 रुपए पर आ चुके हैं।

### नहीं रही देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी

शेयरों में लगातार गिरावट की वजह से कंपनी की वैल्यूएशन में भी बड़ी गिरावट देखने को मिली है। खास बात तो ये है कि कंपनी की वैल्यूएशन अब इतना कम हो गया है कि वो देश की दूसरी सबसे बड़ी कंपनी के पायदान से नीचे खिसकर तीसरे पायदान पर आ गई है। आंकड़ों को देखें तो कंपनी को पिछले एक लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ और कंपनी का मार्केट कैप 13 लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया। जिसकी वजह से कंपनी देश की सबसे बड़ी कंपनी के पायदान पर आ गई। जबकि एचडीएफसी बैंक दूसरे पायदान पर पहुंच गया। बैंक का मार्केट कैप अभी 13 लाख करोड़ रुपए के ऊपर बना हुआ है।

## नीति आयोग के सदस्य विरमानी ने कहा- कामगार व जनसंख्या का अनुपात बढ़ा

# रोजगार बढ़ रहा पर महंगाई के हिसाब से नियमित कर्मचारियों का वेतन नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य डॉ. अरविंद विरमानी ने कहा है कि देश में रोजगार तो बढ़ रहा है, लेकिन नियमित नौकरियों के मामले में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ा है। उन्होंने यह भी कहा कि नौकरी और कौशल एक ही सिक्के के दो पहलू हैं, आप में हुनर है तो उससे नौकरी मिलना आसान हो जाता है।

विरमानी के अनुसार, वैश्विक जनसंख्या के मामले में हमारे पास अवसर है, उसका लाभ उठाने की जरूरत है और इसके लिए शिक्षण और प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ''पीएलएफएस (आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण) आंकड़ों के अनुसार, पिछले सात साल में कामगार-जनसंख्या अनुपात साफ तौर पर बढ़ रहा है।

**नौकरियों के मामले में सात साल से पारिश्रमिक महंगाई के हिसाब से नहीं बढ़ा**

### पीएलएफएस ने जारी की रिपोर्ट

इसका मतलब है कि नौकरियों की संख्या जनसंख्या वृद्धि के मुकाबले अधिक बढ़ रही हैं। इसमें उतार-चढ़ाव भी है लेकिन जो रुख है, वह बताता है कि नौकरियां बढ़ रही है। अतः यह कहना गलत है कि नौकरियां नहीं बढ़ रही हैं।'' उल्लेखनीय है कि पीएलएफएस की सालाना रिपोर्ट 2023-24 (जुलाई-जून) के अनुसार, कामगार-जनसंख्या अनुपात सभी उम्र के व्यक्तियों के मामले में 2023-24 में बढ़कर 43.7 प्रतिशत हो गया, जो 2017-18 में 34.7 प्रतिशत था।




### महंगाई के हिसाब से पारिश्रमिक नहीं बढ़ा

जाने-माने अर्थशास्त्री विरमानी ने कहा, ''लेकिन एक बड़ा मुद्दा नियमित वेतन वाली नौकरियां के मामले में है। इस श्रेणी में सात साल में वास्तविक पारिश्रमिक मुद्रास्फीति के हिसाब से नहीं बढ़ा है।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक मेरा आकलन है, महंगाई के हिसाब से पारिश्रमिक नहीं बढ़ने का मुख्य कारण है कौशल की कमी है।

### शिक्षा के हर स्तर पर कौशल विकास जरूरी

विरमानी ने कहा, ''हमने जो विश्लेषण किया है, उसके अनुसार शिक्षा के हर स्तर पर कौशल विकास की जरूरत है। कई बच्चे बीच में पढ़ाई छोड़ देते हैं, उनके लिए उसी हिसाब से कौशल विकसित करने की जरूरत है। ऐसा नहीं है कि सभी को एआई (कृत्रिम मेधा) या इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर बनने के लिए ही कौशल की जरूरत है। हमें उन बच्चों के बारे में भी सोचना है जो बीच में पढ़ाई छोड़ते हैं।

### कैजुअल वर्कर का वेतन बढ़ा

विरमानी ने कहा, ''अगर पीएलएफएस में पारिश्रमिक के आंकड़ों को देखें, जो कैजुअल वर्कर (ठेके पर काम करने वाले) हैं, उनका वास्तविक वेतन सात साल के दौरान बढ़ा है और इस दौरान उनकी स्थिति सुधरी है। आंकड़े इसकी पुष्टि करते हैं।''

### कौशल के साथ उत्पादकता बढ़ती है

नीति आयोग के सदस्य के अनुसार, यह इसलिए महत्वपूर्ण है कि कौशल जब बढ़ता है, उत्पादकता बढ़ती है, और वास्तविक वेतन बढ़ता है। यह भारत में भी होता है और दुनिया में भी होता है। हम यह सोचते हैं कि हम जो काम कर रहे हैं, वहीं करते रहें और वेतन बढ़ेगा, यह ठीक नहीं है। अतः स्किलिंग (कौशल विकास) बहुत जरूरी है। और जो काम कर रहे हैं केवल उनके लिए ही नहीं बल्कि जो नये लोग आ रहे हैं, उनमें भी कौशल विकास की जरूरत है।

# हिंदुस्तान जिंक पांच साल में उत्पादन दोगुना करेगा




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में अपने धातु उत्पादन को दोगुना करके सालाना 20 लाख टन करना है। कंपनी की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल हेब्बार ने यह बात कही।

- चेयरपर्सन ने कहा, उत्पादन सालाना 20 लाख टन करना है

हेब्बार ने शेयरधारकों को लिखे पत्र में कहा, 'भारत की इस्पात क्षमता में विस्तार और बुनियादी ढांचे पर अत्यधिक ध्यान के साथ, हिंदुस्तान जिंक 2030 तक अपने उत्पादन को दोगुना करके 20 लाख टन सालाना करने की राह पर है। हमारा जिंक, इस्पात गैल्वनाइजेशन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।' कंपनी की जिंक उत्पादन क्षमता इस समय सालाना 11 लाख टन है। हेब्बार ने कहा कि कंपनी महत्वपूर्ण खनिजों में भी विस्तार कर रही है और उसे देश में कई ब्लॉकों के लिए पसंदीदा बोलीदाता घोषित किया गया है। हिंदुस्तान जिंक की रोस्टर और उर्वरक संयंत्र परियोजनाएं भी आगे बढ़ रही हैं। चेयरपर्सन ने कहा, ''चाहे हमारे 'टेली-रिमोट' संचालन हों, जो हमें सतह से भूमिगत खदानों को संचालित करने की क्षमता देते हैं या धातु उत्पादन में उन्नत रोबोटिक्स का इस्तेमाल हो, हम अपने संचालन में मानवीय हस्तक्षेप को कम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।''

### उत्पादन चार फीसदी सालाना की दर से बढ़ा

कंपनी के कृत्रिम मेधा (एआई) को तेजी से अपनाने से अयस्क निकालने, प्रसंस्करण और धातु उत्पादन में वृद्धि हुई है और इसकी उत्पादकता लगातार बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में, कंपनी का धातु उत्पादन चार प्रतिशत की सालाना दर से बढ़ा है, जबकि चांदी का उत्पादन पांच प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है।

**विदेशी निवेशकों की गतिविधियां डालेगी असर**


# वैश्विक रुख से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिका में शुल्क से संबंधित घटनाक्रमों, वैश्विक रुख और विदेशी निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि आने वाले दिनों में व्यापार शुल्क की चिंताओं तथा विदेशी कोषों की निकासी से निवेशकों की धारणा कमजोर रह सकती है। अकेले फरवरी में निफ्टी 1,383.7 अंक टूटा है। वहीं इस दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,302.47 अंक नीचे आया है।

पिछले साल 27 सितंबर को सेंसेक्स 85,978.25 के अपने शीर्ष स्तर पर पहुंचा था। तब से अबतक सेंसेक्स 12,780.15 अंक या 14.86 प्रतिशत नीचे आ चुका है। इसी तरह निफ्टी 27 सितंबर, 2024 के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 26,277.35 अंक से 4,152.65 अंक या 15.80 प्रतिशत टूट चुका है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''निवेशकों की



निगाह शुल्क नीति और बेरोजगारी दावों सहित महत्वपूर्ण घटनाक्रमों पर रहेगी। निकट भविष्य में बाजार की स्थिति कमजोर रहने की उम्मीद है। हालांकि, अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनियों के नतीजों में सुधार तथा वैश्विक व्यापार मोर्चे पर अनिश्चितता कम होने के बाद स्थिति में धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है।''

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख-शोध, संपदा प्रबंधन प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हमारा मानना है कि कमजोर वैश्विक रुख और घरेलू मोर्चे पर संकेतकों की कमी की वजह से बाजार कमजोरी के रुख के साथ कारोबार करेगा।''

### जीडीपी सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही

यह क्रमिक आधार पर सात तिमाहियों के निचले स्तर से उबर रही है। हालांकि, दिसंबर तिमाही की वृद्धि दर इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में कम रही है। आर्थिक वृद्धि दर का यह आंकड़ा ऐसे समय आया है जबकि अमेरिका का शुल्क युद्ध चुनौती बना हुआ है।

### जीडीपी की वृद्धि दर 6.2 फीसदी रही

सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रही है। यह जुलाई-सितंबर तिमाही के 5.6 प्रतिशत के संशोधित आंकड़े से अधिक है। हालांकि, यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.8 प्रतिशत के अनुमान से कम है।

### रिजर्व बैंक ने हांगकांग शंघाई बैंक पर लगाया जुर्माना

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि उसने अपने ग्राहक को जानें और जमा पर ब्याज दर से संबंधित निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड पर 66.6 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा, आईआईएफएल समस्ता फाइनेंस लिमिटेड पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण गैर-जमा स्वीकार करने वाली कंपनी और जमा स्वीकार करने वाली कंपनी (रिजर्व बैंक) निर्देश, 2016 और अपने ग्राहक को जानें (केवाईसी) निर्देशों के कुछ प्रावधानों का पालन नहीं करने के लिए 33.1 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

# एनसीएल की 24 हजार करोड़ की पुनर्वास योजना शुरू होगी

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

कोल इंडिया की इकाई एनसीएल जल्द ही मध्य प्रदेश के सिंगरौली में मोरवा कस्बे को स्थानांतरित करने के लिए अपनी 24,000 करोड़ रुपये की पुनर्वास और पुनर्स्थापन (आर एंड आर) परियोजना शुरू करेगी।

'सिंगरौली पुनरुद्धार' परियोजना के तहत इस पुनर्वास में 927 हेक्टेयर में फैले कस्बे से करीब 50,000 लोगों और 22,500 घरों को स्थानांतरित किया जाएगा। सिंगरौली में करीब 60 करोड़ टन खनन योग्य कोयला है। नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी साईराम ने कहा, ''यह एक बहुत बड़ी परियोजना है जिसकी अनुमानित लागत 24,000 करोड़ रुपये है।




### भूमि अधिग्रहण मुद्दे सुलझाने पर काम

फिलहाल एनसीएल भूमि अधिग्रहण से जुड़े मुद्दों को सुलझाने पर काम कर रही है, जिस पर करीब 4,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। आरएंडआर खर्च की भरपाई के लिए एनसीएल मई से कोयले की बिक्री पर 300 रुपये प्रति टन का अतिरिक्त शुल्क लगाएगी। इससे वित्त वर्ष 2026-27 से इसके अनुमानित 14 करोड़ टन उत्पादन से सालाना करीब 4,200 करोड़ रुपये की आय होने की उम्मीद है।

# भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश: प्रधान

**चेन्नई।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत 35.4 करोड़ डॉलर से अधिक के संयुक्त मूल्यांकन के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है। मंत्री भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय अनुसंधान और विकास प्रदर्शनी 'आईइनवेन्टिव'' के तीसरे संस्करण के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। आईइनवेन्टिव शिक्षा मंत्रालय का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे पहली बार 2022 में आईआईटी-दिल्ली में आयोजित किया गया था। इसमें सिर्फ आईआईटी के प्रदर्शन शामिल थे। प्रधान ने अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों को भी निमंत्रण दिया और वैश्विक स्टार्ट-अप अवसरों को बढ़ावा देने के लिए अनुसंधान संबंधों को मजबूत करने की मांग की।

# भारत का खुदरा क्षेत्र 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपए का होगा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के खुदरा क्षेत्र के 2034 तक बढ़कर 190 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने का अनुमान है। एक रिपोर्ट में यह निष्कर्ष निकाला गया है।

- सबसे अधिक लाभ खुदरा विक्रेताओं को होगा

रिपोर्ट में कहा गया है कि इसका सबसे अधिक लाभ उन खुदरा विक्रेताओं को होगा जिनके पास देश की विविध जनसांख्यिकी और विपरीत उपभोक्ता व्यवहारों को अपनाने की क्षमता है।

बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और रिटेलर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आरएआई) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार रिपोर्ट में कहा गया है कि अलग-अलग उपभोक्ता समूहों के साथ (जिनमें से प्रत्येक की अपनी अनूठी जरूरतें हैं) खुदरा विक्रेताओं को विभिन्न अवसरों को पहचानने



और 'भारत' और 'इंडिया' में सफल होने के लिए वे कहां खेलना चाहते हैं, इसका तेजी से चयन करने की जरूरत होगी।

भारत में खुदरा बाजार 2024 में 82 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। यह 2014 में 35 लाख करोड़ रुपये का था। पिछले दशक के दौरान देश का खुदरा क्षेत्र सालाना 8.9 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश की आर्थिक वृद्धि तथा विविधता वाले उपभोक्ता आधार की वजह से खुदरा क्षेत्र तेजी से बढ़ा है।

### भारत की उपभोग वृद्धि का रुख अच्छा रहा

रिपोर्ट कहती है कि कोविड-19 महामारी के समय को छोड़कर भारत की उपभोग वृद्धि का रुख अच्छा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र 2024-34 के दौरान सबसे ऊंची वृद्धि दर्ज करने के लिए तैयार है। इसमें कहा गया है कि भारतीय खुदरा क्षेत्र विशाल है और इसके 2034 तक 190 लाख करोड़ रुपये पर पहुंचने की उम्मीद है।

## नई कीमत 4.23 लाख रुपए, पहले 4.09 लाख थी

# मारुति ने लांच कर दी 6 एयरबैग वाली ऑल्टो के-टेन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मारुति ऑल्टो इंडिया के सबसे पॉपुलर कारों में से एक रही है। कंपनी अब इसे ऑल्टो के10 नाम से सेल करती है। इसके पॉपुलर होने का एक कारण ये भी है कि ये इंडिया की सबसे सस्ती कारों में से एक है। अब कंपनी ने इसे 6 एयरबैग सेटअप के साथ अपडेट किया है। यानी अब आपको ये बजट कार ज्यादा सेफ्टी के साथ मिलने वाली है। 6 एयरबैग जुड़ने के बाद इस कार की कीमत भी बढ़ गई है। 6 एयरबैग सेटअप के साथ अब इस कार की कीमत 16,000 रुपए तक बढ़ा दी गई है। अब इस कार की शुरुआती कीमत 4.23 लाख रुपए हो गई है। पहले यह कीमत 4.09 लाख रुपए थी। भारत में सरकार ने कारों में सेफ्टी के लिए नए रेग्युलेशन जारी किए हैं। इसलिए कंपनियां लगातार अपने मॉडल्स को 6 एयरबैग्स के साथ अपडेट कर रही हैं।

**इस कार में अब कई नए सेफ्टी फीचर्स मिलते हैं**

### मारुति ऑल्टो के10 सेफ्टी किट

पीछे के यात्रियों के लिए 3-पॉइंट सीट बेल्ट भी जोड़े गए। 6 एयरबैग के अलावा, मारुति ऑल्टो के10 के सुरक्षा सूट में रियर पार्किंग सेंसर, सभी पीछे के यात्रियों के लिए 3-पॉइंट सीट बेल्ट, सामान-प्रतिधारण क्रॉसबार, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता कार्यक्रम (ईएसपी), एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम (एबीएस) और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक-फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन (ईबीडी) शामिल हैं।




### मारुति ऑल्टो के10 की सेल

मारुति ऑल्टो के10 के 74 प्रतिशत खरीदार पहली बार आए हैं यानी फर्स्ट टाइम बायर्स हैं। 2000 में बजट हैचबैक के भारत में आने के बाद से मारुति सुजुकी ने ऑल्टो की 46 लाख से ज्यादा यूनिट्स बेची हैं। कंपनी के चीफ मार्केटिंग एंड सेल्स एग्जीक्यूटिव, पार्थो बनर्जी ने भी कहा कि ऑल्टो के10 के 74 प्रतिशत खरीदार पहली बार कार खरीद रहे हैं।

### सुरक्षा का नया स्तर दिया

मारुति सुजुकी ने ऑल्टो के10 की सुरक्षा को एक नया स्तर दिया है। अब यह 6 एयरबैग्स के साथ स्टैंडर्ड रूप में उपलब्ध होगी। यह अपग्रेड इसे सेगमेंट की सबसे सुरक्षित कारों में से एक बनाता है। ऑल्टो के10 में अब फ्रंट ड्राइवर और पैसेंजर एयरबैग के अलावा, साइड और कर्टन एयरबैग्स भी जोड़े गए हैं। इसके अलावा कार में एबीएस, इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम, रिवर्स पार्किंग सेंसर और ऑटो गियर टेक्नोलॉजी जैसे फीचर्स भी मिलते हैं।

चिंतन

# युद्ध समाप्ति की दिशा में बढ़ें यूक्रेन व रूस

करीब तीन वर्ष से जारी रूस और यूक्रेन युद्ध को समाप्त कराने की दिशा में कोई भी पहल स्वागत योग्य है। लेकिन हाल में अमेरिका व रूस के बीच बातचीत, जेलेंस्की का रूस व यूएस वार्ता को लेकर मुखर रूप, यूरोप की यूक्रेन के साथ तालबंदी, ट्रंप व जेलेंस्की के बीच तीखी बहस और ब्रिटेन, फ्रांस व यूक्रेन की युद्ध विराम योजना पर सहमति आदि घटनाएं इतनी तेजी में घटी हैं, जिसमें कूटनीति फीकी पड़ी है और मदद के बदले 'डील' फ्रंट सीट पर आई है। इसमें सकारात्मक बात है कि ब्रिटेन, फ्रांस और यूक्रेन एक युद्धविराम योजना पर काम करने के लिए सहमत हो गए हैं, जिसे अमेरिका के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच 'ओवल ऑफिस' (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में हुई तीखी बहस के एक दिन बाद यह योजना सामने आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति यूक्रेन में स्थायी शांति चाहते हैं, लेकिन इसे कायम रखने के लिए अमेरिकी सुरक्षा गारंटी की आवश्यकता होगी। यूक्रेन यही मांग रहा है, इसके लिए वह अमेरिका के साथ 'अपमानजनक' खनिज दोहन समझौता के लिए भी तैयार हो गया था। अमेरिका शांति सुरक्षा के नाम पर कोई गारंटी नहीं देना चाहता है। यह सर्वविदित है कि अमेरिका व अधिकांश यूरोपीय देशों ने रूस के खिलाफ युद्ध में यूक्रेन की मदद की है, ये मददगार देश यूक्रेन के कंधे पर बंदूक रखकर रूस के अंत की तारीख लिखना चाह रहे थे। यूक्रेन भी बिना मदद युद्ध को इतने लंबे समय तक जारी नहीं रख सकता था। लेकिन तीन साल के बाद अमेरिका में सत्ता परिवर्तन हुआ और ट्रंप राष्ट्रपति बने, तब अमेरिकी प्रशासन की राय बनी कि यूक्रेन को युद्ध के लिए मदद करना पैसे की बर्बादी है, इसलिए इस मदद को रोका जाय। इसी के साथ यूक्रेन से उसको की गई करीब 350 अरब डॉलर की मदद के बदले दुर्लभ खनिज उत्खनन पर अधिकार हासिल किया जाए। अमेरिका के मुंह फेरने के बाद यूक्रेन के लिए विकट स्थिति बन गई है। यूरोप यूक्रेन के साथ हैं, लेकिन धन व अस्त्र-शस्त्र की आपूर्ति जारी रखने में सक्षम नहीं हैं। ऐसे में अमेरिकी मदद के बिना यूक्रेन के लिए युद्ध जारी रखना संभव नहीं है। युद्ध समाप्ति की दिशा में प्रयास के तहत अमेरिका ने रूस से वार्ता की, इसको लेकर यूक्रेन नाराज हुआ कि बिना उसकी भागीदारी के वार्ता के नतीजे वो स्वीकार नहीं करेगा। यह स्वाभाविक भी है कि युद्ध के दोनों पक्षकार का वार्ता में होना जरूरी है। अमेरिका ने ऐसा नहीं किया। अमेरिका रूस को मना रहा है कि युद्ध खत्म करने के लिए वह तैयार हो, लेकिन यूरोप व यूक्रेन अमेरिका की इस पहल पर सहज नहीं हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति अमेरिका आए और मदद जारी रखने के बदले खनिज पर अधिकार को लेकर ट्रंप प्रशासन के साथ समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले थे। तभी ट्रंप व जेलेंस्की में तीखी बहस हुई, उन्हें ओवल ऑफिस छोड़ने के लिए कहा गया। इन सबमें ट्रंप का रवैया कूटनीतिज्ञ जैसा नहीं रहा, वे यूक्रेनी संप्रभुता व अपने आतिथ्य का सम्मान नहीं कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जल्द से जल्द इस युद्ध को समाप्त कर अपना चुनावी वादा पूरा करना चाहते हैं। लेकिन जैसी जल्दबाजी और तरीका ट्रंप प्रशासन अपना रहा है, वह यूक्रेन को नहीं पच रहा है। यूरोप, अमेरिका, यूक्रेन व रूस के बीच फ्रंट व बैकडोर डिप्लोमेसी से बात करके ही युद्ध समाप्ति का फार्मूला निकल सकता है। यह यूक्रेन व रूस को तय करना है कि वह शांति चाहते हैं या युद्ध? यूक्रेन के लिए राह अधिक कठिन है।

# ट्रम्प के रवैये से 'भरोसे' को झटका



कूटनीति
राजेश जैन

अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन या तो अपनी आधी खनिज संपदा उसे देने का सौदा करे या अपनी जमीन का करीब पांचवां भाग छोड़ दे, वहीं 'नाटो' का सदस्य बनने या किसी दूसरी तरह की सुरक्षा गारंटी हासिल करने की बात तो भूल ही जाए। फरवरी के अंतिम दिन अमेरिका दौरे के दौरान इससे इनकार पर यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया। ट्रम्प ने कहा कि जेलेंस्की बातचीत की हालत में नहीं है। जेलेंस्की ने फिर से ट्रम्प के साथ बातचीत करने की इच्छा जाहिर की, लेकिन उन्हें मौका नहीं दिया गया।

ट्रंप ने इससे पहले कनाडा को अमेरिका का 51वां सूबा बनाने की बात कही थी। ग्रीनलैंड को खरीदने और गाजा को फलस्तीनियों से खाली करवाने की बात भी वे कह चुके हैं। यूरोप को वे यह कहकर रोने पर मजबूर कर रहे हैं कि उन्हें बे-लगाम पुतिन का सामना अपने ही बूते करना पड़ेगा। अब सवाल यह नहीं है कि ट्रम्प इन धमकियों पर अमल करेंगे या नहीं। मुद्दे की बात यह है कि कोई भी संप्रभुता-संपन्न देश ऐसी धमकियों को महज लफ्फाजी मानकर खारिज नहीं कर सकता। यहां भरोसा तोड़ा गया है। अगर ट्रम्प 'सुरक्षा शुल्क', खनिज या जमीन की मांग कर सकते हैं तो आगे यह भी मांग की जा सकती है कि हमारे गुलाम बन जाओ या चीन या रूस के रहम पर रहो। हो सकता है ट्रम्प ग्रीनलैंड ले जाएं, शी जिनपिंग ताइवान ले उड़ें और पुतिन बाल्टिक्स का कुछ हिस्सा दबोच लें। इससे पहले भी डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन ने कई बार अंतरराष्ट्रीय नियमों और कूटनीतिक परंपराओं की अनदेखी की है। चाहे वह जलवायु समझौते से बाहर होना हो, विश्व स्वास्थ्य संगठन की फंडिंग रोकना हो, या फिर ईरान के साथ परमाणु समझौते को तोड़ना, इन सभी फैसलों में शक्ति प्रदर्शन और आत्मकेंद्रित नीतियों की झलक साफ दिखाई दी। ट्रम्प का रवैया बताता है कि अंतरराष्ट्रीय संबंधों में नैतिकता और मूल्यों की जगह सैन्य और आर्थिक शक्ति को प्राथमिकता दी जा रही है।

यह स्थिति उस कहावत को चरितार्थ करती है- 'जिसके पास लाठी, उसकी भैंस।' अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पर नजर रखने वाले जानते हैं कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन थे, तब यूक्रेन को अमेरिका और यूरोपीय देशों की ओर से दी जा रही मदद लोकतंत्र को बचाने की जंग थी। उन्हें अहसास था कि अगर पुतिन की मनमानी को नहीं रोका तो वह विस्तारवादी नीतियों पर आगे बढ़ते रहेंगे। आपको बता दें कि पुतिन के बारे में माना जाता रहा है कि वे सोवियत संघ के दौर के साम्राज्यवाद को फिर से स्थापित करना चाहते हैं। पोलैंड, स्लोवाकिया, लातविया, एस्टोनिया और मोल्दोवा पुतिन के निशाने पर हैं। उन्होंने 2014 में यूक्रेन से क्रीमिया छीना था। 2022 के बाद युद्ध में भी पुतिन यूक्रेन के कई क्षेत्रों पर कब्जा करने में कामयाब रहे हैं। यूक्रेन के सहयोगी यूरोपीय देश चाहते हैं कि युद्ध पुतिन की शर्तों पर खत्म नहीं करना चाहिए।

युद्ध खत्म करवाने की एवज में रूसी राष्ट्रपति से भी रियायतें हासिल करनी चाहिए। ट्रम्प से मिलने के बाद जेलेंस्की ने भी कहा कि यूक्रेन तब तक रूस के साथ पीस डील में शामिल नहीं होगा जब तक कि उसे सुरक्षा की पूरी गारंटी नहीं मिल जाती। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के कार्यकाल में जिस प्रकार 'अमेरिका



फर्स्ट' नीति के तहत मनमानी और शक्ति प्रदर्शन को प्राथमिकता दी गई, उसने वैश्विक संतुलन को गहराई से प्रभावित किया है। उनकी विदेश नीति, व्यापार समझौतों से लेकर सैन्य हस्तक्षेप तक, एक ही संदेश देती है- 'जिसके पास शक्ति है, वही नियम तय करेगा।' यह दृष्टिकोण न केवल अमेरिका की वैश्विक छवि को बदल रहा है, बल्कि अन्य महाशक्तियों को भी इसी राह पर चलने के लिए प्रेरित कर रहा है, जिससे दुनिया में अराजकता की आशंका बढ़ रही है।

हो सकता है चीन ताइवान को अपने में मिलाने के लिए जंग छेड़ दे। हाल ही में शी चिनफिंग ने कहा भी है कि ताइवान मसले को वह आने वाली पीढ़ियों की खातिर नहीं छोड़ना चाहते यानी वह अपने कार्यकाल में उसका विलय चीन में करना चाहते हैं। आपको बता दें कि 1994 में यूक्रेन ने रूस, यूरोप और अमेरिका से सुरक्षा की गारंटी मिलने के बाद परमाणु हथियारों के अपने भंडार को त्याग दिया था। आज यूक्रेन के हालत देखकर अब कौन ऐसे शांति प्रस्तावों पर भरोसा करने का साहस करेगा। ट्रम्प साफ़ कह रहे हैं कि किसी की भी सुरक्षा अमेरिका का सिरदर्द नहीं है। ऐसे में क्या होगा जब ट्रम्प जापान से कहेंगे कि मुझे ओकिनावा दे दो या ऑस्ट्रेलिया से कहें कि अमेरिका से सुरक्षा गारंटी की कीमत के रूप में अपने खनिज संसाधन का पांचवां हिस्सा हमें दे दो। ऐसी ही आशंकाओं को देखते हुए यूरोप के अलावा जापान, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और अमेरिका के सभी मित्र देश उससे मिल रही सुरक्षा गारंटियों की समीक्षा कर सकते हैं। ट्रम्प ने परमाणु अप्रसार के विचार की हत्या कर दी है। परमाणु हथियार फिर से युद्ध-प्रतिरोधक बन गए हैं। आज उत्तरी कोरिया के किम जोंग उन यूक्रेन और यूरोप की हालत पर हंस रहे होंगे और सोच रहे होंगे कि अगर उन्होंने अमेरिकी अतिक्रमण के जवाब में दक्षिण कोरिया या जापान पर परमाणु हमला करने की चेतावनी न दी होती तो क्या अमेरिका उन्हें सलामत रहने देता? ईरान इस सब पर नजर रखे हुए है। अगर पाकिस्तान उन्हें बना सकता है तो कोई भी बना सकता है।

मध्य-पूर्व में ईरान, सऊदी अरब और क्या पता दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, अजरबैजान और मिस्र भी आज के हालत में इनके बारे में सोच रहे हों। कभी परमाणु अप्रसार की पक्षधर अमेरिकी लॉबी भारत पर दबाव बना रही थी कि वह परमाणु हथियार न बनाए। अमेरिका से कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आए, यह समझाने के लिए कि हम व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर दस्तखत कर दें। दबाव का यह सिलसिला नेहरू से लेकर तब तक चला, जब तक कि इंदिरा गांधी ने 1974 में परमाणु परीक्षण और इसके बाद अटल बिहारी वाजपेयी ने पोखरण-2 करके इसे खत्म नहीं कर दिया। हमारे देश में भी शांतिवादियों ने वैचारिक या नैतिक आधार पर परमाणु बम बनाने पर विरोध किया था। तब हमारे नेता अडिग रहे। शायद इसके पीछे उनकी यह दूरदर्शिता थी कि एक दिन ऐसा आएगा जब सुरक्षा की कोई गारंटी काम नहीं आएगी। यदि वैश्विक राजनीति में शक्ति और स्वार्थ को ही नीति बनाने की प्रवृत्ति बढ़ती रही, तो अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में अस्थिरता और अराजकता का खतरा और बढ़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं पहले से ही कमजोर पड़ रही हैं और यदि बड़े देश अपनी मनमानी पर उतर आए, तो छोटे और विकासशील देशों के लिए संकट उत्पन्न हो जाएगा। इसके अलावा, यदि महाशक्तियां अपने आर्थिक और सैन्य बल के आधार पर नीतियां लागू करेंगी, तो वैश्विक शांति खतरे में पड़ सकती है और नए संघर्षों की संभावना बढ़ सकती है। इस चुनौतीपूर्ण समय में संतुलन और नैतिकता आधारित कूटनीति की जरूरत पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

विश्लेषण
प्रमोद भार्गव




# परमाणु हथियार नहीं होने से यूक्रेन लाचार

खुद की शक्ति नहीं होने की लाचारी मनुष्य या किसी देश को कहां लाकर खड़ा कर देती है, इसका जीता-जागता उदाहरण यूक्रेन और उसके राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की हैं। यूक्रेन के जब वे राष्ट्रपति बने थे, तब वे हास्य कलाकार थे, उन्हें राजनीति का कोई अनुभव नहीं था। इसी का परिणाम रहा है कि वे आज दुनिया की दो महाशक्तियों अमेरिका और रूस के बीच असहाय बने हास्यास्पद स्थिति से दो-चार हो रहे हैं। यूक्रेन का स्वाभिमान टूट चुका है। उसे अमेरिका युद्ध समाप्त करने की धमकी के साथ दुर्लभ खनिज संपदा छीन लेने के लिए भी मजबूर कर रहा है। बावजूद उसे सुरक्षा की कोई गारंटी तो दी ही नहीं जा रही, बल्कि रूस और चीन की दया पर जीते रहने की परिस्थितियां निर्मित की जा रही हैं। यह स्थिति किसी भी संप्रभुता वाले देश के लिए परतंत्रता स्वीकार लेने जैसी है। इस स्थिति को यूक्रेन इसलिए विवश है, क्योंकि उसने सोवियत संघ के विघटन के बाद 1994 में परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर करने के बाद उन्हें नष्ट कर देने की बड़ी भूल की थी। आज वह परमाणु निरस्त्रीकरण के दुष्परिणाम झेलने को मजबूर है। जबकि भारत ने परमाणु परीक्षण से जुड़ी इस संधि पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया था। भारत की ओट लेकर पाकिस्तान ने भी यही रुख अपनाया था। अगस्त-1999 में भारत सरकार ने इस सिद्धांत का एक प्रस्ताव भी जारी किया था। इसमें कहा गया था कि 'परमाणु हथियार केवल निरोध के लिए हैं और भारत केवल प्रतिशोध की नीति अपनाएगा। 'अर्थात भारत कभी स्वयं आगे बढ़कर पहले परमाणु हमला नहीं करेगा। आईसीएएन संगठन अंतरराष्ट्रीय संधि के माध्यम से दुनिया को परमाणु हथियार मुक्त बनाने के प्रयासों में जुटा है। संगठन के प्रयासों पर सहमति जताते हुए 122 देशों ने परमाणु हथियारों को प्रतिबंधित करने की संधि भी कर ली है। संयुक्त राष्ट्र संघ की जब 1945 में स्थापना हुई थी, तब उसका मुख्य उद्देश्य विश्व फलक पर परमाणु निरस्त्रीकरण ही था, लेकिन इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि इस वैश्विक संस्था के अस्तित्व में आने के बाद से ही परमाणु हथियार रखने वाले देशों की संख्या तो बढ़ ही रही है, परमाणु और हाइड्रोजन बमों की संख्या भी बढ़ रही है। जो देश परमाणु संपन्न हैं, वे अब तक परमाणु व अप्रसार संधि (एनपीटी) पर दस्तखत करने को तैयार नहीं हुए हैं। इन देशों में अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, भारत, पाकिस्तान, इजराइल और उत्तर-कोरिया शामिल हैं। यदि ये देश इन हथियारों को चिंगारी दिखा दें तो पूरा ब्रह्माण्ड तहस-नहस हो जाएगा। आईसीएएन के प्रयास से 122 देशों ने संयुक्त राष्ट्र की परमाणु अप्रसार संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। इस लिहाज से इस संस्था का परमाणु युद्ध संबंधी खतरा टालने में अहम भूमिका सामने आई है। हालांकि परमाणु संपन्न देशों द्वारा संधि पर दस्तखत नहीं करने के कारण यह संकट यथावत बना हुआ है। इसी परमाणु शक्ति को स्वाहा कर देने के कारण यूक्रेन ट्रंप और व्लादिमीर पुतिन जैसे निष्ठुर पाटों के बीच पिस रहा है। ट्रंप यूक्रेन पर युद्ध समाप्ति से पहले बड़ा दुर्लभ खनिज संपदा का सौदा करने की तैयारी में है। यह सौदा अमेरिका द्वारा यूक्रेन को दी गई अमेरिकी सैन्य मदद के बदले में किया जा रहा है। जबकि युद्ध थोपते वक्त ऐसी कोई शर्त यूक्रेन के समक्ष अमेरिका ने नहीं रखी थी। जेलेंस्की ने कहा भी है कि अमेरिका उन पर 500 अरब डॉलर के सौदे पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहा है, लेकिन भविष्य में रूस से सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं दी जा रही है। यदि जेलेंस्की इस सौदे पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं तो भविष्य में उन्हें किसी भी प्रकार की आर्थिक मदद अमेरिका द्वारा नहीं दी जाएगी। हालांकि जेलेंस्की ने यह जरूर भरोसा दिया था कि यदि यूक्रेन में शांति स्थापना होती है तो वे नाटो देशों की सदस्यता मिलने पर राष्ट्रपति पद छोड़ देंगे। इधर इस सौदेबाजी के परिप्रेक्ष्य में पुतिन ने भी अमेरिकी कंपनियों को रूस के साथ व्यापारिक समझौतों के लिए आमंत्रित किया है। पुतिन ने कहा है कि यदि अमेरिकी कंपनियां चाहें तो रूस ने यूक्रेन की जिस भूमि पर कब्जा किया है, उस क्षेत्र में खनिज संपदा का दोहन कर सकती हैं। साथ ही रूस ने साइबेरिया क्षेत्र में भी खनिज संपदा के उत्खनन के लिए भी कहा है। इस क्षेत्र में अत्यंत दुर्लभ खनिजों की उपलब्धता है। एक तरह से रूस ने अमेरिका के साथ मिलकर खनिज व्यापार की जो लकीर खींच दी है, उससे यूक्रेन की स्थिति उस लाचारी की अवस्था में आ गई है, जहां वह अपना अभिमान, अखंडता और संप्रभुता की गरिमा बचाए रखने की स्थिति में नहीं रह गया है। यदि यूक्रेन ने परमाणु अप्रसार संधि पर दस्तखत नहीं किए होते तो वह इस लाचारी को प्राप्त नहीं हुआ होता।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित
दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## जीवन में सब ईश्वर की दया ही है



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक अमीर सेठ के यहां एक नौकर काम करता था, अमीर सेठ अपने नौकर से तो बहुत खुश था, लेकिन जब भी कोई कटु अनुभव होता तो वह भगवान को अनाप शनाप कहता और बहुत कोसता था। एक दिन वह अमीर सेठ ककड़ी खा रहा था, संयोग से वह ककड़ी कच्ची और कड़वी थी। सेठ ने वह ककड़ी अपने नौकर को दे दी। नौकर ने उसे बड़े चाव से खाया जैसे वह बहुत स्वादिष्ट हो। अमीर सेठ ने पूछाः ककड़ी तो बहुत कड़वी थी, भला तुम ऐसे कैसे खा गये? नौकर बोलाः आप मेरे मालिक है, रोज ही स्वादिष्ट भोजन देते है, अगर एक दिन कुछ बेस्वाद या कड़वा भी दे दिया तो उसे स्वीकार करने में भला क्या हर्ज है? अमीर सेठ अपनी भूल समझ गया, अगर ईश्वर ने इतनी सुख-सम्पदाएं दी है, और कभी कोई कटु अनुदान या सामान्य मुसीबत दे भी दे तो उसकी सद्भावना पर संदेह करना ठीक नहीं। असल में यदि हम समझ सकें तो जीवन में जो कुछ भी होता है, सब ईश्वर की दया ही है। ईश्वर जो करता है अच्छे के लिए ही करता है। हम केवल जीवन में अच्छे व उजले पक्ष को ही देखते हैं। हमें सुख, आराम पसंद है, पर दुख व कष्ट के क्षण आते ही हमारा मन विचलित होने लगता है। जीवन में सुख और दुख दोनों ही पल होते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### करों का उचित प्रयोग करें सरकारें

हाल ही में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख हाईकोर्ट ने यह फैसला सुनाया कि अगर सड़कों की हालत खस्ता है तो टोल टैक्स लेने का सरकारों का कोई औचित्य नहीं है। कोर्ट ने नेशनल हाइवे 44 पर स्थित दो टोल प्लाजों पर लगभग 80 प्रतिशत टोल टैक्स कम करने के आदेश भी दिए हैं। सरकारें हमसे किसी भी रूप में जो टैक्स वसूलती हैं, उसका सदुपयोग नहीं किया जाए तो यह सरकारों की सबसे बड़ी नासमझी है। हमारे देश में दिन-प्रतिदिन सड़क हादसों में जान गंवाने वालों का आंकड़ा बढ़ता ही जा रहा है। देश में सड़क हादसों में एक दिन में जितने लोग जान गंवाते हैं, वो आतंकवाद के शिकार होने वाले पीड़ितों से ज्यादा हैं। सड़क हादसा कभी अपनी लापरवाही से हो जाता है, तो कभी दूसरों की लापरवाही से। बहरहाल, सभी सरकारों को यह तय करना चाहिए कि करों का उचित प्रयोग हो। - *मनीष मिश्रा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### माइक मासिमिनो से मुलाकात



प्रतिष्ठित अंतरिक्ष यात्री माइक मासिमिनो से मिलकर खुशी हुई। अंतरिक्ष के प्रति उनका जुनून और इसे युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाना भी सर्वविदित है। यह भी सराहनीय है कि वह सीखने और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए कैसे काम कर रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### जनता से किए वादे निभाएंगे



हमारे लिए सत्ता, जनता द्वारा सौंपा गया वह पुनीत अवसर है, जिसके माध्यम से हम लोक कल्याण और अन्त्योदय के लिए कार्य कर सकते हैं। हम उन सभी वादों को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं, जो दिल्ली की जनता से किए गए हैं।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### नशे के ख़िलाफ़ महायुद्ध



पंजाब में नशे के ख़िलाफ़ हमारी सरकार ने महायुद्ध छेड़ दिया है। नशे ने हमारे युवाओं और बच्चों को बड़ी संख्या में बर्बाद कर दिया। नशा बेचने वालों को बख़्शा नहीं जाएगा। पंजाब से नशे को हमेशा के लिए खत्म किया जाएगा।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### नकारात्मक रिश्ते



तेज़ बहती नदी में भँवर की तरह, आप अक्सर नकारात्मक रिश्तों और भावनाओं में फँसे रहते हैं.. नदी बह रही है.. तुम्हें तय करना होगा कि तुम कौन हो.. भँवर या नदी? -शेखर कपूर, फिल्मकार

## करंट अफेयर

### निजी अमेरिकी कंपनी का लैंडर 'बलू घोस्ट' चंद्रमा पर उतरा

एक निजी अमेरिकी कंपनी का अंतरिक्ष यान रविवार को चांद पर उतरा और यह अंतरिक्ष एजेंसी नासा के लिए प्रयोग किये। फायरफ्लाई एयरोस्पेस का 'ब्लू घोस्ट' लैंडर स्वचालित रूप से चंद्रमा की कक्षा से उतरा, जिसका लक्ष्य चंद्रमा के उत्तरपूर्वी छोर पर स्थित प्रभाव बेसिन में स्थित प्राचीन ज्वालामुखी गुंबद की ढलानों पर पहुंचना था। कंपनी के मिशन कंट्रोल ने बताया कि, 'हम चांद पर हैं'। साथ ही उसने बताया कि लैंडर की स्थिति 'स्थिर है'। टेक्सास स्थित कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस ने इस अंतरिक्ष यान को विकसित किया है। एक दशक पहले स्थापित स्टार्टअप फायरफ्लाई को एक सहज, सीधी लैंडिंग ने




ऐसा पहला निजी संगठन बना दिया है, जिसने अंतरिक्ष यान को चंद्रमा पर उतारा है। केवल पांच देशों रूस, अमेरिका, चीन, भारत और जापान ने ही ऐसी सफलता मिलने का दावा किया है। दो अन्य कम्पनियों के 'लैंडर' के भी इस सप्ताह के अंत में चंद्रमा पर उतरने की उम्मीद है। फ्लोरिडा से जनवरी के मध्य में प्रक्षेपित किये गये 6 फुट 6 इंच (2 मीटर) लंबे 'लैंडर' ने नासा के लिए चंद्रमा पर 10 प्रयोग किये।

## ऑफ बीट

### नाक से सांस लेने पर आपकी दौड़ हो सकती है आसान

श्वास अवचेतन है। हमें इसके बारे में सोचने की ज़रूरत नहीं है - यह बस हो जाता है। कम और मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम (जैसे पैदल चलना और



साइकिल चलाना) के दौरान, हममें से अधिकांश लोग अपनी नाक से सांस लेते हैं और अपने मुंह से सांस छोड़ते हैं। लेकिन व्यायाम जितना अधिक तीव्र होता जाता है, उतना ही हम पूरी तरह मुंह से सांस लेने लगते हैं। हममें से अधिकांश लोग यह मानेंगे कि गहन व्यायाम के दौरान मुंह से सांस लेना सबसे अच्छी तकनीक है, क्योंकि यह हमारी मांसपेशियों तक अधिक ऑक्सीजन पहुंचने में मदद देता है। लेकिन सबूत इसके विपरीत दिखाते हैं - और यह कि आपकी नाक से सांस लेना वास्तव में गहन व्यायाम (जैसे दौड़ना) के दौरान उपयोग करने के लिए एक बेहतर तकनीक हो सकती है। व्यायाम करते समय, मुंह से सांस लेने की तुलना में नाक से सांस लेने पर कम ऑक्सीजन का उपयोग होता है। हालांकि यह कोई फ़ायदा नहीं लग सकता है, लेकिन मूल रूप से इसका मतलब यह है कि शरीर कम ऑक्सीजन का उपयोग करते हुए भी उतनी ही मात्रा में व्यायाम कर सकता है। और गति को अधिक समय तक बनाए रखना ही सफलता का मूलमंत्र है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### तीन व्यक्तियों ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**कटनी।** कुठला, रीठी एवं स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में तीन व्यक्तियों ने फांसी लगा ली। जानकारी के अनुसार स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत भूला गांव में एक प्रौढ़ का शव पेड़ पर लटका मिला। ग्रामीणों ने इस बात की सूचना स्लीमनाबाद पुलिस को दी। पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामले की विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि मन्नू पिता शिब्बू भुमिया निवासी भूला 55 पिछले 6 दिन से लापता था। वह खेत में तकवारी करने के लिए गया था। इसके बाद वापस नहीं लौटा। परिजनों ने खूब तलाश की लेकिन उसका पता नहीं मिला। इसके बाद मामले में गुमशुदगी की रिपोर्ट स्लीमनाबाद थाने में दर्ज करवाई गई। गत दिवस उसका शव गांव के नाले के पास हर्रा के पेड़ से लटका मिला। मामले को पुलिस ने संदिग्ध मानते हुए मामले की जांच शुरू की है। परिजनों ने भी इस संबंध में हत्या की आशंका व्यक्त की है। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक पहलुओं की जांच की जाएगी। इसी तरह कुठला थाना के ग्राम दलीपुर निवासी मनीष भुमिया ने घर पर फंदा तैयार कर उसमें लटकर आत्महत्या कर ली। वहीं रीठी थानांतर्गत ग्राम करहिया में बबलू यादव ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में पुलिस को यह जानकारी नहीं लगी है कि मृतकों ने उक्त कदम किन कारणोंवश उठाया है। उनके द्वारा विवेचना की जा रही है। पुलिस ने बताया कि परिजनों के बयान लिए जाएंगे।

### लूट के शिकार युवक के साथ की गई मारपीट

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में लूट का शिकार हुए एक युवक ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगया है। युवक ने पुलिस अधीक्षक को लिखित आवेदन दिया है। पीड़ित ने अपनी शिकायत में बताया है कि स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के खेरवा मोड़ पर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने किराने की दुकान चला रहे उसके भाई के साथ कट्टा अड़ाकर लूट की। पीड़ित के भाई ने जब इस बात की सूचना पुलिस को दी तो पुलिस ने पीड़ित के साथ दुर्व्यवहार किया। ये आरोप पीड़ित ने एसपी को की गई शिकायत में लगाए हैं। आवेदन में पीड़ित अमित साहू ने बताया कि उसके भाई की खिरवा मोड़ पर किराना दुकान है। 25 फरवरी को भाई किराना दुकान पर बैठा था। इस दौरान 6 नकाबपोश बदमाश आए और कट्टा और चाकू अड़ाकर मोबाइल सहित 12 हजार रुपये नकद लूट कर ले गए। मैंने अपने भाई के फोन से डायल 100 वाहन को सूचना दी तो थाने के एक एएसआई आए। मैंने लूट की जानकारी दी तो वो मुझसे ही गाली गलौज करने लगे और गाड़ी में बैठाकर थाने ले गए। थाने में रात एक बजे तक भूखा प्यासा बैठाए रखा और रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की।

### सट्टा पर्ची काटते तीन सटोरिये पकड़ाए

**कटनी।** सट्टा पर्ची काट रहे सटोरिया को स्लीमनाबाद पुलिस ने पकड़ा है। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर पौनिया पिपरीया तिराहा सैलारपुर में सट्टी पट्टी लिखते हुए धनी सिहं निवासी ग्राम सैलारपुर को पकड़ा है। उसके पास से अंक लिखी सट्टा पट्टी व नकदी 270 रुपए जब्त किए। इसी तरह कोतवाली पुलिस ने गत रात गोल बाजार राम लीला मैदान से सुरेन्द्र पटवा निवासी चंदी की दफाई बरगवाँ को एक नग सट्टा पर्ची व नकदी 170 रुपए एवं रात के समय ही दूसरी टीम ने लक्ष्मी धर्मशाला के पास मेन रोड से अशोक साहू निवासी चंदी की दफाई बरगवाँ को एक सट्टा पट्टी लिखते हुए तथा नकदी 250 रुपए के साथ पकड़ा है। तीनों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

### मासूम बालक ने किया कीटनाशक का सेवन

**कटनी।** एक मासूम ने खेलते-खेलते कीटनाशक का सेवन कर लिया। इसके बाद उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र की है। पिता पंकज चक्रवर्ती ने बताया कि उनके बेटे राज ने घर में खेलते समय कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जब उन्हें इसकी जानकारी मिली, तो वे उसे जिला अस्पताल ले आए यहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सक मासूम के इलाज में लगे हैं।

## विजयराघवगढ़ तहसील के कारीतलाई में बिखरी पड़ी कल्चुरीकालीन प्रतिमाएं, सहेजने के लिए गंभीर नहीं जिम्मेदार

# उपेक्षा की शिकार ऐतिहासिक धरोहरें, धीरे धीरे मिट रहा अस्तित्व









हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

जिले के विजयराघवगढ़ क्षेत्र में पुरातात्विक महत्व वाली धरोहरो का प्रचुर भंडार है। विजयराघवगढ़ तहसील क्षेत्र के कल्चुरीकालीन कर्णपुरा नाम का ग्राम है। यही विष्णू बाराह की अदभुत प्राचीन कला से परिपूर्ण प्रतिमा स्थापित है। यही मंदिरो के अनेक ध्वंशावशेष बिखरे पड़े है। बिखरी पड़ी पुरातात्विक संपदा अंचल के इस कर्णपुरा गांव के किसी समय बड़े नगर व राजधानी होने की गवाही देते है। सहस्त्रो खुदाव के खंबे और हजारों की तादाद में बिखरी मूर्तियां के साथ ही द्वारो और दीवारो पर गढ़वा पत्थर इत्यादि यहां की शिल्पकला के अदभुत प्रमाण है। यहां वैष्णव, शैव, शाक्त एवं बराह अवतारों के अलावा बौद्व, जैन, सम्प्रदाय की खंडित मूर्तियों के अलावा आसपास नौ अवतारों की खंडित मूर्तियां हजारों की संख्या में बिखरी पड़ी है। यहां वामन अवतार की छोटी छोटी मूर्तियां खंडहरो में आज भी भरी पड़ी है।

### कल्चुरीकाल में हुआ था विकास

कारीतलाई के पाठशाला में कच्छ मच्छ की मूर्तियां अदभुत कला से परिपूर्ण पाठशाला की द्वार रक्षा कर रही है। कारीतलाई में ही कालीदाई की मढ़िया है जिसमें अनेक गढ़वा मूर्तियां स्थित है। यही दो शिलालेख भी अंकित है जो कि अति प्राचीन लिपि होने के कारण आज तक लिपि की व्याख्या पुरातत्व के जानकार भी नही कर पाये। विष्णू बाराह का मंदिर कल्चुरी महाराजा लक्ष्मण के मंत्री भट्ठ सोमेश्वर दीक्षित ने बनवाया था। राजा एवं रानी ने अनेक ग्राम अर्थात दीर्घकालिक चकदही, छल्लि पाटक, अन्नपाट और बट वतर्तित। कारीतलाई से सात मील दूर मील पर चकदत्रकही का एक गांव अब वीरान हो चुका है।

### सुरक्षा, संरक्षण में अनदेखी

कर्णपुरा कारीतलाई के बीते वैभव की झलक हमें आज इस भूमि पर खंडित पाषाण मूर्तियों से प्राप्त होती है। इस भूमि पर इस कला ने कितना आदर पाया और उसका कितना विकास हुआ यह बात पुरातत्व विशेषज्ञो से छिपी नही है। कुछ वर्ष पूर्व यहां से ग्यारह दुर्लभ मूर्तियों के म्यूजियम हाल से चोरी जाने के बाद पुरातत्व विभाग इस अनूठे एवं दुर्लभ संग्रहालय की सुरक्षा व मूर्तियों के संरक्षण में कोई विशेष ध्यान नही दे रहा है। स्थानीय लोगो द्वारा कई बार मांग की जा चुकी है कि कर्णपुरा के पुरावशेषो के संरक्षण के लिये शासन का ध्यानाकर्षण कराते हुये यहां पर्याप्त सुरक्षा मूर्तियों के रखरखाव के साथ विष्णू बाराह स्थल के समीप पुरात्ववेत्ताओं की देखरेख में वृहद उत्खनन कराया जाये।

### संग्रहालय बनाकर सहेजने के दिये थे निर्देश

जिले में पुरातत्व महत्व और ऐतिहासिक, पर्यटन एवं स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित स्थलों को सूचीबद्ध कर सर्किट तैयार करने का निर्णय लिया गया था। इनमें प्रमुख रुप से विजयराघवगढ़ का किला, बिलहरी, रुपनाथ, रीठी मुहास, कारीतलाई, खितौली की वन सम्पदा, बसुधा वॉटर फॉल, करौंदी भू-मध्य रेखा मिड पॉइन्ट, जोगिया बाबा स्थल सहित कटाये घाट प्राचीन मंदिर और धार्मिक, सुरम्य वन सम्पदा के स्थलों के संबंध में चर्चा की गई थी। संग्रहालयाध्यक्ष ने जिले में यहां-वहां बिखरी पड़ी पुरातत्व महत्व के अवशेषों को संग्रहित करने जिले के एक स्थान पर संग्रहालय स्थापित करने की आवश्यकता जताई थी जिस पर पूर्व कलेक्टर सिंह ने एसडीएम को किसी रिक्त शासकीय भवन की उपलब्धता संग्रहालय के लिये कराने के निर्देश दिये थे।

### संरक्षित करने नहीं हो रहे प्रयास

कारीतलाई का विष्णूबाराह स्थल प्राचीन काल में वास्तु एवं मूर्ति शिल्पकला का सबसे बड़ा केन्द्र था। यहां पर कैमोरी गढ़वा पत्थर सरलता से मिलता था। जिसमें प्राचीनकाल के मूर्तिकारों ने मूर्ति शिल्प का सबसे बड़ा केन्द्र बनाकर यहां से मूर्तियों को पूरे देश में भेजने का काम करते थे। हजारों की संख्या में मूर्तियां देश के अनेक संग्रहालयों में भी स्थानातंरित किया जा चुका है एवं हजारों मूर्तियां यहां से चोरी छिपे बेची जा चुकी है। इस तरह पुरातावित्क महत्व के नजरिये यह एक अहम स्थल और यहां बिखरी पड़ी पुरातन संपदा को सहेजने का भी प्रयास नही हो रहा है। नतीजन पहचान पर ही संकट मंडरा है। रखरखाव के अभाव में यहां बिखरी पड़ी मूर्तियां खंडित होने के साथ ही गायब हो रही है। इस दिशा में कोई प्रयास नही किया जा रहा है।

---

**सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के तहत हुआ आयोजन**

# विद्यार्थियों से कहा संघर्ष से घबराना नहीं, आगे बढ़ने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के नेतृत्व में आज ग्राम पिपरौध में छात्राओं ने रैली निकाली और गलियों में जाकर जमे हुए पानी को निकाला साफ सफाई का संदेश दिया। तत्पश्चात जिला चिकित्सालय से सीएमएचओ डॉक्टर आठया ने शिविर में उपस्थित होकर अपनी टीम के साथ छात्राओं का हीमोग्लोबिन चेक किया। क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी छात्रों का एक्स-रे स्वास्थ्य के प्रति समझाइए और एनएसएस के महत्व को उनके सामने रखा।

बौद्धिक सत्र में डॉ सुकृति जैन की उपस्थिति स्वयंसेवकों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उन्होंने लाइफ जिंदगी को कैसे संचालित करें जीवन की सफलता और सफल जिंदगी पर बहुत ही सहज ढंग से अपने विचारों को व्यक्त किया विद्यार्थियों को जागरूक किया आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया और कहा कि संघर्ष से जीवन में घबराना नहीं चाहिए विभिन्न प्रकार की मुसीबत में भी अपना मार्ग बनाना चाहिए और ईश्वर निश्चित ही अपना मार्ग प्रशस्त करता है। इसी क्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सुनील कुमार बाजपेई भी उपस्थित थे उन्होंने स्वयंसेवकों को योग और प्राणायाम के महत्व को समझाया और बताया साथ ही स्किल डेवलपमेंट के विभिन्न उपाय भी बताएं। डॉ बीके द्विवेदी ने भी विद्यार्थियों को कैसे सर्व करें किस तरह से लोगों को जागरूक करें इस पर अपने विचार व्यक्त किया।

जूलॉजी विभाग की विभाग अध्यक्ष डॉक्टर संगीता बसरानी ने भी नस के महत्व को विद्यार्थियों से साझा किया और जीवन में आगे बढ़ाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गांव के सरपंच भी उपस्थित थे और उन्होंने भी विद्यार्थियों की सराहना की सभी समस्याओं से लड़ने की प्रेरणा दी।

## स्टेशन में अनाधिकृत रूप से बेंच रहे खाद्य सामग्री



मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर में अनाधिकृत रूप से खाद्य विक्रेता सक्रिय हैं। ये बिना किसी मेडिकल कार्ड और पुलिस वेरिफिकेशन के यात्रियों को खाद्य सामग्री बेच रहे हैं। रेलवे नियमों के अनुसार, स्टेशन पर खाद्य सामग्री बेचने के लिए विक्रेताओं को तीन जरूरी दस्तावेज मेडिकल कार्ड, पहचान पत्र और पुलिस वेरिफिकेशन होना चाहिए, लेकिन कई विक्रेता सिर्फ आई कार्ड बनवाकर खुद को वैध बताते हैं। अनाधिकृत विक्रेता मुख्य रूप से सामान्य बोगी में रहते हैं। ये ना सिर्फ तय मूल्य से अधिक कीमत वसूलते हैं, बल्कि यात्रियों से अभद्र व्यवहार भी करते हैं।

# नुक्कड़ नाटक से लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



पीएम कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस में कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग के निर्देशन में छात्राओं ने पिपरौध ग्राम में जाकर रह वासियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता स्वास्थ्य नशा मुक्त जीवन व्यतीत करने के लिए लोगों को समझाइए साथही रह वासियों को यह भी समझाया कि हमें अपने घर का कचरा कचरा गाड़ी में डालना चाहिए रह वासियों ने दुख व्यक्त किया कि यहां कचरा गाड़ी नहीं आती है छात्राओं ने उन्हें जागरूक किया और कहा कि आप सभी लोग अपने घर के सामने बड़ा डस्टबिन रखें और उसमें ही कचरा डालें रहवासियों ने स्वयं सेवकों की इस बात की सराहना की।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

स्वयंसेवक साक्षी सोनिया ने भी इस अवसर पर उपस्थित होकर स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन किया तथा नदिया न पिए कभी अपना जल वृक्ष न खाए कभी अपना फल गीत के माध्यम से समाज सेवा का भाव सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। तृतीय दिवस के बौद्धिक सत्र में डॉक्टर रितु त्रिपाठी और राजपाल उपस्थित थे डॉ रितु त्रिपाठी ने एनएसएस के बारे में बताया और अपने गीतों के माध्यम से विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया विद्यार्थियों ने एन एस एस खेल खेल और शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

**चना, मसूर एवं सरसों उपार्जन के लिए 10 मार्च तक पंजीयन**

# पंजीयन नहीं कराने वाले किसानों को उपार्जन योजना का नहीं मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी



जिले में समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की फसल उपार्जन के लिए किसान पंजीयन का कार्य 10 मार्च तक कर सकते हैं। किसान चना,मसूर एवं सरसों के समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिए वेबसाइट जाकर पंजीयन कर सकते हैं। इसके अलावा किसान अपनी फसल का पंजीयन ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत व तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्रों, सहकारी समितियों एवं सहकारी संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र और एमपी किसान एप आदि के माध्यम से पंजीयन निरूशुल्क कर सकते हैं। शासन द्वारा चना के लिए 5650 रुपये, मसूर के लिए 6700 रुपये एवं सरसों के लिए 5950 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य निर्धारित किया है।

उप संचालक कृषि ने बताया कि किसान के विगत वर्ष के पंजीयन में उल्लेखित आधार नंबर, बैंक खाता, मोबाइल नंबर में किसी प्रकार के परिवर्तन-संशोधन की आवश्यकता होने पर संबंधित दस्तावेज प्रमाण स्वरूप (जिनको देखकर पंजीयन किया जा सके) पंजीयन केन्द्र पर लाना होंगे। जिन किसानों द्वारा विगत रबी एवं खरीफ में पंजीयन नहीं कराया था एवं ई-उपार्जन पोर्टल पर उनका डाटाबेस उपलब्ध नहीं है। ऐसे किसानों को समिति स्तर पर पंजीयन के लिए आधार नंबर, बैंक खाता नंबर, मोबाइल नंबर एवं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पंजीयन केन्द्र पर उपलब्ध कराना होगा। किसानों को भुगतान जीआईटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में किया जाएगा। इस कारण किसान पंजीयन में केवल राष्ट्रीयकृत एवं जिला केन्द्रीय बैंक की शाखाओं के एकल खाते ही मान्य होंगे। जन-धन, ऋण, नाबालिग, बन्द एवं अस्थाई रूप से रोके गए खाते (विगत 6 माह से क्रियाशील नहीं हों) आदि पंजीयन में मान्य नहीं होंगे। किसान द्वारा बोई गई फसल की किस्म, रकबा तथा विक्रय योग्य मात्रा की जानकारी भी प्राप्त कर आवेदन में दर्ज की जायेगी। यदि कोई कृषक निर्धारित अंतिम 10 मार्च 2025 तक पंजीयन नहीं करवाएंगे तो शासन की उपार्जन योजनाओं के लाभ से वंचित रह जायेंगे।

जिले के किसानों से पंजीयन के लिए वांछित समस्त दस्तावेजों तथा अपने मोबाइल के साथ नजदीकी पंजीयन केन्द्रों पर तत्काल पहुंचकर अपनी फसल का पंजीयन कराने की अपील की गई है।

## किसानों को अब पांच रुपये में मिलेगा बिजली का स्थाई कनेक्शन

# किसानों से समर्थन मूल्य पर 2600 रूपए में होगी गेहूं की खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि किसानों को अब 5 रुपये में बिजली का स्थाई कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा। मध्य क्षेत्र को यह व्यवस्था तत्काल आरंभ करने के निर्देश देते हुए, मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चरणबद्ध रूप से पूरे प्रदेश में किसानों को यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह किसानों की सरकार है। उनका जीवन बेहतर बनाने के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। राज्य सरकार सोलर पंप के माध्यम से किसानों को बिजली उत्पादन में भी आत्म-निर्भर बनाएगी। अगले तीन वर्ष में किसानों को 30 लाख सोलर पंप उपलब्ध कराकर, किसानों को बिजली बिल से मुक्ति दिलाएगी। प्रतिवर्ष 10-10 लाख कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही किसानों द्वारा सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली खरीद कर उन्हें नगद भुगतान किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव किसान आभार सम्मेलन में मुख्यमंत्री निवास पहुंचे किसानों को संबोधित कर रहे थे।

### प्रति हेक्टे.4 हजार रूपए दी जाएगी प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार सदैव किसानों के साथ है और उनके हित में निरंतर कार्य कर रही है। हम 2 हजार 600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से समर्थन मूल्य पर गेहूँ खरीद रहे हैं, इसमें 175 रुपये बोनस राशि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्ष 2003-04 में प्रदेश में गेहूँ खरीदी का सरकारी दाम मात्र 447 रुपए था जो राज्य सरकार ने बढ़ा कर 2 हजार 600 प्रति क्विंटल किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार वर्ष 2024 के लिये धान उपार्जन पर 4 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने जा रही है। उन्होंने कहा कि सोलर पंप के माध्यम से किसानों को स्थाई कनेक्शन भी दिए जाएंगे। हाल ही में अस्थाई कनेक्शन वाले डेढ़ लाख किसानों को स्थाई कनेक्शन दिलवाए गए हैं और इसकी राशि भी कम की गई है। तीन हॉर्स पॉवर वालों को सोलर पंप की 5% राशि, 5 से 7.50 हॉर्स पॉवर के लिए 10% राशि देना होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही सरकार का किसानों के प्रति प्रेम है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हर गरीब, जरूरतमंद के लिए मुफ्त अनाज की व्यवस्था की है। दो लाख करोड़ रुपए के व्यय से 100 करोड़ से अधिक लोगों को वर्ष 2028 तक अन्न देने की व्यवस्था की गई है। यह प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रत्येक गरीब का जीवन बेहतर बनाने के भाव का प्रकटीकरण और राम राज्य की अवधारणा को साकार करने का प्रयास है। प्रधानमंत्री मोदी किसानों को उनका हक दिला रहे हैं। यह हमारी सरकार की उदात्त भावना है।

### फसल चक्र में बदलाव का आव्हान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषकों से फसल चक्र में बदलाव का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि धान के बदले में मूंगफली और प्राकृतिक फसलों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि जैविक खेती से मध्यप्रदेश अपनी अलग पहचान स्थापित करें। उन्होंने कहा कि जीआईएस भोपाल में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रदेश में उत्पादित कपास से क्रांति आने वाली है। किसान परिवार के व्यक्ति को रोजगार देने वाली टेक्सटाइल मिलों को 5 हजार रुपये का बोनस दिया जाएगा। कृषि आधारित उद्योग लगाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए सभी प्रयास जारी हैं। गेहूँ और धान पर दिए जा रहे प्रोत्साहन के समान ही दुग्ध उत्पादन पर भी प्रोत्साहन स्वरूप बोनस प्रदान किया जाएगा। दस से अधिक गाय पालने वालों को अनुदान दिया जाएगा। गांव-गांव में गोपालन और दुग्ध उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा। गौ-शाला चलाने वालों को प्रति गाय 20 रुपये के स्थान पर 40 रुपये का अनुदान देकर गौ-शालाओं को सक्षम बनाया जाएगा। गौ-माता परमात्मा की हम पर असीम कृपा है। गौ-माता प्रकृति और परमात्मा के बीच संबंध का सूत्र है। बेसहारा, अशक्त और वृद्ध गौ-माताओं के आश्रय के लिए भोपाल सहित सभी बड़ी नगर निगमों में 10 हजार क्षमता की गौ-शालाएं बनाई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आने वाले समय में उन्नत कृषि यंत्र, उन्नत बीज और कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला स्तर पर कृषि मेले लगाए जाएंगे।

# रेल यात्रा के दौरान एक यात्री की थम गई सांसें

**दानापुर एक्सप्रेस में घर वापस लौट रहा था यात्री पुलिस ने पीएम के लिए अस्पताल भेजा शव**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कटनी

ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्री की सफर के दौरान मौत हो गई। ट्रेन के कटनी पहुंचने पर जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। मर्ग कायम कर कार्यवाही की गई।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 12:30 बजे ट्रेन नंबर 12150 दानापुर पुणे एक्सप्रेस के S1 कोच सीट नंबर 15 में सफ़र कर रहे पुणे महाराष्ट्र निवासी 74 वर्षीय चंद्रकांत हनुमंत माने अपनी पत्नी के साथ संत कृपा यात्रा कर घर लौट रहे थे कटनी स्टेशन के पास अचानक तबियत बिगड़ने से उनकी मौत हो गई।

यात्री की मौत की सूचना रेलवे विभाग को दी गई जिस पर जीआरपी पुलिस के द्वारा शव को ट्रेन से उतरवा कर जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है

### चारपहिया की टक्कर से युवक घायल

**कटनी।** बोलेरो वाहन की टक्कर से एक युवक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बाकल थानांतर्गत गत शाम राजासलैया चौराहे के पहले सुरेन्द्र सिंह निवासी उमरधा थाना मझौली जिला जबलपुर को बोलेरो क्रमांक एमपी 20 जीबी. 3819 के चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज रफ्तार से वाहन चलाकर टक्कर मार दी जिससे उसे चोटें आई हैं। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

अंतरिक्ष रहस्यों से भरा हुआ है, लेकिन अगर इंसान को बिना किसी सुरक्षा के वहां भेज दिया जाए तो वह कितनी देर तक जिंदा रह पाएगा। वैज्ञानिकों के अनुसार ओपन स्पेस में इंसान 15 सेकंड से ज्यादा जिंदा नहीं रह सकता।

# धरती के अलावा बाकी ग्रहों पर इंसान कितनी देर तक जिंदा रह पाएगा?

**लंदन।** अगर हम सौरमंडल के अलग-अलग ग्रहों पर जाने की कल्पना करें तो वहां मौत के तरीके भी अलग-अलग होंगे। कहीं जलकर राख हो जाना तय है, तो कहीं ठंड से जमकर मरना। कुछ ग्रहों पर इतनी जहरीली हवा होगी कि सांस लेना भी नामुमकिन हो जाएगा। सौरमंडल के ग्रहों पर इंसान के जिंदा रहने की संभावना नहीं के बराबर है। हर ग्रह पर मौत का तरीका अलग होगा। आइए जानते हैं कि किस ग्रह पर इंसान को किस तरह की मौत का सामना करना पड़ेगा। असल में एक साइंस की जर्नल में इस पर एक केस स्टडी की है। इसमें जॉर्जिया यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक शामिल थे।

## सूर्य पर मौत.. जलकर तुरंत भस्म

अगर कोई इंसान सूर्य पर चला जाए, तो वह तुरंत जलकर भस्म हो जाएगा। मशहूर वैज्ञानिक नील डेग्रास टायसन के अनुसार इंसान सीधे वाष्पित हो जाएगा।

**बुध ग्रह- या तो जलकर मरो या ठंड से जमकर :** बुध ग्रह पर दो तरह की मौतें हो सकती हैं। इसका एक हिस्सा सूरज की ओर रहता है जहां तापमान 426C तक पहुंच सकता है। यहां इंसान चंद सेकंड में जलकर राख हो जाएगा। दूसरी तरफ ग्रह का दूसरा हिस्सा -178C तक ठंडा होता है। जहां इंसान जमकर मर जाएगा।



## शुक्र ग्रह- गर्मी और जहरीली हवा से मौत

शुक्र ग्रह का तापमान 452C तक पहुंच जाता है। यानी इंसान यहां कुछ ही पलों में जल जाएगा। इसके अलावा यहां की हवा सल्फ्यूरिक एसिड से भरी होती है। जिससे सांस लेना नामुमकिन होगा। कुल मिलाकर यहां मौत बहुत दर्दनाक होगी।

**मंगल ग्रह- सांस रुकने से मौत :** एलन मस्क मंगल पर बसने का सपना देख रहे हैं, लेकिन यहां जीवन मुश्किल है। मंगल पर न तो सही वातावरण है और न ही पर्याप्त ऑक्सीजन। यहां इंसान तब तक जिंदा रहेगा, जब तक उसकी सांस नहीं रुक जाती।

## बृहस्पति, शनि, यूरेनस और नेपच्यून- गैस के समुद्र में डूबकर मौत

ये सभी ग्रह गैस के बने हुए हैं और इनमें ठोस जमीन नहीं है। अगर कोई इंसान इन ग्रहों पर जाएगा तो वह गैस के बादलों में गिरता जाएगा और दबाव बढ़ने के कारण कुचलकर मर जाएगा।

### कौन-सी मौत ज्यादा भयानक?

अगर इंसान को सौरमंडल के ग्रहों में से किसी एक पर मरना हो तो वह या तो ठंड से जमेगा, जलकर राख हो जाएगा या फिर दबाव के कारण कुचलकर मरेगा। शुक्र और मंगल पर मौत ज्यादा पीड़ादायक होगी, जबकि बृहस्पति और शनि पर मौत इतनी जल्दी होगी कि महसूस करने का भी समय नहीं मिलेगा।

## रोचक खबरें

### अजब-गजब पौधा : जानवरों की बीमारी का रामबाण इलाज है ये पौधा, छूते सिकुड़ जाती हैं पत्तियां



**छतरपुर।** छतरपुर जिले में एक ऐसा भी अजब-गजब पौधा पाया जाता है, जिसके बारे में बहुत ही कम लोग जानते हैं। इस पौधे की विशेषता यह होती है कि इसकी पत्तियों को छूने से यह सिकुड़ जाती है। साथ ही इसका औषधि के तौर पर भी उपयोग होता है। शिक्षक देवसिंह अहिरवार बताते हैं कि साइंस डिपार्टमेंट के टीचर राकेश अहिरवार ने स्कूल में बोटेनिकल गार्डन के रूप में लाजवंती (छुईमुई) का पौधा लगवाया है। ताकि बच्चे देख सकें और उसका महत्व समझ सकें। आयुर्वेद में विभिन्न प्रकार के महत्व बताए गए हैं। शिक्षक बताते हैं कि छुईमुई का पौधा औषधि के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण माना गया है। जानवरों से संबंधित बीमारियों में इस औषधि की जड़ बहुत काम आती है। जब मादा जानवर प्रेग्नेंट होती हैं जैसे प्रेग्नेंट भैंस है और वह कमजोर है तब एक ग्रेनी नाम की बीमारी होती है। इस बीमारी में जानवर की योनि से बेली निकलने लगती है तो फिर छुईमुई की जड़ को पीसकर हाथ में लगाकर बेली के सामने दिखाया जाता है तो बेली सिकुड़कर अंदर हो जाती है। शिक्षक बताते हैं कि लाजवंती औषधि को छुईमुई के नाम से भी जानते हैं, क्योंकि इस औषधि की पत्तियों को छूते ही ये सिकुड़कर बंद हो जाती हैं। हालांकि, कुछ देर बाद फिर से पत्तियां खुल जाती हैं।

### शिक्षक की विदाई का नहीं देखा होगा ऐसा भावुक पल, फूट-फूटकर रोने लगे छात्र-छात्राएं



**गोपालगंज।** गुरु-शिष्य की परंपरा को लेकर कई कहानियां आपने देखी और सुनी होगी। गोपालगंज के एक सरकारी स्कूल में एक ऐसा वाकया सामने देखने को मिला, जिसने इस परंपरा को लेकर एक और बड़ी मिसाल पेश की है। विद्यालय के एक शिक्षक के रिटायर होने के बाद उनकी विदाई हो रही थी। इस दौरान स्कूल की छात्र-छात्राएं उस शिक्षक से लिपट कर फूट-फूट कर रोने लगे। छात्रों को रोते देख विदा हो रहे शिक्षक भी रोने लगे। यह दृश्य देख विद्यालय के अन्य शिक्षक व ग्रामीणों की भी आंखें भर आई। पूरा माहौल गमगीन हो गया। यह वाक्या भोरे प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय मध्य विद्यालय का है, जहां के सहायक शिक्षक अशोक श्रीवास्तव के सेवानिवृत्ति के बाद विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किया। स्कूल के प्राचार्य तथा अन्य शिक्षकों ने विदा हो रहे शिक्षक के कार्यकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके बेहतर कार्यों की तारीफ की, लेकिन जब कार्यक्रम का समापन हुआ और शिक्षक विद्यालय से जाने लगे तो छात्र-छात्राएं उनसे लिपट कर रोने लगे। विदाई का यह दृश्य देखकर गांव वाले भावुक थे। उनका कहना था कि ऐसा दृश्य तो किसी बेटी की विदाई के समय देखा जाता है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि शिक्षक अशोक श्रीवास्तव का कार्यकाल काफी बेहतर रहा। उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक विकास के लिए काफी नए प्रयास किए। छात्र-छात्राओं से भी उनका काफी बेहतर जुड़ाव था, जिस कारण उनके विदा होते ही छात्र-छात्राएं होने लगे। वहीं, सेवानिवृत शिक्षक अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर होता है। विद्यालय के शिक्षकों का भरपूर सहयोग हमें मिला है। इसके साथ ही बच्चों ने भी पठन-पाठन में मेरा साथ दिया है, जिसे हम कभी भुला नहीं सकते।

### सोच-समझ कर : महिला ने सुन्दर दिखने के लिए करवाई सर्जरी, चेहरा हो गया बर्बाद



**लंदन।** भगवान ने दुनिया की हर चीज को काफी सोच-समझ कर बनाया है। हर एक चीज को भगवान ने खूबसूरत बनाया है। चाहे वो इंसान हो या जानवर। जिंदा रहने के लिए जिसे जैसी जरूरत होती है, वैसा ही भगवान उसे बनाकर भेजता है। लेकिन, इंसानों में कई बार संतुष्ट नहीं होता। खासकर महिलाओं के मन में अपने लुक्स को लेकर कई बार ऐसी असंतुष्टि जाग जाती है, जिसके बाद वो किसी भी हद तक चली जाती है। मेकअप तक तो ठीक था, लेकिन अब महिलाएं सर्जरी के जरिये भी अपने चेहरे में बदलाव लाने की कोशिश करती हैं। मार्केट में कई तरह के कॉस्मेटिक सर्जरी के ऑप्शन आ गए हैं, जिसकी मदद से लोग अपने चेहरे के नक़्शे को बदलते नजर आ रहे हैं। कोई अपनी नाक को ठीक करवाता है तो कोई चेहरे के कटिंग को। इस सर्जरी के लिए लोग अच्छे-खासे पैसे भी देने को तैयार होते हैं। मार्केट भी लोगों की इस जरूरत को बखूबी भुनाने में लगा है। यही वजह है कि अब हर कुछ दूरी पर आपको कॉस्मेटिक सर्जरी के क्लिनिक्स नजर आ जाएंगे। लेकिन, इसी के साथ अब धोखे की दुकान भी खुलने लगी है। यूं तो कॉस्मेटिक सर्जरी का प्रोसीजर काफी महंगा आता है, लेकिन कई बार कुछ ढोंगी ज्यादा क्लाइंट्स को आकर्षित करने के लिए बिना ख़ास क्वालिफिकेशन के क्लीनिक खोल देते हैं। वो अपने क्लाइंट्स को सस्ते दाम में सर्जरी का झांसा देते हैं। ऐसे ही झांसे में फंसकर इस महिला ने अपना चेहरा बर्बाद कर लिया। सोशल मीडिया पर महिला का बोटॉक्स फेसलिफ्टिंग के बाद का रिजल्ट शेयर किया। इस प्रोसीजर में चेहरे की झुर्रियां खत्म कर स्किन को टाइट कर दिया जाता है।

अमेरिकी कंपनी ने चांद अपना अंतरिक्ष यान उतारकर इतिहास रच दिया है। इस उपलब्धि को हासिल करने वाला यह दूसरा निजी मिशन था।



# अमेरिकी कंपनी का कमाल, चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कर इतिहास में लिखवाया नाम

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

फायरफ्लाई एयरोस्पेस का ब्लू घोस्ट मिशन 1, रविवार 2 मार्च को अमेरिका के स्थानीय समयानुसार सुबह 3:34 बजे चंद्रमा के उत्तरपूर्वी हिस्से में उतरा। टेक्सास के ऑस्टिन में मिशन कंट्रोल रूप में जब इसकी घोषणा की गई तो टीम खुश से झूम उठी। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा की कमर्शियल लूनर पेलो सर्विस पहल के हिस्से के रूप में ब्लू घोस्ट मिशन 1 चांद पर 10 वैज्ञानिक और तकनीकी उपकरण पहुंचाए।

### 15 जनवरी को हुई था लॉन्च

नासा से समर्थित इस मिशन का उद्येश्य भविष्य में लागत को कम और आर्टेमिस का समर्थन करना है। अमेरिका के महत्वपूर्ण आर्टेमिस कार्यक्रम को अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा पर वापस लाने के लिए डिजाइन किया गया है। लगभग एक दरियाई घोड़े के आकार का यह लैंडर इसी साल 15 जनवरी को स्पेसएक्स फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किया गया था, जिसने रास्ते में पृथ्वी और चंद्रमा के आश्चर्यजनक दृश्य लिए थे।



### चंद्रमा की सतह से ली गई पहली तस्वीर

चंद्रमा पर लैंड करने के बाद ब्लू घोस्ट ने चांद की सतह से ली गई अपनी पहली तस्वीर भेजी है, जो जबर्दस्त है। फायरफ्लाई एयरोस्पेस द्वारा पहली सोशल मीडिया पोस्ट में कहा गया कि स्नैपशॉट में ब्लू घोस्ट की सभी खूबियां समाहित हैं। साहसिक महत्वाकांक्षा, अजेय प्रेरणा और नवाचार की भावना। कंपनी ने कहा कि यह तस्वीर उस टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण है जिसने चंद्रमा पर इस अग्रणी मिशन को बनाया।

### चांद पर लैंडिंग करने वाली दूसरी निजी कंपनी

इस सॉफ्ट लैंडिंग के साथ ही फायरफ्लाई दूसरी निजी कंपनी बन गई है, जिसने चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। इसके पहले ह्यूस्टन स्थित इंट्यूटिव मशीन्स ने पिछले साल ओडीसियस लैंडर ने सफल लैंडिंग कराई थी। इसके पहले भारत समेत पांच देश, सोवियत संघ, अमेरिका, चीन, भारत और जापान ही ऐसा कर पाए थे। पूर्ण चंद्र दिवस (पृथ्वी के 14 दिन) के दौरान संचालित करने के लिए डिजाइन किया गए ब्लू घोस्ट के 14 मार्च को पूर्ण ग्रहण की हाई-क्वालिटी की तस्वीरों को कैप्चर करने की उम्मीद है, जब पृथ्वी चंद्रमा के क्षितिज से सूर्य को ब्लॉक करती है। 16 मार्च को यह चंद्र सूर्यास्त को रिकॉर्ड करेगा। यह इस बात की जानकारी देगा कि सौर प्रभाव के तहत सतह से धूल कैसे उड़ती है।



# शख्स ने 20 बीवियों से की शादी, पैदा कर चुके हैं 104 बच्चे

**नई दिल्ली।** आजकल इंसान शादी करके एक बीवी और दो बच्चे पाल ले, यही बड़ी बात है। लेकिन, कुछ लोग इतने हिम्मती होते हैं कि वो 20-20 शादियां कर लेते हैं। आप सोचकर ही हैरान हो रहे होंगे कि आखिर कोई कैसे इतनी पत्नियों को संभालता होगा तो आपको बता दें कि आज हम आपको जिस शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उसकी 16 पत्नियां एक साथ ही रहती हैं और बिल्कुल बहनों की तरह।

आपने बहुत बड़े-बड़े परिवार देखे होंगे, जिसमें 40-50 सदस्य हों। हालांकि, आज हम आपको जिन शख्स के बारे में बताने जा रहे हैं, उन्होंने मज़ाक-मज़ाक में 20 शादियां कर डालीं। इनमें से 4 पत्नियों की मौत हो गई और इस वक्त उनकी 16 बीवियां हैं, जिनका एक लंबा परिवार है, जो एक साथ एक ही छत के नीचे रहता है। उनमें आपस में किसी तरह का बैर नहीं है।

### पिता के कहने पर की शादियां

एक रिपोर्ट के मुताबिक तंज़ानिया के छोटे से गांव में रहने वाले कपिंगा नाम के शख्स ने ऐसा घर बसाया कि दुनिया भर में मशहूर हो गए। अफ्रीकन आदमी की इस वक्त 16 पत्नियां हैं, 104 बच्चे हैं और 144 नाती-पोते हैं। उनका घर नहीं पूरा एक गांव है, जहां खाना-पीना किसी भंडारे की तरह बनता है। घर में हर वक्त मानो मेला सा लगा रहता है। कपिंगा ने 1961 में अपनी पहली शादी की थी और एक बच्चे को जन्म दिया था। उनके पिता ने उन्हें परिवार और बढ़ाने के लिए कहा और प्रस्ताव रखा कि वो और शादियां करेंगे, तो वे उन्हें दहेज के पैसे देंगे।

# गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में मारे गए 10 लाख के 2 इनामी नक्सली की हुई शिनाख्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सुकमा जिले के गुंडराजगुडेम मुठभेड़ में मारे गए 2 माओवादियों की शिनाख्त हो गई है। जिसमें पामेड़ एरिया कमेटी में सक्रिय महिला माओवादी सोड़ी लिंगे एसीएम एवं पुरूष माओवादी पोड़ियाम हड़मा एसीएम कैडर के हैं। इन दोनों पर कुल 10 लाख का इनाम घोषित था। घटना स्थल से रायफल सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

- भारी मात्रा में नक्सल सामग्री बरामद
- एक बीजीएल लांचर, एक 12 बोर बंदूक, वायरलेस सेट सहित अन्य सामान बरामद

एसपी सुकमा किरण चव्हाण ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों में सोड़ी लिंगे एरिया पडियारो पोल्लो अध्यक्ष पर 5 लाख और पोड़ियाम हड़मा जनताना सरकार अध्यक्ष निवासी बीजापुर पर 5 लाख का इनाम था।

घटनास्थल से एक बीजीएल लांचर, एक 12 बोर बंदूक, 5 बीजीएल सेल, पांच 12 बोर रायफल के जिंदा राउंड 1 वायरलेस सेट, 4 बीजीएल कॉटीज, भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य, दैनिक उपयोगी सामान बरामद किया गया है।

### आने वाले दिनों में मिलेंगे अच्छे परिणाम

बस्तर पुलिस एवं क्षेत्र में तैनात डीआरजी, बस्तर फाइटर्स, एसटीएफ, सीएएफ एवं केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल लोकतंत्र की रक्षा व क्षेत्र की शांति के लिए अपनी जान की परवाह न करते हुए कार्य कर रही है। आने वाले दिनों में इस दिशा में अच्छे परिणाम मिलेंगे।

**सुन्दरराज पी.,** आईजी बस्तर




### गोलगप्पे के ठेले पर लिखी ऐसी शायरी, दौड़-दौड़कर आने लगे कस्टमर

भारत के सबसे ज्यादा लोकप्रिय स्ट्रीट फूड में से एक गोलगप्पे हैं। आप कहीं पर भी चले जाएं, गोलगप्पे के कई ठेले आपको मिल जाएंगे। इसी से अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि लोगों को इसका स्वाद कितना ज्यादा पसंद होता है। जो गोलगप्पे के फैन होते हैं, उन्हें सस्ते से सस्ते और अच्छे से अच्छे गोलगप्पे के ठेले का पता मालूम रहता है। एक ऐसा ही ठेला इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पानीपुरी खाने के शौकीन लोगों गोलगप्पे खाने के लिए कभी भी इनवाइट किया जा सकता है। एक गोलगप्पे वाले भैया ने अपने ग्राहकों को इनवाइट करने का ज़बरदस्त तरीका ढूंढ निकाला है। कई बार दुकानों को पॉपुलर बनाने के लिए दुकानदार कुछ ऐसा जुगाड़ ढूंढकर लाते हैं, जो हिट हो जाता है। इस वक्त एक गोलगप्पे वाले का ठेला भी उसकी दिलचस्प शायरी की वजह से चर्चा में है।

# 10 साल की पहेली को एआई ने 2 दिन में ही सुलझाया




**न्यूयार्क।** दुनिया के वैज्ञानिक एक सवाल का जवाब ढूंढने में 10 साल से लगे थे, लेकिन एक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल ने वही सवाल सिर्फ 2 दिनों में हल कर दिया। इम्पीरियल कॉलेज लंदन के प्रोफेसर जोस आर पेनाडेस और उनकी टीम यह समझने की कोशिश कर रही थी कि कुछ सुपरबग्स यानी खतरनाक बैक्टीरिया एंटीबायोटिक्स के खिलाफ ताकतवर कैसे बन जाते हैं। जब उन्होंने गूगल के नए एआई टूल 'को-साइंटिस्ट' से इस पर सवाल किया तो उन्हें तुरंत जवाब मिल गया। यह वही जवाब था जिसे ढूंढने में उनकी टीम को एक दशक लग गया था!

**क्या एआई ने रिसर्च चुरा ली :** प्रोफेसर को लगा कि कहीं एआई ने उनकी रिसर्च चोरी तो नहीं कर ली। उन्होंने तुरंत गूगल को ईमेल किया और पूछा कि क्या आपके पास मेरे कंप्यूटर की जानकारी थी? गूगल ने इस बात से साफ इनकार कर दिया। वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी रिसर्च में सबसे ज्यादा समय अपने सिद्धांत (थ्योरी) को साबित करने में लग गया। अगर उन्हें पहले ही एआई की दी हुई जानकारी मिल जाती तो उनका काम बहुत आसान हो जाता।

**एआई ने दिए और भी नए जवाब :** गूगल के इस एआई टूल ने सिर्फ एक नहीं, बल्कि चार और नए उत्तर भी दिए। इनमें से एक तो ऐसा था जिसके बारे में वैज्ञानिकों ने कभी सोचा ही नहीं था। अब वे उस पर आगे रिसर्च कर रहे हैं। प्रोफेसर पेनाडेस ने कहा कि यह कोई मामूली टूल नहीं है। इसने न केवल हमारी रिसर्च को सही साबित किया, बल्कि ऐसी बातें भी बताईं जो हमें अब तक नहीं पता थीं।

### क्या एआई विज्ञान की दुनिया बदल देगा?

आजकल एआई को लेकर खूब चर्चा हो रही है। कुछ लोग इसे वैज्ञानिक तरक्की मानते हैं तो कुछ इसे नौकरियों के लिए खतरा बता रहे हैं। प्रोफेसर पेनाडेस का मानना है कि एआई एक बहुत ही ताकतवर और मददगार टूल साबित होगा। उन्होंने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि एआई विज्ञान की दुनिया को बदल देगा। यह ऐसा है, जैसे मुझे किसी बड़े मुकाबले में खेलने का मौका मिल गया हो, जैसे मैं एआई के साथ चैंपियंस लीग का मैच खेल रहा हूं!

### गूगल का एआई कैसे काम करता है?

प्रोफेसर पेनाडेस और उनकी टीम ने इस एआई टूल से एक छोटा-सा सवाल पूछा। सिर्फ 48 घंटे में एआई ने सही जवाब दे दिया। यह देखकर वैज्ञानिक हैरान रह गए, क्योंकि इस जानकारी को अब तक किसी ने पब्लिश नहीं किया था। उन्होंने बताया कि जब मैंने एआई का जवाब देखा तो मैं खरीदारी कर रहा था। मैंने तुरंत अपने साथ वाले व्यक्ति से कहा, मुझे कुछ समय अकेला छोड़ दो, मुझे इस पर सोचने की जरूरत है।

**रोग** दुनिया के एक इलाके में ये हर साल मार रही है लोगों को

# बहुत दुर्लभ है ये रोग, नाम करता है कनफ्यूज

एजेंसी ▶▶| लंदन

क्या हंसी का कोई रोग भी होता है? आपको भले ही यह सवाल बेतुका सा लगे। इसका संबंध एक दुर्लभ रोग से है। इसे करीब 50 साल पहले ही खोजा गया था। सबसे अजीब बात ये है कि इसका हंसी से लेना देना है ही नहीं, लेकिन दुर्लभ होने क बाद भी दुनिया के एक इलाके में ये लोगों को हर साल मार रही है। हम बात कर रहे हैं कुरू की। इसे लाफिंग सिकनेस भी कहा जाता है। सबसे अजीब बात बीमारी का नाम नहीं, बल्कि वह वजह है जिससे ये लोगों में हो जाती है।

**और भी हैं इसके नाम :** कुरू नाम आपको बहुत ही अजीब लगे या भारतीय पौराणिक कथाओं को लगे। लेकिन, जब लोग इसके दूसरे नाम जैसे कि लाफिंग डिसीज या लाफिंग डेथ नाम सुनते हैं, तो इनकी जिज्ञासा बढ़ जाती है। इसकी कहानी रोचक है इसे 1950 के दशक में पपुआ न्यू गिनी में खोजा गया था, इसकी पड़ताल ने शोधकर्ताओं को हैरान कर रख दिया था।



### एक अजीब सा रोग

जब शोधकर्ता इस इलाके में पहुंचे तो वहां की फोर जनजाति से संपर्क करने के बाद उन्हें एक अजीब बात दिखी। उन्होंने पाया कि 11 हजार की आबादी वाली जनजाति में एक अजीब सा रोग फैला है, जिसकी वजह से हर साल करीब 200 लोगो मौत के मुंह में जा रहे हैं। शुरू में दो उन्हें लगा कि यह रोग किसी संक्रमण या जेनिटिक्स की वजह से हो रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह रोग तब होता है जब कोई दिमाग का संक्रमित हिस्सा खा लेता है। इसका असर और भी खतरनाक और अजीब है। यह सीधा मस्तिष्क पर असर करता है।

### एक बहुत ही अलग वजह

शोधकर्ताओं ने ज्यादातर बच्चों और वयस्क महिलाओं को होने वाले रोग की पड़ताल की। तब उसके नतीजे ने उन्हें हैरान करके रख दिया, क्योंकि यह रोग परिवार के मरे लोगों का दिमाग खाने की परंपरा की वजह से हो रहा था। शोधकर्ताओं ने इंस्टाग्राम पोस्ट समझाते हुए बताया कि यह रोग होता कैसे है।

### क्यों है ये परंपरा

पोस्ट के मुताबिक एक शोधकर्ता ने समझाया कि जब शरीर गाड़ा जाता है, तो उसे कीड़े खा लेते हैं और अगर उसे प्लेटफॉर्म पर जाए तो उड़ने वाले कीड़े खाने लगते हैं। फोर जनजाति के लोग मानते थे कि इससे कि परिवार के मृतक का शव कीड़े खा जाएं,यह बेहतर होगा कि उसे परिवार के अन्य सदस्य खा लें। लेकिन ,जल्दी ही ये परंपरा बंद कर दी गई।

## सूरत कपड़ा मार्केट आगजनी पर उठ रहे कई सवाल

### 800 राजस्थानी कारोबारी बर्बाद, 9 अरब रुपए के नुकसान का अनुमान

# बेसमेंट की आग बुझा देने के बाद दोबारा कैसे लगी?

एजेंसी ⏭ सूरत

गुजरात में सूरत के रिंग रोड स्थित शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में लगी भीषण आग बुझ तो गई है, लेकिन इस पर कई सवाल उठ रहे हैं। बेसमेंट में लगी आग बुझा देने के बाद दोबारा आग कैसे लगी, इस पर संदेह हो रहा है। आग कैसे लगी इसका कारण नहीं पता चल सका है। अब सरकार से लेकर मेयर तक इसकी जांच कराने की बात कर रहे हैं।

मार्केट में पर्याप्त रास्ता न होने के बावजूद इसे अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया गया था। इस सवाल के जवाब में मेयर दक्षेश मेवाणी ने कहा- आग लगने की टाइमिंग संदेह पैदा होता है। मंगलवार को बेसमेंट की आग बुझा दी थी। अगर दोबारा आग लगती तो बेसमेंट में लगती। यह तीसरी-चौथी मंजिल पर लगी। पूरी रात आग की कोई घटना नहीं हुई। आखिरकार सुबह जब व्यापारी आए तब आग की सूचना दी गई। सूचना भी बड़ी आग की दी गई थी। इससे शक पैदा होता कि किसी ने कुछ दुकानों का इंश्योरेंस लेने के लिए आग लगाई हो। जिससे पूरा मार्केट जल गया। राज्य अग्निशमन निदेशक अनिल चावड़ा गुरुवार को गांधीनगर से शिवशक्ति मार्केट पहुंचे। उन्होंने कहा कि सभी तरह की जानकारी जुटाकर रिपोर्ट तैयार करेंगे। एफएसएल जांच करेगी।





### 700 दुकानें हो चुकी हैं खाक

आग से इमारत की 700 दुकानें खाक हो चुकी हैं, लेकिन आग अब भी नहीं बुझी है। इसी आग में एक दुकान में रखे 20 करोड़ रुपए राख हो गए। कारोबारी ने गुहार लगाई कि दुकान में 20 करोड़ रुपए रखे हैं। यह नकदी अलग-अलग पार्टियों की है। जल गई तो बर्बाद हो जाऊंगा। लेकिन दुकान लपटों से घिरी होने से उसे अंदर नहीं जाने दिया गया। हालांकि एक अन्य कारोबारी 45 लाख रुपए निकालने में सफल रहा।

### एफएसएल करेगी जांच

**मशहूर शिवशक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 फरवरी को लगी थी भीषण आग**

### 9 अरब से रुपए से अधिक का नुकसान

गुजरात के सूरत में शिव शक्ति टेक्सटाइल मार्केट में 25 फरवरी को लगी भीषण आग ने सैकड़ों व्यापारियों की वर्षों की मेहनत को राख में बदल दिया। इस अग्निकांड में करीब 9 अरब रुपये से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। आग इतनी भीषण थी कि 30 दमकल गाड़ियों और सैकड़ों कर्मचारियों को लगभग 30 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद इस पर काबू पाया जा सका।

### राजस्थान के व्यापारियों को भारी नुकसान

सूरत के इस कपड़ा बाजार में राजस्थान के करीब 800 व्यापारी कारोबार करते हैं। इस आग में उनकी दुकानों में रखा करोड़ों रुपये का कैश, लाखों मीटर कपड़ा स्टॉक, लैपटॉप, कंप्यूटर और जरूरी कागजात जलकर खाक हो गए। दम घुटने से एक व्यापारी की मौत भी हो गई। व्यापारियों का कहना है कि 32 साल की मेहनत से करोड़पति बने थे, एक ही रात में सड़क पर आ गए।

# सनातन को शिक्षा का हिस्सा होना चाहिये

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने हिन्दूजा कालेज ऑफ कामर्स के 75 वर्ष पूर्व होने पर समारोह को किया संबोधित




**जबलपुर।** देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सनातन को देश की संस्कृति और शिक्षा का हिस्सा होना चाहिये. क्योंकि यह समावेशिता का प्रतीक है. श्री धनखड़ हिन्दूजा कालेज ऑफ कामर्स के 75 वर्ष पूर्व होने पर समारोह को संबोधित कर रहे थे. उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक और पाठ्येतर उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। हिंदुजा फाउंडेशन के अध्यक्ष अशोक हिंदुजा ने कहा, "संस्थान एक कौशल विकास केंद्र स्थापित करने के लिए तैयार है, जो उद्योग और शिक्षा के बीच की दूरी को पाटने के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा, साथ ही डीम्ड विश्वविद्यालय में बदलने और छात्र क्षमता को कई गुना बढ़ाने की दीर्घकालिक योजनाएं भी हैं। कॉलेज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस और वेल्थ मैनेजमेंट में नए कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है, साथ ही जलवायु वित्त और निर्यात-आयात प्रबंधन में विशेष पाठ्यक्रम भी शुरू करेगा।"

**सबसे अधिक जशपुर में 241**

# *653 गांव ऐसे जहां टंकी बनी लेकिन पानी का जुगाड़ नहीं*

*हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर*

*छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन को भले ही 4 साल का एक्सटेंशन मिल गया है, लेकिन राज्य में जल स्त्रोत विहीन गांवों की संख्या 653 है। ये गांव ऐसे हैं, जहां टंकियां खड़ी हैं लेकिन पानी का जुगाड़ नहीं हो पा रहा है। जल जीवन मिशन के लिए तय की गई एजेंसियों ने यहां पर पानी का स्त्रोत मिले बिना ही पानी टंकी बनाने और पाइपलाइन बिछाने का काम किया है। सबसे अधिक जशपुर जिले में सबसे ज्यादा 241 गांव ऐसे हैं, जो जल स्त्रोत एवं पर्याप्त जल स्त्रोत विहीन हैं। दूसरे नंबर में बलौदा बाजार-भाटापारा जिला है, जहां 113 ग्राम जल स्त्रोत विहीन हैं। वहीं गरियाबंद जिले में मात्र एक ग्राम ऐसा है, जो इस श्रेणी में है।*

- 1660 गांव ऐसे भी जहां कार्य पूरे, लेकिन पानी नहीं होने से लाभ नहीं

**'पूरा ससुराल डरा हुआ है...'**

# वेडिंग ड्रेस में दुल्हनिया ने फ्लॉन्ट की अपनी मसल्स

*नई दिल्ली। सोशल मीडिया पर इनदिनों एक बॉडी बिल्डर दुल्हन का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। ब्राइडल ड्रेस में दुल्हन अपने मसल फ्लॉन्ट करते दिख रही है। वीडियो ने इंटरनेट यूजर्स को हैरान कर दिया है। वीडियो जिसे सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है, के संबंध में कुछ यूजर्स ने कहा कि बहू अगर ऐसी होगी तो ससुराल के सभी लोग डरे सहमे रहेंगे।*



### चित्रा पुरुषोत्तम कौन हैं?

दरअसल, इंटरनेट पर वायरल हो रहे वीडियो में जो युवती दिख रही है वो चित्रा पुरुषोत्तम हैं। मूल रूप से कर्नाटक की रहने वाली चित्रा बॉडी बिल्डर हैं। ऐसा दावा किया जा रहा है कि हाल ही में वो शादी को बंधन में बंधी हैं। ऐसे में उनका ब्राइडल लुक तेजी से वायरल हो रहा है। अपनी शादी में आम दुल्हन से अलग लुक चूज करने वाली चित्रा की तस्वीर-वीडियो इंटरनेट पर चर्चा का विषय बना हुआ है। कांजीवरम साड़ी और ट्रेडिशनल ज्वेलरी पहने चित्रा अपना मसल फ्लॉन्ट कर रही है। हालांकि सोशल मीडिया के इस वीडियो को कोई भी स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर रहा।

**इंटरनेट यूजर्स दो धड़ों में बंटे**

चित्रा की लुक को लेकर इंटरनेट यूजर्स दो धड़ों में बंटे हुए दिख रहे हैं। एक धड़ा इस अपरंपरागत ब्राइडल लुक की तारीफ कर रहा है। जबकि दूसरा धड़ा इसकी आलोचना कर रहा है। एक यूजर ने लिखा, "मरते दम तक ससुराल वाले सोच समझ कर बात करेंगे। नहीं तो सब को एक बार हॉस्पिटल जाना ही पड़ेगा।" दूसरे ने लिखा, "जेवर के साथ-साथ कुछ मेडल्स भी इसके गले में होने चाहिए थे" तीसरे ने लिखा, "पहले से ही दबदबा बना रखा है। ऐसा ही होना चाहिए।"वहीं, एक अन्य ने लिखा, "लीक से हटकर महिलाओं को ऐसा करता देख अच्छा लग रहा है। ये उसकी जिंदगी है। इसके निर्णय भी उसके ही होने चाहिए। हम किसी को जज करने वाले कौन होते हैं।" बहरहाल चित्रा इंटरनेट पर चर्चा का विषय बनी हुई हैं। आप उनके इस लुक पर क्या कहेंगे, कमेंट करके बताएं।

**तरीका जान हैरान रह जाएंगे आप**

# कुत्ते ने 3 दिन में कमा लिए 23 लाख रुपए

**नई दिल्ली।** आजकल हर कोई ज्यादा से ज्यादा पैसा कमाने की कोशिश करता है। इसके लिए लोग दिन-रात मेहनत करते हैं लेकिन चीन से एक बहुत ही अजीबोगरीब मामला सामने आया है, जिसमें एक कुत्ता महज तीन दिन में 27 लाख रुपये कमा चुका है। इस कुत्ते की कमाई ने सभी को हैरान कर दिया और अब यह कुत्ता सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया है।

### कुत्ता हकीमी और उसकी कहानी



आपको बता दें कि हकीमी का मालिक जू एक होमस्टे का मालिक है, जो दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत के लिजिआंग शहर में स्थित है। यह कुत्ता हस्की प्रजाति का है और उसका नाम हकीमी है। हकीमी ने सिर्फ तीन दिन में 200,000 युआन (27 लाख रुपये) की कमाई की है। यह कुत्ता दक्षिण-पश्चिमी चीन के युन्नान प्रांत के लिजिआंग शहर में एक होमस्टे के मालिक जू के पास रहता है।

### ट्रॉली खींचने का काम जल्दी सीख लिया

जू ने बताया कि हकीमी ने ट्रॉली खींचने का काम बहुत जल्दी सीख लिया। शुरू में वह गिरता था और लोगों से टकरा जाता था, लेकिन अब वह इस काम में एक्सपर्ट बन चुका है। हकीमी को काम करना बहुत पसंद है और जब भी वह ट्रॉली खींचता है तो वह बहुत खुश रहता है। जू के मुताबिक, हकीमी को काम करना बहुत पसंद है। जब भी वह ट्रॉली खींचता है, तो वह बहुत खुश होता है, जैसे वह खेल रहा हो। हकीमी लगभग 200 मीटर की दूरी तक ट्रॉली खींचता है और इस दौरान वह काफी उत्साहित रहता है।

# शिक्षा मंत्री को बंधक बनाया, महिला प्रोफेसर की साड़ी फाड़ी

एजेंसी ⏭ जादवपुर



**बंगाल के जादवपुर यूनिवर्सिटी में वामपंथी छात्रों का बवाल**

पश्चिम बंगाल की जादवपुर यूनिवर्सिटी में शनिवार को जमकर बवाल हुआ है। वामपंथी छात्रों ने यूनिवर्सिटी में पहुंचे बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रत्य बसु के सामने पहले हंगामा किया, फिर उन्हें बंधक बना लिया। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) समर्थक छात्र भड़के तो मामला हिंसक हो गया। वामपंथी छात्रों ने अपने कब्जे से निकल रहे शिक्षा मंत्री और अन्य गाड़ियों पर पथराव कर दिया। इस पथराव में शिक्षा मंत्री घायल हो गए हैं और उन्हें अस्पताल ले जाना पड़ा है। वामपंथी छात्रों पर टीएमसी समर्थक महिला प्रोफेसर के साथ भी मारपीट करने और उनकी साड़ी फाड़ने का आरोप भी लगा है। इस हिंसा में एक छात्र का सिर फूटने से उसके भी घायल होने की खबर है। मौके पर भारी पुलिस बल पहुंच गया है और हालात को काबू में करने की कोशिश कर रहा है।

### ऐसे हुआ विवाद


जादवपुर यूनिवर्सिटी को भी वामपंथ के प्रभाव के कारण पश्चिम बंगाल का जेएनयू कहा जाता है। शिक्षा मंत्री जब वेबकूपा की बैठक में भाषण दे रहे थे। इसी दौरान वहां वामपंथी छात्र पहुंच गए और छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग शुरू कर दी। इस पर वहां माहौल भड़क गया। वामपंथी छात्रों ने कार्यक्रम स्थल पर तोड़फोड़ शुरू कर दी, जिसमें कई प्रोफेसरों को कुर्सियों से धक्का दिया गया और कारों के टायरों की हवा निकाल दी गई। छात्रों ने 'चोर-चोर' और 'वापस जाओ' के नारे लगाए।

## कोरबा में लगेंगे 660 मेगावाट के दो प्लांट

# जशपुर में पानी से बनेगी 35 सौ मेगावाट बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश में लगातार बिजली की खपत में इजाफा हो रहा है। खपत 65 सौ मेगावाट के पार जाने की संभावना है। लेकिन उत्पादन की क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन हमेशा 22 से 25 सौ मेगावाट ही उत्पादन होता है। बिजली की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर या फिर निजी उत्पादकों से बिजली खरीदनी पड़ती है। अब छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी कोरबा में 660 मेगावाट के दो नए संयंत्र लगाने की मंजूरी राज्य सरकार से ले चुकी ळै। इसे लेकर प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। इसका टेंडर भी हो गया है।



### पानी से पैदा होगी 7700 मेगावाट बिजली

पानी से बिजली बनाने के लिए पांच स्थानों का चयन किया गया है। इसमें हसदेव बांगो कोरबा और सिकासेर बांध गरियाबंद में 12-12 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। जशपुर के डांगरी में 14 सौ मेगावाट और रौनी में 21 सौ मेगावाट का प्लांट लगाया जाएगा। इसके लिए तैयारी हो गई है। पहले चरण में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के गृह जिले जशपुर में 35 सौ मेगावाट बिजली का उत्पादन पानी से किया जाएगा। इसी के साथ बलरामपुर के कोटपल्ली में 18 सौ मेगावाट का प्लांट लगेगा। इन स्थानों पर पंप हाइड्रो योजना के तहत 7700 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा।

**सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी**

# लाभ के लिए ऋण लेने वाला 'उपभोक्ता' नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बैंक से ऋण लाभ कमाने के उद्देश्य से लिया गया है तो उसे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत 'उपभोक्ता' नहीं कहा जा सकता। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग के एक आदेश के खिलाफ सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा दायर अपील पर सुनवाई कर रही थी।

### कोर्ट की ऐसी टिप्पणी

शीर्ष अदालत ने कहा, हम इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रतिवादी संख्या एक (कंपनी) को केवल इस तथ्य के आधार पर उपभोक्ता की परिभाषा से बाहर नहीं रखा जा सकता कि वह एक वाणिज्यिक इकाई/उद्यम है। पीठ ने कहा, लेकिन इस निष्कर्ष पर पहुंचने में हमारे लिए यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि इस मामले में प्रतिवादी संख्या एक को 'उपभोक्ता' नहीं कहा जा सकता, है।

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**


**आवश्यकता**
आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें:- 7439736348 (रायपुर /04/मार्च 25)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
**हरिभूमि वैवाहिकी**
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

**छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ**

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
**जोश जगा दे धूम मचा दे।**



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

## राशिफल

**मेष** – किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। कारोबार के विस्तार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी बनी रहेंगी।

**वृष** – मन में उतार-चढ़ाव रहेगा। नौकरी के परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। आय में वृद्धि मिलेगी। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**मिथुन** – पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। सुखद समाचार की प्राप्ति होगी।

**कर्क** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु अति उत्साही होने से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती है। संतान को कष्ट

**सिंह** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। सम्पत्ति में वृद्धि हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अज्ञात भय से परेशान रहेंगे।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**तुला** – मन में आशा-निराशा के भाव हो सकते हैं। पिता का सानिध्य मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**वृश्चिक** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। यात्रा सुखद रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। सेहत का का ध्यान रखें। क्रोध की अधिकता रहेगी।


**धनु** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी विशेष कार्य के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। व्यर्थ की चिंता रहेंगी।

**मकर** – क्रोध से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। आय में वृद्धि होगी। किसी सम्पत्ति से भी धन मिल सकता है। मित्रों से भेंट हो सकती है।

**कुंभ** – रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा। परिवार का साथ मिलेगा। परिवार की किसी महिला से धन की प्राप्ति होगी।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च अधिक रहेंगे। भाइयों से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5795



**बाएँ से दाए-**
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होवा-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लीन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

**ऊपर से नीचे**
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दौंडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

### शब्द पहेली -5794 का हल



## सूडोकू नवताल - 5805

***** कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 4 | |
| | | 5 | | 3 | | | 7 | |
| | | | | | 8 | | | 2 |
| | | | | | 1 | 9 | | |
| | 2 | | | | | | 8 | |
| | | 6 | 7 | | | | | |
| 1 | | | 4 | | | | | |
| | 9 | | | 2 | | 5 | | |
| | 8 | | | | | | | 1 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

### सूडोकू नवताल - 5804 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 3 | 7 | 2 | 9 |
| 7 | 2 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 | 8 | 1 |
| 9 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 9 | 6 | 8 | 4 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 2 | 9 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 7 | 5 | 9 | 6 |
| 6 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 7 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.



# ओटीटी पर धूम मचाने के लिए तैयार 'तंडेल'

**नई दिल्ली।** नागा चैतन्य और साई पल्लवी की 'तंडेल' ने 7 फरवरी, 2025 को रिलीज होने के बाद सिनेमाघरों में धूम मचा दी थी। चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित इस फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया और दर्शकों से सराहना प्राप्त की। अब, यह कुछ ही दिनों में अपने डिजिटल डेब्यू के लिए तैयार है। 'तंडेल' 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर कई भाषाओं में रिलीज होगी। इसकी घोषणा करते हुए ओटीटी पार्टनर ने लिखा, सरहदों के पार का सफर, हदों से परे की कहानी। तंडेल को 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में देखें।

लाइफ Style



# सामंथा
## फिल्म इंडस्ट्री में पूरे किए 15 साल

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने फिल्मी दुनिया में15 साल पूरे कर लिए हैं। इस मौके पर एक खास कार्यक्रम में सामंथा रुथ प्रभ को सम्मानित किया गया। यह लम्हा प्यार, पुरानी यादों और प्रशंसकों के उत्साह से भरा हुआ था। सामंथा ने इस बीच बेहतरीन साड़ी पहनी हुई थी। जब उन्होंने अवॉर्ड हासिल किया तब वह उत्साहित लग रही थीं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सामंथा के फिल्मी दुनिया में 15 साल पूरे होने पर उन्हें 'एमसीआर ग्रुप ऑफ कंपनीज' की तरफ से सम्मानित किया गया। सामंथा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट की, इसमें उन्होंने लिखा कि '15 साल। महान। सौभाग्यपूर्ण। प्यारे। बहुत कुछ आना बाकी है। धन्यवाद चेन्नई। सम्मान के लिए शुक्रिया।' सामंथा ने अवॉर्ड की जगह से साड़ी में अपनी कई फोचो शेयर की हैं। सामंथा ने अपने लुक को गोल्डन साड़ी और गहनों से पूरा किया था। सामंथा के काम की बात करें तो वह आखिरी बार 'सिटाडेल हनी बनी' में नजर आई थीं। उनके साथ वरुण धवन ने काम किया है। सामंथा ने साल 2010 में तेलुगू फिल्म 'ये माया चेसावे' से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। इस फिल्म में सर्वश्रेठ डेब्यू अभिनेत्री के लिए उन्हें फिल्म फेयर अवॉर्ड मिला। उन्हें साल 2012 में 'नीथाने एन पोनवसंथम' तमिल फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड मिला। इसके साथ इसी साल में उन्हें तेलुगू फिल्म 'ईगा' में काम करने के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का अवॉर्ड दिया गया। इसके बाद उन्होंने इंडस्ट्री को कई बेहतरीन फिल्में दीं। उन्होंने अत्तरीनतिकी दरेदी (2013), कत्थी (2024), थेरी (2016), 24 (2016), मेरसल (2017) साल 2012 में सामंथा हिंदी फिल्म 'एक दीवाना था' में नजर आईं।

## हॉलीवुड मसाला



# सबसे ज्यादा कमाने वाले एक्टर

**लॉस एंजिल्स।** फोर्ब्स ने हाल ही में दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले मशहूर हस्तियों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में 'द रॉक' ने शीर्ष स्थान हासिल किया है। रेसलर से अभिनेता बने ड्वेन जॉनसन अक्सर अलग-अलग वजहों से सुर्खियों में रहते हैं। अब यह उपलब्धि हासिल करके वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। यह पहली बार नहीं है कि ड्वेन जॉनसन इस सूची में शामिल हो रहे हैं। अभिनेता पांचवीं बार इस सूची में शामिल हो रहे हैं।




# फिल्मों में आने से पहले वेटर थे 'जेम्स बॉन्ड'

**लॉस एंजिल्स।** जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अभिनेता डेनियल क्रेग ने रविवार को अपना 57वां जन्मदिन मनाया। डेनियल 15 साल से बॉन्ड के किरदार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। डेनियल क्रेग फिल्मों में आने से पहले एक रेस्तरां में वेटर का काम किया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद खुलासा किया था कि 16 साल की उम्र में उन्होंने जब पढ़ाई छोड़ दी तो खुद का पेट पालने के लिए वह वेटर का काम किया करते थे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह अगर एक्टर ना बनते तो एक प्रोफेशनल वेटर बनते। डेनियल क्रेग ने अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत फिल्म द पावर ऑफ वन से किया।



# एक्टर्स को कोई प्लस साइज नहीं बोलता

**मुंबई।** अंजलि आनंद ने टीवी सीरियल, फिल्म और वेब सीरीज जैसे सभी मीडियम में काम किया है। अलग-अलग किरदार और जॉनर के प्रोजेक्ट्स का हिस्सा रही हैं। लेकिन, उनकी एक्टिंग को सराहने की बजाय उनको बस एक प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर ही पहचाना जा रहा है। ऐसे में अंजलि का कहना है कि ऐसा सिर्फ फीमेल एक्ट्रेस के साथ होता है, हीरो या मेल एक्टर्स के साथ ऐसा कोई सिचुएशन क्रिएट नहीं होती है। हाल ही में एक इंटरव्यू में अंजलि आनंद बताती हैं कि कभी किसी ने गोविंदा को, ऋषि कपूर जी को नहीं कहा कि वे प्लस साइज एक्टर हैं। लेकिन, एक महिला कलाकार को आसानी से प्लस साइज एक्ट्रेस कहा जाता है। मुझे भी अंजलि आनंद प्लस साइज एक्ट्रेस के तौर पर भी जाना जाता है।



# 'शादी में जरूर आना' 7 को री-रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड में फिल्मों को दोबारा रिलीज करने का चलन जोर पकड़ रहा है और दीपक मुकुट की सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट इस ट्रेंड में अपनी फिल्में जोड़ रहे हैं। सनम तेरी कसम (2016) की सफल री-रिलीज के बाद दीपक मुकुट अब 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'शादी में जरूर आना' को सिनेमाघरों में वापस लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। राजकुमार राव और कृति खरबंदा की फिल्म 'शादी में जरूर आना' 7 मार्च को महिला दिवस पर री-रिलीज होगी। राजकुमार राव ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए इसकी री-रिलीज पर खुशी जाहिर की है। मूल रिलीज के समय यह फिल्म 'फ्लॉप' साबित हुई थी। हालांकि, कुछ वर्षों के दौरान इस फिल्म ने अपनी कहानी से कई दर्शक जुटाए। इस फिल्म का बजट 13 करोड़ रुपए था।

## टीवी मसाला

# क्या नागिन के सातवें सीजन में नजर आने वाली हैं अविका ?

**नई दिल्ली।** एकता कपूर के धारावाहिक 'नागिन' के सातवें सीजन में अभिनय को लेकर अभिनेत्री अविका गौर का नाम सामने आ रहा है। इन अटकलों पर एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक सवाल करके इस बात पर चुप्पी तोड़ी है।



टेलीविजन शो के चर्चित धारावाहिक 'बालिका वधू' की अभिनेत्री अविका गौर अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। 'नागिन 7' में अभिनय को लेकर एक्ट्रेस की काफी चर्चा हो रही है। इस बारे में अविका ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी शेयर किया है, जिसमें उन्होंने मजाकिया अंदाज में सवाल किया कि वह नागिन सीरियल के सातवें सीजन में आने वाली हैं। क्या यह सही है? तो इसकी जानकारी उन्हें क्यों नहीं है। हाल ही में निर्माता एकता कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया था, जिसमें उन्होंने 'नागिन' के सातवें सीजन को लेकर घोषणा की थी। साथ ही कहा था कि वह इस सीरियल को बनाने का प्रयास कर रही हैं। इस वीडियो में एकता ने 'नागिन' के अपकमिंग सीजन की थीम के बारे में बताते हुए कहा कि सर्व, सुपर श्रेष्ठ, परम श्रेष्ठ, अनादि, सुपर अनादि, नागिन। 'नागिन' का छठवां सीजन साल 2022 में आया था, जिसका प्रसारण जुलाई 2023 में बंद हो गया था।

## रिजेक्ट किया सेलिब्रिटी मास्टरशेफ

**नई दिल्ली।** सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में अपनी कॉमेडी से दर्शकों को हंसाने वाली मुनमुन दत्ता को कुकिंग से भी लगाव रहा है। यही



कारण रहा कि उन्हें भी सेलिब्रिटी मास्टरशेफ ऑफर हुआ था। लेकिन मुनमुन ने इस शो को रिजेक्ट कर दिया। शो 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ'से जुड़े एक सोर्स का कहना है कि मुनमुन दत्ता को भी शो ऑफर हुआ था। वह एक अच्छी कुक हैं, साथ ही काफी पॉपुलर भी हैं। ऐसे में शो ' सेलिब्रिटी मास्टरशेफ'के लिए परफेक्ट थीं। लेकिन, उनके अपने शो कॉमेडी शो को लेकर कुछ कमिटमेंट्स थे, जिसके कारण उन्हें कुकिंग रियालिटी शो को ना कहना पड़ा। इन दिनों 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' में तेजस्वी, गौरव खन्ना, निक्की तंबोली जैसे टीवी सेलिब्रिटी नजर आ रहे हैं। सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' का हिस्सा मुनमुन दत्ता काफी लंबे समय से हैं। वह इसमें बबीताजी नाम का किरदार निभाती हैं, जिसका पति एक साइंटिस्ट है। शो में कॉमेडी के साथ समय-समय पर सोशल मैसेज भी दिए जाते हैं। इस शो की वजह से मुनमुन को काफी पॉपुलैरिटी मिली है। मुनमुन ने सीरियल्स के अलावा फिल्मों में भी काम किया है। वह मुंबई एक्सप्रेस और हॉली डे जैसी फिल्मों का हिस्सा रही हैं।

# 'बागी 4' का नया पोस्टर रिलीज
## खून से लथपथ दिखे टाइगर

**नई दिल्ली।** अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'बागी 4' का नया पोस्टर रविवार को रिलीज किया गया। जिसमें टाइगर थ्रिलर लुक में नजर आ रहे हैं और उनके चेहरे से खून निकलता दिखाई दे रहा है। फिल्म के नए पोस्टर को नाडियाडवाल ने अपने एक्स अकाउंट पर शेयर किया है। टाइगर श्रॉफ ने फिल्म के नए पोस्टर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इसके कैप्शन में लिखा कि जिस फ्रैंचाइजी ने उन्हें पहचान दी और उन्होंने ही उनको एक एक्शन हीरो के तौर पर साबित करने का मौका दिया। अब वही उनकी पहचान बदलकर दर्शकों के सामने नए अंदाज में लेकर आ रहे हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि उम्मीद है आठ साल पहले जैसे दर्शकों ने प्यार दिया था, वैसे इस फिल्म को भी स्वीकार करेंगे। 'बागी 4' लोकप्रिय बागी फ्रेंचाइजी का चौथा भाग है, जो ए. हर्षा



द्वारा निर्देशित किया गया है। इसमें संजय दत्त खलनायक और सोनम बाजवा मुख्य अभिनेत्री के रूप में नजर आने वाले हैं। रोमांचक पोस्टर और नए लुक के कारण फिल्म काफी चर्चा में है।

# कुमार सानू से लेकर उदित नारायण तक इन गायकों को संगीत से किया मशहूर, यादगार हैं सारे गाने...

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बेहतरीन संगीतकार आनंदजी वीरजी शाह ने रविवार को अपना 92वां जन्मदिन मनाया उन्होंने अपने कॅरियर में 'पल पल दिल के पास', 'नीले नीले अंबर पर', 'बेखुदी में सनम' और 'क्या खूब लगती हो' जैसे बेहतरीन गाने दिए हैं। बॉलीवुड इंड्स्ट्री में आनंदजी एक कामयाब संगीतकार रहे हैं। इनके गाने आज भी लोगों को खूब भाते हैं। इन्होंने अपने भाई कल्याणजी के साथ मिलकर दो सौ से ज्यादा फिल्मों के गानों को संगीत दिया है।

***उधारी चुकाने के बदले सीख लिया संगीतः*** आनंदजी का संगीत से पुश्तैनी ताल्लुक था। उनके दादा और परदादा गुजरात के मशहूर लोक संगीतकार थे। एक खबर के मुताबिक एक संगीत शिक्षक वीरजी के पैसे नहीं चुका पा रहा था। इसके बदले उसने दोनों भाइयों आनंदजी-कल्याणजी को फ्री में संगीत की शिक्षा दी। बड़े होकर दोनों भाइयों ने 'कल्याणजी वीरजी एंड पार्टी' के नाम से ऑर्केस्ट्रा ग्रुप बनाया। ये ग्रुप देश के कई हिस्सों में संगीत शो का आयोजन करता था।

### इन फिल्मों को दिया संगीत

आनंदजी-कल्याणजी की जोड़ी ने जिन फिल्मों को संगीत दिया उनमें दूल्हा-दुल्हन, जब-जब फूल खिले , मदारी, छलिया, हिमालय की गोद में, हसीना मान जाएगी, उपकार, सफ़र, कोरा कागज़, डॉन, पूरब और पश्चिम , जॉनी मेरा नाम, महल, 'मुकद्दर का सिकंदर और कुर्बानी शामिल हैं।



### 250 फिल्मों के गानों को दिया संगीत

आनंदजी वीरजी ने अपने भाई कल्याणजी के साथ मिलकर 250 फिल्मों के गानों को संगीत दिया। इन फिल्मों में से 17 फिल्में गोल्डन जुबली थीं और 39 फिल्में सिल्वर जुबली थीं। इन दोनों की जोड़ी के बारे में कहा जाता है कि इन्होंने कई लोगों को मशहूर बनाया है। इनकी बदौलत ही गायक अल्का याग्निक, कुमार सानू, उदित नारायण और सुनिधि चौहान बड़े गायक बन सके।

***भाई के साथ मिलकर हासिल की कामयाबी :*** *आनंदजी वीरजी शाह की पैदाइश 2 मार्च 1933 को हुई थी। उनके पिता वीरजी शाह कमाने के लिए मुंबई गए और वहां उन्होंने किराना का कारोबार किया। यह हैरत की बात है कि आनंदजी अपने भाई कल्याणजी के साथ कल्याणजी-आनंदजी की जोड़ी बनाई थी। दोनों ने मिलकर बेहतरीन गानों को संगीत दिया और दुनिया को इन पर झूमने के लिए मजबूर किया।*

## पिछले साल भारत की तरफ से डॉक्यूमेंट्री 'टू किल ए टाइगर' हुई थी नॉमिनेट

# मदर इंडिया से लेकर आरआरआर तक ऑस्कर के लिए भेजी गईं ये फिल्में

***नई दिल्ली।*** *किसी भी फिल्म को ऑस्कर मिलना बड़ी बात होती है। हर निर्देशक चाहता है कि उसकी फिल्म को ऑस्कर मिले, लेकिन कई बार नॉमिनेट होने के बावजूद फिल्म को ऑस्कर अवार्ड नहीं मिल पाता है। इस बार ऑस्कर का 97वां साल है। इस साल ऑस्कर का कार्यक्रम 3 मार्च को आयोजित हो रहा है। इस बार भारत से एक फिल्म ऑस्कर के लिए नामांकित हुई है। पिछले साल कोई भी भारतीय फिल्म ऑस्कर नहीं जीत सकी थी। पिछले साल भारत की तरफ से एक डॉक्यूमेंट्री फीचर फिल्म 'टू किल ए टाइगर' नॉमिनेट हुई थी, लेकिन उसे अवॉर्ड नहीं मिल सका था।*

### भारत की तरफ से ऑस्कर के लिए भेजी गई पहली फिल्म

ऑस्कर अवॉर्ड जिसे अकादमी अवॉर्ड भी कहते हैं। इसे साल 1927 में शुरू किया गया। लेकिन, पहला अवॉर्ड 1929 में हुआ। 97 सालों के इतिहास में भारत की तरफ से 50 से ज्यादा फिल्में ऑस्कर अवॉर्ड के लिए भेजी गईं, लेकिन एक भी भारतीय फिल्म को ये अवॉर्ड नहीं मिल सका। भारत की



संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) की तरफ से ऑस्कर में पहली फिल्म 'मदर इंडिया' भेजी गई थी, लेकिन इसे भी ये अवॉर्ड नहीं मिल सका था।

### भारतीय फिल्म को नहीं मिला ऑस्कर अवॉर्ड

माना जाता है कि भारत की फिल्म 'गांधी' और 'स्लमडॉग मिलियनेयर' को ऑस्कर अवॉर्ड मिला। लेकिन, यह भारतीय फिल्में नहीं थीं। ये फिल्में भारत में शूट हुई थीं, लेकिन इनके निर्देशक विदेशी थे। 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के डायरेक्टर डैनी बॉयल थे। गांधी फिल्म के निर्देशक रिचर्ड एटनबरो थे। भारत की तरफ से भेजी गईं फिल्में 'मदर इंडिया', 'सलाम बॉम्बे' और 'लगान' ही ऐसी फिल्में हैं, जो ऑस्कर के फाइनल नॉमिनेशन तक पहुंच पाईं ,लेकिन इन फिल्मों को भी ऑस्कर अवॉर्ड नहीं मिल सका।

### 8 भारतीय कलाकारों को मिला ऑस्कर अवॉर्ड

भारत की तरफ से 13 कलाकार ऐसे रहे हैं, जिन्हें अब तक ऑस्कर में नॉमिनेशन मिला। इनमें से 8 भारतीय कलाकार ऐसे हैं, जिन्हें ऑस्कर अवॉड्र्स मिला है।

### भारत से कैसे चुनी जाती हैं फिल्में?

भारत की संस्था फिल्म फेडरेशन ऑफ इंडिया (एफएफआई) किसी भी फिल्म को ऑस्कर में भेजने के लिए सभी फिल्म एसोसिएशंस से एंट्री मंगवाती है। इसके बाद इन सभी फिल्मों को इस संस्था के सदस्य देखते हैं। फिर सितंबर में एफएफआई सितंबर में बताता है कि कौन सी फिल्म ऑस्कर में भेजी जाएगी। अपनी फिल्म को ऑस्कर में भेजने का दूसरा तरीका ये है कि कोई भी निर्देशक अपनी फिल्म अकेडमी को सीधे भेज सकता है। इसमें सरकार का कोई दखल नहीं होता है।

# विदर्भ तीसरी बार बना रणजी ट्रॉफी चैंपियन, खिताबी मुकाबला रहा ड्रॉ

पहली पारी में बढ़त के आधार पर विदर्भ ने जीता खिताब

दानिश मालेवार 226 रन बनाकर बने प्लेयर ऑफ द मैच



एजेंसी ⏭ नागपुर

विदर्भ ने रविवार को अपने घरेलू मैदान पर खेले गए फाइनल के पांचवें और अंतिम दिन केरल को पहली पारी की बढ़त के आधार पर हराकर तीसरा रणजी ट्रॉफी खिताब जीत लिया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया। विदर्भ ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीता है। इससे पहले 2017-18 और 2018-19 सत्र में लगातार दो खिताब जीते थे।

### विदर्भ सर्वश्रेष्ठ टीम

अक्षय वाडकर की कप्तानी और मुख्य कोच उस्मान गनी की अगुआई वाली टीम ने पूरे रणजी ट्रॉफी सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया। विदर्भ लीग चरण में सभी चार ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ टीम रही, जिसने सात मैच में से छह जीत के साथ 40 अंक हासिल किए।

### दानिश प्लेयर ऑफ द मैच

विदर्भ ने रविवार सुबह 249/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 126 रन जोड़े और 5 विकेट गंवा दिए। दानिश मालेवार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने विदर्भ के लिए पहली पारी में 153 और दूसरी में 73 रन बनाए। टीम के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने 135 रन बनाए। दर्शन नालकांडे ने नाबाद 51 रन की पारी खेली।

### 10 मैच में से 9 मैच जीते

विदर्भ ने इस सत्र में रणजी ट्रॉफी में खेले गए 10 मैच में से नौ में जीत हासिल की जो भारत की प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में टीम के प्रभुत्व को दर्शाता है।

### जीत के हीरो

**हर्ष दुबे : 69 विकेट, 476 रन**

22 वर्षीय बाएं हाथ के स्पिनर हर्ष दुबे ने रणजी ट्रॉफी के एक सत्र में 69 खिलाड़ियों को आउट करके सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया जो बिहार के आशुतोष अमन के 68 विकेट के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर रहा। दुबे ने 10 मैच में पांच अर्द्धशतकों के साथ 476 रन भी बनाए।



**यश राठौड़ : 5 शतक, 960 रन**

बाएं हाथ के बल्लेबाज यश राठौड़ ने 10 मैचों में पांच शतकों और तीन अर्द्धशतकों की मदद से 53.33 के औसत से 960 रन बनाकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया।




**करुण नायर : 5 शतक, 863 रन**

नायर ने सिर्फ विजय हजारे ट्रॉफी में पांच शतकों के साथ ही टीम का नेतृत्व नहीं किया बल्कि रणजी ट्रॉफी में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी रहे, उन्होंने नौ मैच में 53.93 के औसत से चार शतकों और दो अर्द्धशतकों की मदद से 863 रन बनाए।




**दानिश मालेवार : 783 रन**

21 वर्षीय दानिश मालेवार दो शतकों और छह अर्द्धशतकों की मदद से 52.20 के औसत से 783 रन बनाकर पांचवें स्थान पर रहे, उन्होंने फाइनल में 153 और 73 रन बनाए।



**अक्षय वाडकर 722 रन**

कप्तान अक्षय वाडकर भी पीछे नहीं रहे, वह 10 मैच में 45.12 के औसत से दो शतक और इतने ही अर्धशतकों के साथ 722 रन बनाकर सातवें स्थान पर रहे।



## खबर संक्षेप



### रित्विक चिली ओपन युगल चैंपियन

**नई दिल्ली।** भारत के रित्विक चौधरी बोल्लिपल्ली ने कोलंबिया के निकोलस बारियेंतोस के साथ मिलकर शीर्ष वरीयता प्राप्त अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्तेनी और मैक्सिमो गोंजालेस को सीधे सेटों में हराकर सैंटियागो में चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीता। रित्विक और निकोलस की गैर वरीय जोड़ी ने गोंजालेस और मोल्तेनी को एक घंटा चले फाइनल मुकाबले में 6-3, 6-2 से हराया। उन्होंने मैच में 11 ऐस लगाए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी एक ही लगा सके।

### दिल्ली एफसी ने 10 मैच के बाद चखा जीत का स्वाद

**माहिलपुर।** दिल्ली एफसी ने रविवार को यहां आई-लीग में डेम्पो



स्पोर्ट्स क्लब को 2-1 से हराकर 10 मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज की। मैच के सभी गोल पहले हाफ में हुए। दिल्ली की टीम के लिए समीर बिनॉन्ग (चौथे मिनट) और विक्टर कामहुका (20वें मिनट) ने गोल किए जबकि मार्कस जोसेफ (35वें मिनट) ने डेम्पो के लिए गोल किया। इस जीत के बावजूद दिल्ली तालिका में सबसे नीचे (17 मैचों में 13 अंक) है। दिल्ली एफसी ने बीते साल 19 दिसंबर को शिलांग लाजोंग एफसी के खिलाफ अपना पिछला मैच जीता था। इसके बाद टीम ने 10 मैच खेले और सिर्फ दो ड्रॉ करने में सफल रहा।

### कोचिन क्वींस ओवरआल नौकायन लीग चैंपियन



**हैदराबाद।** कोचिन क्वींस ने पहली अस्मिता नौकायन लीग में ओवरआल चैंपियन का खिताब जीत लिया है। केरल की टीम ने छह स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता। मेजबान हैदराबाद क्वींस चार स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीतकर दूसरे स्थान पर रही। अंडर 19 और अंडर 23 वर्ग में 20 स्पर्धाओं में आठ टीमें खिताब की दौड़ में थी। कोचिन क्वींस ने अंडर 23 वर्ग में पांच में से चार स्पर्धाएं जीती। वहीं हैदराबाद क्वींस ने अंडर 19 खिताब और पांच में से तीन स्पर्धाएं जीतीं। यह देश की पहली नौकायन लीग थी जिसमें टीमों के नाम शहरों के नाम पर थे।

# रोहित सेना के आगे न्यूजीलैंड ने भी घुटने टेक दिए, सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा भारत

## भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया

## अब, न्यूजीलैंड की भिड़ंत साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 मार्च को होगी

एजेंसी ⏭ दुबई

भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में न्यूजीलैंड को 44 रनों से हरा दिया। श्रेयस अय्यर (79) की अर्धशतकीय पारी के बाद वरुण चक्रवर्ती (42/5) की मिस्ट्री गेंदों के कमाल से भारत ने न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के आखिरी लीग मैच में हरा दिया है। मैच में पहले गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने भारत को 9 विकेट पर 249 रन पर रोक दिया था। न्यूजीलैंड की पूरी टीम 45.3 ओवर में सभी विकेट खोकर 205 रन बना सकी। ऐसा लग रहा था कि छोटा स्कोर है तो न्यूजीलैंड के बल्लेबाज आसानी से लक्ष्य हासिल कर लेंगे, लेकिन ऐसा हुआ नहीं। भारतीय गेंदबाजों ने कमाल की गेंदबाजी की और लगातार न्यूजीलैंड पर दबाव बनाए रखा। केन विलियमसन को छोड़ दिया जाए तो कोई भी कीवी बल्लेबाज मैदान पर भारतीय गेंदबाजों को झेल नहीं सका। अब भारतीय टीम 4 मार्च को ऑस्ट्रेलिया के साथ पहला सेमीफाइनल इसी दुबई स्टेडियम में खेलेगी, जबकि दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की भिड़ंत साउथ अफ्रीका के साथ 5 मार्च को है। आसान लक्ष्य का पीछा करने उतरी कीवी टीम की शुरुआत खराब रही। रचिन रविंद्र 6 रन बनाकर हार्दिक पंड्या की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद तो धड़ाधड़ विकेट गिरते रहे, जबकि केन विलियमसन चट्टान की तरह मैदान पर अड़े रहे। टी20 विश्व कप 2021 में इसी दुबई के मैदान पर खराब प्रदर्शन की वजह से भारतीय टीम से बाहर होने वाले वरुण चक्रवर्ती ने कमाल की गेंदबाजी की। उन्होंने पहला विकेट विल यंग (22) को क्लीन बोल्ड करते हुए लिया। इसके बाद तो विकेटों की झड़ी लगा दी।डेरिल मिचेल (17) को कुलदीप यादव ने LBW किया तो टॉम लाथम को रविंद्र जडेजा ने 14 रनों के स्कोर पर चलता किया। फील्डिंग से कोहराम मचाने वाले ग्लेन फिलिप्स को वरुण चक्रवर्ती की नाचती गेंद के आगे असहाय दिखे और 12 रन पर आउट हो गए। माइकल ब्रेसवेल 2 रन पर आउट हुए तो रही सही कसर केन विलियमसन के 81 रनों पर आउट होते ही पूरी हो गई। उन्होंने 120 गेंदों में 7 चौके जड़े, जबकि अक्षर पटेल की गेंद पर वह आउट हुए। इससे पहले हेनरी ने 8 ओवर में 42 रन देकर पांच विकेट लिए। उन्हें टीम के दूसरे गेंदबाजों अच्छा साथ मिला। न्यूजीलैंड के लिए काइल जैमीसन, विलियम ओ'राउरकी, कप्तान मिचेल सेंटनर और रचिन रविंद्र ने एक-एक विकेट लिए। भारत ने शुरुआती सात ओवर में 30 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन अय्यर ने 98 गेंद की पारी में चार चौके और दो छक्के की मदद से 79 रन की संयमित पारी खेलने के अलावा अक्षर पटेल (42) के साथ चौथे विकेट के लिए 136 गेंद में 98 रन की साझेदारी कर टीम को खराब शुरुआत से उबारा।

## वनडे : कोहली 300 मैच खेलने वाले दुनिया के 22वें क्रिकेटर



**300 वनडे खेलने वाले भारतीय**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| सचिन तेंदुलकर | 463 | 18426 |
| महेंद्र सिंह धोनी | 347 | 10599 |
| राहुल द्रविड़ | 340 | 10768 |
| मो. अजहरुद्दीन | 334 | 9378 |
| सौरव गांगुली | 308 | 11221 |
| युवराज सिंह | 301 | 8609 |
| विराट कोहली | 300* | 14085 |

### वनडे में शानदार है रिकॉर्ड

कोहली का वनडे प्रारूप में शानदार रिकॉर्ड है। उन्होंने इस प्रारूप में अब तक 51 शतक लगाए हैं जो दुनिया के किसी भी बल्लेबाजों द्वारा सर्वाधिक है। उन्होंने इस मामले में सचिन को पीछे छोड़ा था जिन्होंने अपने कॅरियर में 49 वनडे शतक लगाए थे। इस प्रारूप में न्यूनतम 5000 रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कोहली का औसत सभी से बेहतर है। कोहली का औसत 58.2 है। वहीं, कोहली ने आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में कुल 23 बार 50+ स्कोर बनाया है जो संयुक्त रूप से सर्वाधिक है। कोहली के नाम वनडे में सबसे तेज 8000, 9000, 10000, 11000, 12000, 13000 और 14000 रन पूरे करने का रिकॉर्ड है।

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंदा संयुक्त रूप से शीर्ष पर

एजेंसी ⏭ प्राग

ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए जर्मनी के विंसेंट केमेर को हराया और अब प्राग मास्टर्स शतरंज के चौथे दौर के बाद वह तीन अंक लेकर अरविंद चिदंबरम के साथ शीर्ष पर हैं। अरविंद ने अमेरिका के सैम शांकलैंड के साथ ड्रॉ खेला जबकि शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के वेइ यि ने स्थानीय खिलाड़ी डेविड नवारा को हराया।

नीदरलैंड के अनीश गिरि ने लगातार चौथा ड्रॉ खेला। उनकी बाजी तुर्किए के गुरेल एडिज के साथ बराबरी पर रही। चेक गणराज्य के ग्रैंडमास्टर एंगुयेन थाइ देइ वान ने वियतनाम के कुआंग लेइम ली से ड्रॉ खेला। शांकलैंड, केमेर, गिरि और ली संयुक्त तीसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा का सामना अगले दौर में अरविंद से होगा जिसमें वह



सफेद मोहरों से खेलेंगे। चैलेंजर वर्ग में दिव्या देशमुख ने चीन की मा कुन से ड्रॉ खेला और अब चार मुकाबलों के बाद उनके डेढ़ अंक हैं।

### ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदों का किया अभ्यास

**दुबई।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार दोपहर आईसीसी अकादमी में तीन घंटे का गहन अभ्यास सत्र आयोजित किया जिसमें उनका पूरा ध्यान स्पिन के खिलाफ अभ्यास पर लगा था। स्टीव स्मिथ और ट्रेविस हेड जैसे वरिष्ठ खिलाड़ियों ने जहां हल्का अभ्यास किया, वहीं युवा खिलाड़ियों ने पूरी ताकत लगाई।

### सेमीफाइनल की 4 टीमें एक ही शहर में मौजूद



**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में अपनी प्रतिद्वंद्वी की अनिश्चितता के कारण ग्रुप बी की शीर्ष दो टीमें ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका दुबई में मौजूद है। किसी वैश्विक टूर्नामेंट में ऐसा कम ही होता है कि अंतिम चार में पहुंचने वाली टीमों के लिए भविष्य की योजना पूरी तरह से साफ ना हो। ग्रुप ए से अंतिम चार में प्रवेश करने वाले भारत और न्यूजीलैंड को अगर इसमें शामिल कर लें तो वर्तमान में दुबई में सेमीफाइनल में जगह पक्की कर चुकी चारों टीमें है। ऑस्ट्रेलिया अंतिम चार में जगह पक्की करने के बाद शुक्रवार देर रात कराची से दुबई के लिए उड़ान भरी।

## युकी ने दुबई में जीता पहला एटीपी 500 युगल खिताब

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के युकी भांबरी ने पहला एटीपी 500 पुरुष युगल खिताब जीत लिया जब उन्होंने आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार एलेक्सेइ पोपिरिन के साथ दुनिया की 14वें नंबर की जोड़ी फिनलैंड के हारी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पाटेन को दुबई टेनिस चैंपियनशिप में हराया। पहला सेट हारने के बाद दोनों ने शानदार वापसी करते हुए शनिवार को 51 मिनट तक चला मुकाबला 3-6, 7-6, 10-8 से जीता। इस जीत के साथ भांबरी सोमवार को एटीपी रैंकिंग में कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ 40वीं रैंकिंग हासिल कर लेंगे।

भांबरी और पोपिरिन ने खिताबी



सफर में दुनिया की नंबर एक जोड़ी अल सल्वाडोर के मार्शेलो अरेवालो और क्रोएशिया के मेट पेविच को 4-6, 7-6, 10-3 से मात दी।

उन्होंने ब्रिटेन के जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल को 5-7, 7-6, 10-5 से मात दी। पुरुष एकल वर्ग में स्टेफानोस सिटसिपास ने कनाडा के फेलिक्स आगर एलियास्सिमे को हराकर खिताब जीता।

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल**

**" प्रेस विज्ञप्ति "**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन परिक्षेत्र सिवनी (सा.) के अंतर्गत पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण क्र. 37310/15 दिनांक 12/11/2021 मे जप्त वाहन बजाज बाक्सर मोटर साईकल क्र. MP 28 F 9961 की राजसात की कार्यवाही उपवनमंडल कार्यालय सिवनी (सा.) मे प्रचलित है।

अत: प्रकरण में जप्त वाहन से हितबद्ध व्यक्ति / संस्था यह " प्रेस विज्ञप्ति" के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष / लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा एकतरफा कार्यवाही कर उक्त वाहन को शासन के पक्ष में राजसात कर दिया जावेगा।

वनमण्डल अधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

G-23698/24

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल**

**" प्रेस विज्ञप्ति "**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन परिक्षेत्र सिवनी (सा.) के अंतर्गत पंजीबद्ध वन अपराध प्रकरण क्र. 37365/05 दिनांक 09/12/2019 मे जप्त वाहन मोटर साईकिल सुजूकी मैक्स 100 क्र. MP 22 F 1445 चेचिस नंबर 9102F850112 की राजसात की कार्यवाही उपवनमंडल कार्यालय सिवनी (सा.) मे प्रचलित है।

अत: प्रकरण में जप्त वाहन से हितबद्ध व्यक्ति / संस्था यह " प्रेस विज्ञप्ति" के प्रकाशन के 10 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष / लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा एकतरफा कार्यवाही कर उक्त वाहन को शासन के पक्ष में राजसात कर दिया जावेगा।

वनमण्डल अधिकारी
दक्षिण सिवनी (सा.) वनमण्डल

G-23689/24

**कार्यालय वनमंडलाधिकारी, वनमंडल उमरिया (म. प्र.)**

फोन -कार्यालय-222217 ई-मेल - dfotumaria@mp.gov.in

क्रमांक/ई-टेण्डर/2025/479

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

उमरिया, दिनांक : 27.02.2025

वनमंडल उमरिया में नवीन वनमण्डलाधिकारी अधिकारी आवास निर्माण कार्य की स्वीकृति होने के फलस्वरूप पुराना वनमण्डल आवास का डिसमेन्टल कार्य हेतु अधिकृत GST पंजीकृत व्यक्तियों / एवं फर्मो से परसेन्टेज दर पर ऑनलाईन निविदाए https://mptenders.gov.in पोर्टल के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम एवं उसका विवरण | मात्रा | कार्य स्थल | डिसमेन्टल हेतु अनुमानित राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पुराना वनमण्डल आवास का डिसमेन्टल कार्य | 01 | उमरिया | 2,00,000 |

इस निविदा के लिए दिनांक 02.03.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे है। टेण्डर की विस्तृत जानकारी mptenders.gov.in के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 09.03.2025 दोपहर 04:00 बजे तक रहेगी। तथा निविदा खोलने की तिथि 10.03.2025 को शाम 05:00 बजे रहेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं शर्ते वन विभाग की वेबसाईट www.mpforest.gov.in के निविदा सेक्शन पर देखी जा सकती है।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

sd/-
वनमंडलाधिकारी
सामान्य, वनमंडल उमरिया (म.प्र.)

G-23678/24

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय मेकेनिकल खण्ड, छुई खदान, बेदीनगर जबलपुर**

Phone- 0761-2977337 E-mail-eephmecjb@yahoo.com

निविदा क्र. 56/2024-25/तक./का.यं./लो.स्वा.यां. मैके. खण्ड जबलपुर — दिनांक 28.02.2025

**ऑन लाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑन लाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Sealed) लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मैकेनिकल खण्ड जबलपुर के अन्तर्गत सिवनी जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किये जा रहे नलकूप खनन कार्य के पूर्व रजिस्टीविटी सर्वेक्षण के कार्य कराने के लिये विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से अपेण्डिक्स 2.10 पर प्रतिशत दर में ऑन-लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | निविदा क्रमांक | पोर्टल निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपए (रुपए में) | प्रतिभूति राशि (रुपए में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपए में) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की प्रारंभिक तिथि | निविदा प्रपत्र विक्रय करने की अंतिम दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 56/ 2024-25 | 2024_ PHED_ 405867_1 | सिवनी जिले के ग्रामों में नलकूप खनन के पूर्व रेजिस्टीविटी सर्वेक्षण कार्य मात्रा 300 प्वाईट | 531000.00 | 10620/- | 2000/- | 28.02.2025 | 14.03.2025 |

नोट:- निविदा में किसी भी प्रकार का कोई संशोधन होता है तो केवल ऑन-लाईन किया जायेगा, निविदा की शर्ते एवं अन्य विवरण का अवलोकन http://www.mptender.gov.in वेबसाईट में किया जा सकता है।

दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

(एस.के. कुरील)
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वा. यां. मैकेनिकल खण्ड जबलपुर

G-23705/24

**कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म. प्र.)**

Ph. No. 07642-250760, Fax. No. 07642-251266 E-mail: fdknp.mdl@mp.gov.in

टेण्डर क्रमांक/मा.चि./797 — **संक्षिप्त निविदा विज्ञप्ति** — मण्डला/दिनांक 28/02/2005

कान्हा टाईगर रिजर्व, मण्डला (म. प्र.) के उपयोग हेतु कैमरा ट्रैप क्रय हेतु विभिन्न फर्मो से ई-टेण्डरिंग पद्धति के अंतर्गत ऑनलाईन निविदा www.mptenders.gov.in पर Key data and time अनुसार आमंत्रित की जाती है-

White Flash Camera Trap Technical Specification/Parameters: -

| Camera trap : Technical Specification / Parameters | Minimum Requirement |
|---|---|
| Resolutions | 10 Mega Pixel or above |
| Flash Technology | Day – Color / Night – Color white flash |
| Time Lapse | Yes |
| Trigger Speed | 0.3 Sec Or Less |
| Delay/ Recovery time | $\leq$ 1 - 2 Sec |
| Flash illumination range | $\geq$ 35 feet |
| Power supply | AA battery (Alkaline Batteries) |
| Memory Card | SD Card should support 32 GB |
| Stamping on Photo | Date, time and camera ID |
| Detection | Centre weighted |
| Protective cover | All weather rasistant |
| Dpi | Min. 72 |
| Warranty | 1 Year |

टीप – उपरोक्त सामग्री की मात्रा किसी भी सीमा तक कम या अधिक हो सकती है।

| | |
|---|---|
| Publishing of Tender Date & Time निविदा प्रकाशन की तिथि | 28.02.2025 TIME 10.00 AM |
| Purchase of Tender Start Date & Time निविदा क्रय की प्रारंभिक तिथि | 28.02.2025 TIME 10.00 AM |
| Bid Submission Start Date & time निविदादर प्रस्तुत करने की प्रारंभिक तिथि | 28.02.2025 TIME 16.30 AM |
| Bid Submission closing Date & time निविदादर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 13.03.2025 TIME 14.00 PM |
| Bid Opening Date निविदा खोलने का दिनांक | 17.03.2025 TIME 10.30 PM |

G-23696/24 — उप संचालक, कान्हा टाईगर रिजर्व,मण्डला (म. प्र.)

## पारा चढ़ा परवान, गर्मी कर रही हैरान

# पश्चिमी हवाओं की शह पर पारा इतराया

**जबलपुर।** दक्षिण पश्चिमी हवाओं से और बादलों की शहर पर पारा जमकर इतरा रहा है, बीते दो दिनों से बादलों की आवाजाही के बीच तेज धूप भी गर्माहट घोल रही है. मार्च के शुरुआती दौर में ही, गर्मी ने अपने तीखे तेवर दिखाना शुरू कर दिया है. पारा 33 डिग्री से ऊपर चला गया है। मौसम का मुकाबला करने के लिये टोपी, गमछा, चश्मा का उपयोग करते लोग नजर आने लगे हैं। मौसम विभाग की मानें तो जबलपुर में मौसम शुष्क रहेगा और पारा परवान चढ़ेगा और गर्मी हैरान करेगी। मौसम कार्यालय के मुताबिक पिछले २४ घंटों के दौरान नगर का अधिकतम



तापमान 33.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। जबकि न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया। हवा मे नमी प्रातःकाल 75 प्रतिशत और सायंकाल 29 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह ६ बजकर 29 मिनिट पर हुआ, जबकि सूर्यास्त सायं ६ बजकर 14 मिनिट पर हुआ। प्रदेश में सर्वाधिक 35.7 डिग्री तापमान सिंरौली में दर्ज किया गया। दक्षिण पश्चिमी हवायें 4-5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। मौसम कार्यालय के अनुसार अगले २४ घंटों के दौरान जिले का मौसम आमतौर पर शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की गई है। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 24.5डिग्री और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था।

# डेयरी साइंस कालेज के मुद्दे पर शासन की चुप्पी

लखन फिर उठाएंगे विधानसभा में मुद्दा, मंच को दिया आश्वासन

**जबलपुर।** जबलपुर में स्थापित होने वाले डेयरी साइंस कालेज को उज्जैन शिफ्ट किये जाने को लेकर भारी विरोध के बावजूद सरकार की ओर से अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, न हो कोई स्पष्ट घोषणा की गई. अतः विधानसभा में यह मुद्दा जोर शोर से उठाया जाएगा. यह आश्वासन विधायक लखन घनघोरिया ने नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच को दिया है।

घनघोरिया ने बताया कि उनके द्वारा उठाये गये प्रश्न पर लिखित जवाब दिया गया है कि इस कालेज के जबलपुर से शिफ्टिं पर सक्षम स्वीकृति नहीं है. लेकिन यह स्वीकृति नहीं दी गई है , ऐसी कोई स्पष्ट घोषणा सरकार ने नहीं की है. इससे जाहिर होता है की सरकार कालेज को उज्जैन ले जाना चाहती है. जो बार्दशत नहीं किया जाएगा। मंच के अध्यक्ष पीजी नाजपांडे ने विधायक घनघोरिया से बताया कि पुशपालन मंत्री लखन पटेल ने 26 नवम्बर 2024 को जबलपुर में घोषणा की थी कि जबलपुर से नहीं जाएगा, डेयरी कालेज जो महज घोषणा रह गई है।

नाजपांडे ने कहा वेटरनरी यूनिर्विसटी ने डेयरी कालेज को इमलिया में 14 हेक्टेयर जमीन देने का निर्णय लिया था. तदानुसार 65 करोड़ की डीपी आर बनाकर उसे शासन को अनुमोदन के लिये भेजी गई है. आज 5 साल बाद भी डीपीआर शासन के पास लंबित पड़ी है. मंच के वेद प्रकाश अधौलिया, सुशीला कनौजिया, डीआर लखेरा, माया कुशवाहा, राम मिलन शर्मा आदि मौजूद थे।

## गत दिवस नहाते समय गहरे पानी में डूबा, सुबह से फिर रेस्क्यू शुरु

# बांध के पानी में लापता बेंगलुरू के युवक की तलाश जारी

*प्रयागराज महाकुंभ से लौटते समय बेंगलोर निवासी युवक जो गत दिवस बगरी बांध में नहाते समय अचानक गहरे पानी में डूब गया था. दूसरे दिन भी बांध में उसकी तलाश की जाती रही। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका है. दूसरे दिन सुबह से रेस्क्यू आपरेशन चलाया गया. देर शाम यह समाचार लिखे जाने तक उसका कोई पता नहीं चल सका है।*

हरिभूमि जबलपुर।

बरगी बांध में प्रवाह कम करने के लिये प्रशासन ने पावर हाउस से पानी को रोका. इस बीच घटना की खबर मिलने के बाद युवक के परिजन रात में हैदराबाद से जबलपुर पहुंच गये.



फाइल फोटो

बरगी नगर पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनसुार हैदराबाद के कामाख्या निवासी 24 वर्षीय अभिषेक आरासनाल अपने दोस्त और मामा सिध्दा लिंगैय्या के साथ प्रयागराज महाकुंभ नहाने गये थे. कुंभ नहाने के बाद लौटते समय जबलपुर के बरगी नगर पुल घाट के पास स्नान करने के लिये रुके. अभिषेक अभिषेक एक बार तैरकर वापस आ गया था. दोबारा तैरने के लिये कूंदा था जो वापस नही आया ,30-40 फिट दूर तक दिखाई दिया था. लेकिन वापस नहीं आया फिर सभी लोग घाट के चारों तरफ तलाश किया नहीं मिला। जिसके बाद घटना की सूचना बरगी नगर पुलिस थाने को मिली. बरगी पुलिस ने स्थानीय एवं होमगार्ड के गोताखोरों को बुलाकर पानी में उसकी तलाशी शुरु कराई. शनिवार को पूरे दिन रेस्क्यू आपरेशन चला, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका. रविवार को पुनः सुबह से रेस्क्यू आपरेशन प्रारंभ किया गया. लेकिन देर शाम तक अभिषेक का पानी में कोई सुराग नहीं मिला. लापता युवक को तलाशने के लिये जबलपुर जिला मुख्यालय के होमगार्ड और स्थानीय गोताखोरों की टीम लगातार रेस्क्यू आपरेशन में लगी हुई है।

# दूसरा निकाह करने वाले पति को पहली पत्नी को भरण-पोषण राशि देने आदेश


**जबलपुर।** कुटुम्ब न्यायालय के तृतीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश मुकेश कुमार दांगी की अदालत ने दूसरा निकाह करने वाले पति को पहली पत्नी के हक में भरण-पोषण राशि प्रदान करने का राहतकारी आदेश पारित किया है। यह राशि प्रत्येक माह की 10 तारीख तक देनी होगी। पत्नी चाहे तो ई-बैंकिंग वाले राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता खुलवाकर उसका विवरण दे सकती है।



जिसके बाद उसके बचत खाते में भरण-पोषण राशि पहुंचने लगेगी। आवेदिका सोनबाई की गली, शास्त्री वार्ड, आंगनबाड़ी केंद्र के बाजू से निवास करने वाली तनवीर बानो की ओर से दलील दी गई कि आवेदिका का निकाह ग्राम मैली, कटंगी रोड, सिवनी निवासी आसिफ अली के साथ 25 फरवरी, 2018 को मुस्लिम रीति-रिवाज से हुआ था। वर्तमान में आवेदिका अपने दो बच्चों के साथ पृथक निवास कर रही है। उसका आरोप है कि निकाह के बाद मेंहदी का रंग उतरने के पूर्व ही ससुराल पक्ष द्वारा मेहमानों के समक्ष आपत्तिजनक व्यवहार किया जाने लगा था। दैनिक घरेलू कार्य कराए जाने लगे थे। पति अपनी बहन के साथ मिलकर अपमानजनक व्यवहार करता था। ससुर का रवैया भी अनुचित था। पति से शिकायत पर उलटी फटकार लगा दी जाती थी। बीमार मां तक से मिलने जाने नहीं दिया गया। इसीलिए वह अलग रहने लगी है। उसे भरण-पोषण राशि की दरकार है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि पति ने दूसरा निकाह कर लिया है। उसके फर्नीचर के दो शोरूम हैं, जिनके काफी आमदनी होती है। अदालत ने तर्क से सहमत होकर आवेदिका के हक में राहतकारी आदेश पारित कर दिया।

# कक्षा पांचवी के पेपर समाप्त आठवीं के दो विषय शेष

**जबलपुर।** जिले में कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षा सुचारू रूप से 63 जन शिक्षा केंद्र अंतर्गत 311 परीक्षा केंद्रों में आयोजित की जा रही हैं । शनिवार को परीक्षा के तृतीय दिवस कक्षा पांचवी में द्वितीय भाषा हिंदी, अंग्रेजी के साथ पेपर समाप्त हो गये. वहीं कक्षा आठवीं में सामाजिक विज्ञान विषय का परीक्षा हुई. कक्षा पांचवी की परीक्षाएं समाप्त हो चुकी हैं, वहीं आठवीं के अभी दो विषय बाकी हैं।



### डीपीसी, बीएसी ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

जिला शिक्षा केंद्र से डीपीसी योगेश शर्मा एवं बीएसी अजय रजक ने शहरी क्षेत्र के नचिकेता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र, सेंट थॉमस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परीक्षा केंद्र एवं जबलपुर ग्रामीण विकासखंड अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सालीवाड़ा परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्रों में केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सभी अपने निर्धारित दायित्व निर्वहन कर रहे हैं. परीक्षा दिवस को ही जनशिक्षा केंद्रों से परीक्षा केंद्र तक प्रश्न पत्रों का वितरण किया जा है. जिले की समस्त 2522 शासकीय, मान्यता प्राप्त आशासकीय और अनुदान प्राप्त शालाओं के साथ डाईस कोड प्राप्त मदरसों में अध्यनरत 95% बच्चों ने पांचवी एवं आठवीं की वार्षिक परीक्षा दी। परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जिला शिक्षा केंद्र समस्त स्टाफ द्वारा, जनशिक्षा केंद्र प्रभारी, बीआरसी, बीएसी, जनशिक्षकों के द्वारा सतत मॉनिटरिंग की गई।

# किसानों के खेतों में राखड़ की डंपिंग रोकने क्या उपाय किए

## कलेक्टर सिवनी से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

**जबलपुर।** हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विवेक अग्रवाल की एकलपीठ ने झाबुआ पावर प्लांट से निकलने वाला फ्लाइएश (राखड़) को किसानों के खेतों में डंपिंग से रोकने को लेकर अब तक किए गए उपायों के सिलसिले में कलेक्टर सिवनी को जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर को सोमवार तक इस संबंध में शपथ पत्र पेश करने कहा गया है। कोर्ट ने साफ किया है कि यदि शपथ पत्र पेश नहीं हुआ तो कलेक्टर अगली सुनवाई के दौरान उपस्थित रहें। शनिवार को मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सिवनी निवासी रामगोपाल अर्जुले की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने दलील दी कि जिले के घंसौर ब्लाक के रजगढ़ी गांव में झाबुआ पावर लिमिटेड के बरेला स्थित प्लांट से निकलने वाली फ्लाईएश (राखड़) अवैध रूप से बगैर किसी अनुमति के उसके खेतों में डाली जा रही है। सैकड़ों ट्रक राखड़ डालने से उसके खेत की उर्वरक क्षमता समाप्त हो जाती है। पिछले साल भी उसके खेतों में जबरदस्ती फ्लाई एश डाली गई थी। याचिकाकर्ता ने इस बात की शिकायत तहसीलदार, कलेक्टर और एसपी से की। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। लिहाजा, याचिका दायर की गई। शनिवार को सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से जवाब पेश कर बताया गया कि किसानों के साथ एग्रीमेंट के जरिए ही राखड़ खेतों में डाली जा रही है। इस कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाते हुए पूछा कि नोटराइज एग्रीमेंट का क्या मूल्य है। जिला प्रशासन के अधिकारियों ने बड़े लोगों को फायदा पहुंचाने नए-नए तरीके निकाले हैं।

## कला और संस्कृति का उद्देश्य खत्म

# अवैध पार्किंग की चपेट में कल्चरल स्ट्रीट

**जबलपुर।** भंवरताल गार्डन के पास स्थित कल्चरल स्ट्रीट, जिसे पहले कलाकारों और शहर के कलाप्रेमियों के लिए एक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया गया था, अब अराजकता और अव्यवस्था का शिकार बन चुका है। यह सड़क, जो पहले कला और संस्कृति के आयोजन स्थल के रूप में बनाई गई थी, अब वाहनों की पार्किंग और अन्य असामाजिक गतिविधियों के लिए उपयोग की जा रही है। कल्चरल स्ट्रीट पर पहले के दिनों में कला कार्यक्रम और सांस्कृतिक आयोजनों का आयोजन होता था, लेकिन समय के साथ और प्रशासन की अनदेखी के कारण यह स्थल पार्किंग की एक अघोषित जगह बन गई है। यह सड़क अब न केवल शहरवासियों के लिए पार्किंग का स्थान बन चुकी है, बल्कि यहां नशेडी और आवारा लोग भी अक्सर इकट्ठा होते हैं।

### साल भर अवैध पार्किंग

साल में एकाध बार ही यहां कुछ सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं, लेकिन बाकी समय यह जगह किसी कार्यकर्म के बजाय पार्किंग के लिए इस्तेमाल होती है। स्थानीय व्यवसायिक प्रतिष्ठान, जैसे अस्पताल, होटल और दुकानदार, अपनी गाड़ियों को यहां पार्क कराते हैं, और इसके लिए उनके सुरक्षा गार्ड और पार्किंग कर्मचारी भी तैनात होते हैं।

### निगम की अनदेखी

कल्चरल स्ट्रीट पर पहले दोनों छोर पर बेरिकेटिंग की गई थी ताकि वाहन यहां प्रवेश न कर सकें। लेकिन नगर निगम की अनदेखी के चलते संग्रहालय छोर का बेरिकेट पूरी तरह से हटा दिया गया है। इसके बाद से आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों के ग्राहक अपनी गाड़ियाँ यहां पार्क करा रहे हैं।

### श्वानों के लिए बना सार्वजनिक पार्क

कल्चरल स्ट्रीट अब केवल पार्किंग का स्थान ही नहीं, बल्कि श्वानों के घूमने की जगह भी बन गई है। इस सड़क पर लोग अपने कुत्तों को घुमाने के लिए लाते हैं, और इसके साथ ही श्वानों की गंदगी भी यहाँ फैलने लगी है। यही नहीं, विरोध करने पर कई बार कुत्ता प्रेमी आपस में लड़ने तक लगते हैं, जिससे और भी अव्यवस्था पैदा होती है।

### प्रशासन की उदासीनता

कल्चरल स्ट्रीट पर हालात के बिगड़ने के लिए प्रशासन की उदासीनता जिम्मेदार है। इस महत्वपूर्ण स्थल की सही तरीके से देखरेख की जानी चाहिए थी, ताकि यह कला और संस्कृति के लिए एक समर्पित स्थान बना रहे। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही ने इसे एक अव्यवस्थापूर्ण और असुरक्षित स्थान में बदल दिया है।

# बिना जांच दर्ज न किए जाएं मामले

वन रक्षकों के मामले में पीएचक्यू ने लिखा स्मरण पत्र

**जबलपुर।** वन रक्षकों, वनपालों और उप वन क्षेत्रपालों के विरूद्ध कर्तव्य करते हुए अग्नि या दुर्घटनाएं होने पर भी पुलिस थानों में मामले दर्ज किए जाते हैं जबकि दण्ड प्रक्रिया की संहिता की धारा 197 के तहत वन अधिकारियो/कर्मचारियों को अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान आग्नेय शस्त्र का उपयोग/चालन करते है तो ऐसे मामलो में जिला दण्डाधिकारी द्वारा आदेशित दण्डाधिकारी जांच में यह सिद्ध नहीं हो जाता कि आग्नेय शस्त्र का उपयोग / चालन अनावश्यक अकारण अथवा आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग करने के लिये किया गया है उसके पश्चात ही पुलिस थानों मे मामले दर्ज किए जाने चाहिए। वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा बल प्रयोग एवं शस्त्र प्रयोग के संबंधी नियमों के संबंध में,अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अपराध अनुसंधान पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त अधिकारियों को स्मरण पत्र जारी किया गया है। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी जिला प्रभारी रजनीश विश्वकर्मा,जिला संयोजक अटल उपाध्याय, सह संयोजक देवेंद्र पचौरी,नरेश शुक्ला, रजनीश पांडे, संजीव उर्मलिया ने बिना जांच के वन अधिकारियों और कर्मचारियों पर मामला दर्ज ना किए जाने की मांग की है,इससे अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कर्तव्य का निर्वहन वन विभाग और शासन हित में कर सकेंगे।



## कार की टक्कर से दो श्रमिक घायल

केंट थानांतर्गत वायएमसीए मोड़ सदर के पास एक बेलगाम कार के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। घटना में मोटर साइकिल सवारों को गिरने से चोटें आई है। केंट पुलिस ने बताया कि अन्ना मोहल्ला सदर निवासी अजय स्वामी कल अपने साथी लकी नायडू के साथ मोटरसाइकिल से सामान खरीदने डीमार्ट बिलहरी जा रहा था। वायएमसीए मोड़ सदर के पास बलेनो कार क्रमांक एमपी 20 सीएल 6614 के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी। घटना में गिरने से अजय स्वामी व लकी नायडू को हाथ, पैर, कंधे व शरीर में चोटें आई है।

## पिस्टल कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक युवक को पिस्टल और कारतूस के साथ पकड़ा है। गोरखपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुप्तेश्वर कैलाशपुरी निवासी 20 वर्षीय युवक नीरज तिवारी पिस्टल लेकर घूम रहा था. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने महर्षी ग्राउंड के पास उसे धर दबोचा. तलाशी लेने पर उसकी जेब से एक पिस्टल और कारतूस मिला. आरोपी के खिलाफ पुलिस ने 25-27 आर्मस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# क्राइम वॉच

## दो पिस्टल समेत पकड़ाया बदमाश

लार्डगंज पुलिस व क्राईम ब्राच की टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर जीरो डिग्री में दबिश देकर एक संदिग्ध तलाशी के दौरान दो पिस्टल व कारतूस जब्त किये हैं। आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को अभिरक्षा में लिया गया। लार्डगंज थाना प्रभारी हरिकिशन आठनेरे ने बताया कि कल



क्राईम ब्रांच को मुखबिर को सूचना मिली थी कि पन्नी मोहल्ला सुहागी आधारताल निवासी अंकित सोनी जीरो डिग्री में किसी बात को अंजाम देने की फिराक में खड़ा है जिसके पास दो देशी पिस्टल रखे हैं। सूचना पर क्राईम ब्रांच व लार्डगंज पुलिसकी टीम ने मुखबिर के बताये स्थान परदबिश देकर हुलिये के आधार पर आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम अंकित सोनी बताया। आरोपी के हाथ में रखे बैग के तलाशी के दौरान दो देशी पिस्टल व दो कारतूस जब्त किये गये।

## धारदार हथियार से महिला की गला रेत कर हत्या

**जबलपुर।** सिहोरा थानान्तर्गत ग्राम पौड़ा में कल घर में अकेली महिला की किसी ने धारदार हथियार से गला रेंत कर हत्या कर दी। अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि ग्राम पौड़ा में घर में एक महिला के मृत मिलने की सूचना पर पहुंची पुलिस को मृतिका के पुत्र महेन्द्र कोल ने बताया कि वह ईंट भट्टे में मजदूरी का काम करता है कल सुबह उसे मोहल्ले के राजा कोल ने आकर जानकारी दी कि उसे शीला बाई ने भेजकर बताने कहा है कि बुट्टन बाई कमरे के अंदर लेटी है जो हिल नही रही है शायद बीमार है। महेन्द्र कोल ने घर जाकर देखा कि घर का दरवाजा अंदर से नहीं लगा था उसने दरवाजाखोलकर देखा कि उसकी मां जमीन पर कंबल पर पड़ी थी जिसके गले में धारदार हथियार की चोट थी। मां बुट्टन बाई की मौत हो गई थी। किसी अज्ञात ने घर में घुसकर गला रेंत कर बुट्टन बाई की हत्या कर दी थी।

## दो तस्करों से सवा किलो गांजा जब्त

जबलपुर। सिविल लाईन व बरगी पुलिस ने कल मुखबिर की सूचना पर अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दो लोगों की तलाशी के दौरान एक किलो 260 ग्राम गांजा जब्त किया है। दोनों प्रकरणों में 8120 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। सिविल लाईन थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंडाते ने बताया कि कल क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि रेल कोच माल गोदाम के पास एक युवक थैले में मादक पदार्थ गांजा लिए खड़ा है। सिविल लाईन, पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी जितेन्द्र ठाकुर को पकड़ कर उसके थैले की तलाशी के दौरान 900 ग्राम ग्राम गांजा जब्त किया। इसी तरह पनागर पुलिस ने ग्राम निरंदपुर में इंद्रजीत राजपूत को उसके घर के सामने गांजा के साथ पकड़ा।

## शराब पीने के लिये रुपये नहीं देने पर युवक को राड मारी

घमापुर थाना अंतर्गत गोपाल होटल के पास गत दिवस दो बदमाशों ने एक युवक से शराब पीने के लिये 5 सौ रुपये की मांग की. मना करने पर उसके साथ जमकर



मारपीट कर दी। घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदमारी तलैया निवासी 27 वर्षीय जागेश कुचबंधिया, गत दिवस हेयर कटिंग सेलून दुकान पहुंचा. तभी उसे अमित कुचबंधिया एवं सुमित कुचबंधिया दुकान के बाहर मिले एवं उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो अमित ने लोहे की राड से हमलाकर सिर में चोट पहुॅचा दी सुमित ने हाथ मुक्कों से मारपीट की जिससे वह सड़क पर गिर गया मारपीट कर दोनों जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। घायल को इलाज के लिये विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# साइबर सुरक्षा पर उद्यमियों का प्रशिक्षण 5 से

**जबलपुर।** उद्यमिता विकास केन्द्र (सेडमैप) द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र में कार्यरत उद्यमियों, प्रबंधकों तथा सुपरवाईजर स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए 5 से 10 मार्च तक कटंगा स्थित सेडमैप कार्यलय में साइबर सुरक्षा पर पांच दिवसीय प्रबंधन विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला समन्वयक उद्यमिता विकास केन्द्र अजय तिवारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा प्रायोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक प्रशिक्षणार्थी प्रथम आओ, प्रथम पाओ के तहत 3 मार्च तक कार्यालयीन समय में पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को साइबर सुरक्षा, स्मार्ट सुरक्षा, $फाइलों और उपकरणों की सुरक्षा, डेटा की सुरक्षा, व्यवसाय ईमेल, साइबर बीमा पॉलिसी, सॉफ्टवेयर सुरक्षा एवं रिमोट एक्सेस डिवाइस की सुरक्षा आदि विषयों पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति मोबाइल नंबर 7000233930 पर अथवा उद्यमिता विकास केंद्र के उद्योग भवन, कटंगा स्थित कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240